वैश्विक संवाद

13.3

पत्रिका

International Sociological Association

अनेक भाषाओं में एक वर्ष में 3 अंक

समाजशास्त्र पर बातचीत रीटा सेगाटो के साथ

ब्रेनो ब्रिंगेल
विटोरिया गोंजालेज

आईएसए पर स्पॉटलाइट

मार्गरेट आर्चर
मिशेल विविओर्का
माइकल बुरावश्चय
मार्गरेट अब्राहम
साड़ी हनफी
जेफ्री प्लेयर्स
मार्टिन एल्ब्रो

विवेचनात्मक सिद्धांत के अनुसार विश्व (और इसके विपरीत)

स्टीफन लेसेनिच
गुरमिंदर के. भाम्बरा
मैनुएला बोटका
पेट्रीसिया सिपोलिटि रोड्रिग्ज
ब्रुना डे ला टोरे डे सी. लीमा
एस्टेबन टोरेस

वि–कार्बनीकरण और हरित उपनिवेशवाद

ब्रेनो ब्रिंगेल
मैरिस्टेला स्वम्पा
हमजा हामोचेन
निम्मो बस्सी
दक्षिण–दक्षिण घोषणापत्र

सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

कथ्या अरुजो

खुला अनुभाग

> भय की राजनीति और सत्तावादी राजनीतिक कल्पना
> नवउदारवादी पूंजीवाद के प्रतिरोध के रूप में जल संघर्ष

GD
अंक 13 / क्रमांक 3 / दिसम्बर 2023
https://globaldialogue.isa-sociology.org/

> सम्पादकीय

यह अंक प्रसिद्ध नारीवादी शिक्षाविद और कार्यकर्ता रीटा सेगाटो के एक साक्षात्कार से शुरू होता है। बातचीत के दौरान, हम लिंग, हिंसा और उपनिवेशवाद के मुद्दों पर उनके योगदान और इन मुद्दों पर दक्षिण–दक्षिण और वैश्विक संवाद को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा करते हैं। यहां सेगाटो ने सत्तावादी असफलताओं और नारीवादी आंदोलन के अंतर्राष्ट्रीयकरण जैसे समसामयिक विषयों पर भी अपने विचार साझा किए हैं।

इस अंक में आईएसए को एक विशेष अनुभाग प्राप्त होता है। हमारे संघ के कार्यकारी सचिव के रूप में 40 वर्षों के गहन समर्पण के बाद, इजाबेला बार्लिंस्का सेवानिवृत्त हो गईं। पांच पूर्व अध्यक्ष (मार्गरेट आर्चर, मिशेल विविओर्का, माइकल बुरावॉय, मार्गरेट अब्राहम और साड़ी हनाफी) और वर्तमान अध्यक्ष (ज्यॉफरी प्लीयर्स), जो हाल ही में मेलबर्न में चुने गए हैं, उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि देते हैं। हम XX वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ सोशियोलॉजी में प्लेयर्स का अधिष्ठापन भाषण भी प्रकाशित कर रहे हैं। दुखद बात मार्गरेट आर्चर की मृत्यु है, जिन्हें मार्टिन एल्ब्रो व्यक्तिगत श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

इस संस्थागत अनुभाग के अतिरिक्त, इस अंक में दो संगोष्ठियाँ शामिल हैं। पहला, स्टीफन लेसेनिच और एस्टाबन टोरेस द्वारा नियोजित है जिसका शीर्षक 'विवेचनात्मक सिद्धांत के अनुसार दुनिया (और इसके विपरीत)' है, इंस्टीट्यूट फर सोजियालफोर्सचुंग (आईएफएस) की शताब्दी के आलोक में विवेचनात्मक सिद्धांत पर वर्तमान बैलेंस शीट में शामिल होता है। इस अनुभाग के छह लेखों में, फ्रैंकफर्ट स्कूल के विवेचनात्मक सिद्धांत पर सवाल उठाये गए हैं और विभिन्न लेंसों के माध्यम से पुनः समीक्षा की गई है: वैश्विक समाजशास्त्र के साथ (स्टीफन लेसेनिच), उत्तर औपनिवेशिक (गुरमिंदर के. भाम्बरा) और विऔपनिवेशिक आलोचना (पेट्रीसिया सिपोलिटी रोड्रिग्ज), परिधीय अनुभव के वैश्वीकरण से इसका संबंध (मैनुएला बोटका), संस्कृति उद्योग (ब्रुना डे ला टोरे डी कार्वाल्हो लीमा), और विश्व समाज के नए विवेचनात्मक सिद्धांतों के लिए एक आह्वान (एस्टेबन टोरेस)।

सामाजिक घटनाओं के वैश्विक अंतर्संबंध को समझने की इसी भावना में, 'विकार्बनीकरण और हरित उपनिवेशवाद' खंड वैश्विक दक्षिण में प्राधान्य पारिस्थितिक परिवर्तनों के प्रभावों का पता लगाता है। ब्रिंगेल और स्वैम्पा का सुझाव है कि हम जलवायु और पर्यावरण प्रश्न पर केंद्रित एक नई पूंजीवादी सर्वसम्मति के उद्भव का सामना कर रहे हैं, जिसे वे "विकार्बनीकरण सर्वसम्मति" के रूप में परिभाषित करते हैं। बदले में, कार्यकर्ता हमजा हामोचेन और निम्मो बस्सी क्रमशः उत्तरी अफ्रीकी और पैन–अफ्रीकी परिप्रेक्ष्य से वैश्विक उत्तर के ऊर्जा संक्रमण से उत्पन्न हरित उपनिवेशवाद का विश्लेषण करते हैं। अंत में, हम अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया के कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और संगठनों द्वारा लिखित न्यायसंगत और लोकप्रिय इकोसोशल संक्रमण के लिए दक्षिण–दक्षिण घोषणापत्र प्रकाशित करते हैं।

'सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य' खंड में, चिली के समाजशास्त्री कैथ्या अरुजो ने सत्ता (और सत्तावाद) के सिद्धांत पर पुनर्विचार करने का आह्वान किया है। क्लासिक मॉडलों की समीक्षा करने के बाद वे कई सामाजिक परिवर्तनों को प्रस्तुत करती हैं जिन्होंने उन्हें पुराना बना दिया है। अरुजो हमें अन्योन्यक्रियात्मक और संबंधपरक दृष्टिकोण के आधार पर सत्ता पर पुनर्विचार करने के संभावित तरीके भी प्रदान करती हैं।

अरुजो से प्रभावित होकर, खुले अनुभाग के पहले आलेख में लारा सार्टोरियो चर्चा करती हैं कि भय की राजनीति कैसे व्यक्तिपरकता को जन्म देती है और एक सत्तावादी राजनीतिक कल्पना को जन्म देती है। अंत में, मैडेलाइन मूर ने अपनी पुस्तक *वाटर स्ट्रगलस एस रेजिस्टेंस टू निओलिबरल कैपिटलिज्म* के कुछ मुख्य निष्कर्षों को प्रस्तुत किया है, जिसमें सामाजिक प्रजनन के सिद्धांत को जल की राजनीति के साथ रचनात्मक रूप से जोड़ा गया है।

ग्लोबल डायलॉग की नई संपादकीय टीम के रूप में हम पहला वर्ष दर्शकों, संस्कृतियों, स्थानों और बौद्धिक परंपराओं के बीच पुल बनाने की संभावना से उत्साहित होकर समाप्त कर रहे हैं। अगले वर्ष और भी बहुत कुछ आने वाला है। इस बीच, मुझे आशा है कि आप इस अंक का आनंद लेंगे और अपनी भाषा में इसे प्रसारित करने में हमारी मदद करेंगे।■

ब्रेनो ब्रिंगेल, *ग्लोबल डायलॉग* के संपादक

> वैश्विक संवाद **जी.डी. वेबसाइट** पर अनेक भाषाओं में देखा जा सकता है।

> प्रस्तुतियाँ <**globaldialogue.isa@gmail.com**> पर भेजी जा सकती हैं।

International Sociological Association

GLOBAL DIALOGUE

> संपादक मण्डल

संपादक : ब्रेनो ब्रिंगेले

सह–सम्पादक : विटोरिया गोंजालेज, कैरोलिना वेस्टेना

सहयोगी सम्पादक : क्रिस्टोफर इवांस

प्रबंधन संपादक : लोला बुसुतिल, अगस्त बागा

सलाहकार : माइकल बुरावे, ब्रगिट औलेनबैकर, क्लाउस डोरे

परामर्श संपादक :
साडी हनाफी, ज्योफी प्लीयर्स, फिलोमिन गुतिरेज, एलोइजा मार्टिन, सावाको शिराहेस, इजाबेला बरलिंस्का, तोबा बेन्सकी, चिह–जुए जेचेन, जेन फ्रित्ज, कोइची हासेगावा, हिरोशी इशिदा, ग्रेस खुनो, एलिसन लोकोन्तो, सुसन मेकडेनियल, एलिना ओइनास, लोरा ओसो कैसास, बंडाना पुर्कायस्था, रोह्डा रेडॉक, मौनीर सैदानी, आयसे सकतांबर, सेली स्कालोन, नाजानीन शाहरोकनी।

क्षेत्रीय संपादक

अरब दुनिया : *(लेबनान)* साड़ी हनाफी, *(ट्यूनिशिया)* फातिमा रधौनी।

अर्जेन्टीना : मैगडालेना लेमस, जुआन परसिआ, दांते मार्चिसिओ।

बांग्लादेश: हबीबुल खोंड़कर, खैरुल चौधरी, मोहम्मद जसीम उद्दीन, बिजॉय कृष्णा बनिक, अब्दुर रशीद, अबू इब्राहिम हुदा, मोहम्मद जहीरुल इस्लाम, सरकार सोहेल राणा, इशरत जहां आईमून, हेलाल उद्दीन, यास्मीन सुल्ताना, सालेह अल मामुन, एकरामुल कबीर राणा, फरहीन एक्टर भुइयां, खदीजा खातून, आयशा सिद्दीकी हुमैरा, आरिफुर रहमान, इस्तियाक नूर मुहित, मो. शाहीन अख्तर, सुरैया अख्तर, आलमगीर कबीर, तस्लीमा नसरीन।

ब्राजील : फेबरिसियो मासिएल, एंड्रेजा गली, जोसे गुइराडो नेटो, जेसिका मज़िजनी मेंडिस, रिकार्डो नोब्रेगा।

फ्राँस/स्पेन : लोला बुसुतिल

भारत : रश्मि जैन, मनीष यादव, राकेश राणा।

ईरान : रेयहाने जावदी, नियाश डॉलाती, एलहम शुशत्राजिदे।

कजाकिस्तान : अइगुल जाबिरोवा, बायन स्मागमबेट, आदिल रोदियोनोव, अल्माश त्लेसपयेवा, कुआनिश टेल, अलमागुल मुस्सीना, अकनूर ईमानकुल, मदियार एल्दियारोव।

पोलैंड: अलेक्सांद्रा बिएरनका, अन्ना टर्नर, जोआना बेडनारेक, मार्टा बास्ज़िस्का, उर्स्ज़ुला जारेका।

रोमानिया : रालुका पोपेस्कु, राइसा–गैब्रिएला जम्फिरेस्कु, जॉर्ज बोनिया, मरीना दफ्ता, कोस्टिन–लुसियन घोरघे, एलिन इओनेस्कु, करीना लुडु, डायना मोगा, रमोना–कैटालिना नास्तासे, बियांका पिनोइउ–मिहिला।

रूस : ऐलेना ज्द्रावोम्यस्लोवा, डारिया खोलोडोवा।

ताईवान : वान–जू ली, ताओ–युंग लु, यी–शुओ हुआंग, चिएन–यिंग–चिएन, मार्क यी–वेई लाई, यूं–जो लिन, यूं–हुआन चाउ।

तुर्की : गुल कोरबासियोग्लू, इरमक एवरेन।

***रीटा सेगाटो**, अर्जेंटीना से लेखिका, मानवविज्ञानी और नारीवादी कार्यकर्ता, वैश्विक दक्षिण से संवाद को बढ़ाते हुए उपनिवेशवाद और अन्य महत्वपूर्ण सवालों पर विचार करती हैं।*



*इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल रिसर्च और इस प्रकार तथाकथित फ्रैंकफर्ट स्कूल की 100वीं वर्षगांठ ऐतिहासिक रूप से और वर्तमान में **विवेचनात्मक सिद्धांत** पर विचार करने का एक अवसर है।*

***सामाजिक–पारिस्थितिक परिवर्तन**, जो अब राजनीतिक और आर्थिक एजेंडे का केंद्रीय फोकस है, को ऊर्जा परिवर्तन तक सीमित नहीं किया जा सकता है और न ही वैश्विक उत्तर और दक्षिण के बीच असमानताओं को बढ़ाया जा सकता है।*

कवर चित्र : श्रेय: आईस्टॉक, 2021

GD

सेज प्रकाशन की उदार ग्रांट से
वैश्विक संवाद का प्रकाशन संभव है।

> इस अंक में

संपादकीय **2**

> समाजशास्त्र पर बातचीत

अल्पसंख्यकीकरण और उपनिवेशवाद से परे
रीटा सेगाटो के साथ एक साक्षात्कार
ब्रेनो ब्रिंगेल, ब्राजील/स्पेन और विटोरिया गोंजालेज, ब्राजील द्वारा **5**

> आईएसए पर स्पॉटलाइट

इजाबेला बार्लिंस्का को धन्यवाद : आईएसए को समर्पित 40 वर्ष
मार्गरेट आर्चर, यूनाइटेड किंगडम, मिशेल विविओर्का, फ्रांस, माइकल बुरावॉय और मार्गरेट अब्राहम, यूएसए, साड़ी हनाफी, लेबनान, और जेफ्री प्लेयर्स, बेल्जियम द्वारा **8**

वैश्विक समाजशास्त्र : चार रूपांतरण
जेफ्री प्लेयर्स, बेल्जियम द्वारा **12**

मार्गरेट आर्चर को व्यक्तिगत श्रद्धांजलि (1943–2023)
मार्टिन एल्ब्रो, यूनाइटेड किंगडम द्वारा **15**

> विवेचनात्मक सिद्धांत के अनुसार विश्व (और इसके विपरीत)

विवेचनात्मक सिद्धांत और वैश्विक समाजशास्त्र : एक दूसरे के सहयोगी?
स्टीफन लेसेनिच, जर्मनी द्वारा **16**

कपास उपनिवेशवाद : पूंजीवाद पर उत्तर–औपनिवेशिक पुनर्विचार
गुरमिंदर के. भाम्बरा, यूनाइटेड किंगडम द्वारा **18**

द पेरीफेरी राइट्स बैक :
औपनिवेशिक अनुभवों को बयां करना
मैनुएला बोटका, जर्मनी द्वारा **20**

समग्रता और बाह्यता :
एक विऔपनिवेशी विवेचनात्मक सिद्धांत के लिए श्रेणियाँ
पेट्रीसिया सिपोलिटि रोड्रिग्ज, यूएसए द्वारा **22**

संस्कृति उद्योग :
विवेचनात्मक सिद्धांत के लिए एक (राजनीतिक) अनुसंधान एजेंडा
ब्रुना डेला टोरेडे कार्वाल्हो लीमा, जर्मनी/ब्राजील द्वारा **24**

विश्व समाज के एक विवेचनात्मक सिद्धांत की ओर
एस्टेबन टोरेस, अर्जेंटीना द्वारा **26**

> वि–कार्बनीकरण और हरित उपनिवेशवाद

वि–कार्बनीकरण सर्वसम्मति
ब्रेनो ब्रिंगेल, ब्राजील/स्पेन और मैरिस्टेला स्वम्पा, अर्जेंटीना द्वारा **28**

उत्तरी अफ्रीका में ऊर्जा संक्रमण :
उपनिवेशवाद, बेदखली, और स्वामित्वहरण
हमजा हामोचेन, यूनाइटेड किंगडम/अल्जीरिया द्वारा **32**

अफ्रीका में हरित और आंतरिक उपनिवेशवाद
नणिम्मो बस्से, नाइजीरिया द्वारा **35**

पारिस्थितिक सामाजिक ऊर्जा संक्रमण के लिए दक्षिण–दक्षिण घोषणापत्र
सामूहिक आलेख **38**

> सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य

सत्ता (और सत्तावाद) के नवीनीकृत सिद्धांत की आवश्यकता
कैथ्या अरुजो, चिली द्वारा **41**

> खुला अनुभाग

भय की राजनीति और सत्तावादी राजनीतिक कल्पना
लारा सार्टोरियो गोंकाल्वेस, ब्राजील द्वारा **44**

नवउदारवादी पूंजीवाद के प्रतिरोध के रूप में जल संघर्ष
मैडेलाइन मूर, जर्मनी द्वारा **47**

" वैश्विक समाजशास्त्र न तो पश्चिमी विश्वविद्यालयों और खुद को सार्वभौमिक के रूप में प्रस्तुत करने वाले सिद्धांतों में निहित रह सकता है और न ही यह पश्चिमी समाजशास्त्र की आलोचना तक सीमित रह सकता है।"

जेफ्री प्लेयर्स

अल्पसंख्यकीकरण और उपनिवेशवाद से परे

रीटा सेगाटो के साथ एक साक्षात्कार

श्रेयः बेटो मोंटेइरो/सेकॉम UnB

रीटा सेगाटो, अर्जेंटीना की एक प्रतिष्ठित लेखिका, मानवविज्ञानी और नारीवादी कार्यकर्ता हैं। वे ब्रासीलिया विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर हैं और हाल के वर्षों में, उन्हें यूरोपीय और लैटिन अमेरिकी विश्वविद्यालयों से लगभग एक दर्जन मानद उपाधियों के साथ–साथ कई अन्य महत्वपूर्ण पुरस्कार से नवाजा गया है। इनमें उनके जीवन भर के काम के लिए कैरेबियन एसोसिएशन ऑफ फिलॉसफी से फ्रांत्ज फैनन पुरस्कार (2021) और ब्यूनस आयर्स सिटी काउंसिल (2019) द्वारा आउटस्टैंडिंग पर्सनॅलिटी ऑफ कल्चर सम्मिलित हैं। वे सेन मार्टिन नेशनल यूनिवर्सिटी में 'अनसेटलिंग थॉट' में रीटा सेगाटो चेयर पर और मैड्रिड में रीना सोफिया संग्रहालय में एनीबल क्विजानो चेयर पर भी पदासीन हैं। एक विशिष्ट अकादमिक करियर और नस्ल, जातीयता, राष्ट्र, धर्म, लिंग, हिंसा और उपनिवेशवाद जैसे विविध विषयों पर अभिनव शोध के अलावा, उन्होंने मानवाधिकारों में व्यापक योगदान दिया है। उदाहरण के लिए, वे ब्राजील में उच्च शिक्षा में अश्वेत और स्वदेशी छात्रों के प्रवेश की गारंटी देने वाले पहले सकारात्मक कार्रवाई प्रस्ताव (1999) की सह–लेखिका हैं। उन्होंने लैटिन अमेरिका में विभिन्न महिला संगठनों के साथ भी सहयोग किया है और नारीवादी आंदोलन के लिए एक आवश्यक संदर्भ हैं। उन्होंने हाल ही में अंग्रेजी में अपनी पुस्तक *द क्रिटिक ऑफ कॉलोनियलिटी* (रूटलेज, 2022) प्रकाशित की है। सितंबर 2023 में, *ग्लोबल डायलॉग* के संपादकों **ब्रेनो ब्रिंगेल** और **विटोरिया गोंजालेज** द्वारा रीटा सेगाटो का साक्षात्कार लिया गया था।

ब्रेनो ब्रिंगेल और विटोरिया गोंजालेज (बीबी और वीजी): आपके काम और प्रक्षेपवक्र को हाल ही में दुनिया भर में मान्यता मिली है। हालांकि, हमारा मानना है कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों– जैसे अफ्रीका, एशिया, मध्य पूर्व और यहां तक कि यूरोप के कुछ क्षेत्रों से भी से हमारे पाठकों को– अभी भी आपके काम को जानने की जरूरत है। आपको क्या लगता है कि आपके शोध योगदान, मुख्य रूप से लैटिन अमेरिका पर केंद्रित, अन्य संदर्भों में प्रासंगिक हो सकते हैं? वे ग्लोबल साउथ से वैश्विक संवाद को बढ़ावा देने में कैसे मदद कर सकते हैं?

रीटा सेगाटो (आरएस): दुर्भाग्य से, विचारों के प्रसार का प्रमुख केंद्र अभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका है। क्या खरीदने लायक है, उसकी फिल्टरिंग संयुक्त राज्य अमेरिका से होकर गुजरती है, और यही वह फिल्टर है जिसकी तरफ अधिकांश शैक्षणिक समुदाय यह देखने के लिए प्रेरित होते हैं कि क्या पढ़ने लायक है, जिसे ग्लोबल नॉर्थ की स्क्रीनिंग द्वारा समर्थन दिया गया है। मान्यता वहीं से आती है, और यह साम्राज्य के कार्यों में से एक है। दूसरी ओर, ग्लोबल साउथ के ब्रह्मांड में विचारों के प्रसार के बारे में बहुत कुछ बात करने के लिए है। मैं क्षमा चाहती हूँ, लेकिन मैं स्वयं द्वारा थोपे गए इस एकांतवास में विश्वास नहीं करती हूँ। मैं पेरू की उत्कृष्ट विचारक अनिबल क्विजानो के करीब महसूस करती हूं, जिन्होंने दक्षिण से होने के बावजूद कहा था कि, उन्होंने दक्षिण के बारे में या दक्षिण के बारे में नहीं, बल्कि दुनिया के लिए सोचा। दुनिया की अभी भी औपनिवेशिक संरचना इहलौकिक समस्या है, और इस पर विचार करने और इसे खत्म करने की आवश्यकता भी एक वैश्विक मुद्दा है।

अपने काम के संबंध में, मेरी इच्छा है कि मैं समसामयिक मुद्दों पर शोध करने वाले और अधिक अफ्रीकी, कैरीबियाई, एशियाई और मध्य पूर्वी लेखकों से मिल सकूं। आभासीता ने इस संभावना को खोल दिया है, हालांकि इसका पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है, और यह अभी भी सह–उपस्थिति और सह–निगमता के समान नहीं है। लेकिन यदि हम पूर्व उपनिवेशों के लेखकों के साथ संवाद के बारे में सोचते भी हैं, हमें हमेशा इस विचार के प्रति निष्ठा के साथ ऐसा करना चाहिए कि हम दुनिया के लिए सोच रहे हैं और लिख रहे हैं। सोचने का यह तरीका अल्पसंख्यकीकरण की मेरी आलोचना की तरफ झुकता है, अर्थात, ज्ञानमीमांसीय रूप से पूर्ण विषयों: महिलाएं, भारतीय, अश्वेत, विसम्मत कामुकताएं, आदि के संबंध में बहुसंस्कृतिवाद द्वारा 'अन्य' को दिए जाने वाले स्थान की आलोचना।

मेरे दृष्टिकोण में, अपने आप से सोचने वाले, अपने बारे में और अपने लिए सोचने वाले राजनीतिक अल्पसंख्यकों के इस स्थान को नष्ट किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, में यदि हम महिलाओं को हमारे प्रस्तावों को आगे बढ़ाने को मिलता हैं, यदि पितृसत्ता टूटती और विघटित होती है, तो सभी शक्तियों के बुर्ज अस्थिर हो जायेंगे, और हमारे विरोधी इसे अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे द्वारा प्रतिनिधित खतरे के कारण वे अपने अनुयायियों को सड़कों पर यह बकवास दोहराते हुए उतारते हैं, जैसे कि उदाहरण के लिए, 'लिंग'– जो कि एक विश्लेषणात्मक श्रेणी है, जो पुरुष और महिला क्या हैं के बारे में सांस्कृतिक निर्माणों की विविधता का हिसाब रखने में सक्षम है– एक 'विचारधारा' है। नारों को बिना समझे दोहराने के लिए सड़कों पर उतारे गए ये अनुयायी इस बात का अकाट्य प्रमाण हैं कि कम आंके गए 'अल्पसंख्यक' किस हद तक दुनिया की असमान संरचना को छूते हैं और खतरे में डालते हैं।

बीबी और वीजी: यदि हम आपकी किसी कृति का, जिसे अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित नहीं किया गया है, अपनी पत्रिका की सभी भाषाओं में अनुवाद कर सकें, तो आप किसकी अनुशंसा करेंगीं? क्यों?

आरएस: यह एक जटिल प्रश्न है। लेखक कभी नहीं जानता है। इसका उत्तर देना भी मुश्किल है क्योंकि मेरे कुछ ग्रन्थ पितृसत्तात्मक उत्पीड़न को संबोधित करते हैं, अन्य जातीय उत्पीड़न को संबोधित करते हैं, और अन्य 'राजनीति' और 'राजनीतिक' के बीच अंतर को संबोधित करते हैं (दूसरे शब्दों में, राज्य द्वारा राजनीति पर कब्जा करने की मेरी आलोचना)। कई निबंध अब साक्षात्कार और यहां तक कि वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में हैं। उम्र के प्रभाव और स्वयं को बोधगम्य बनाने की जल्दी के कारण मैं बोलती अधिक हूँ और लिखती कम हूं।

लेकिन 2022 में पुर्तगाली में और 2023 में स्पेनिश में प्रकाशित मेरी उपांत्य पुस्तक में, जिसका शीर्षक है *सेनस डे उम पेंसामेंटो इंकमोडो (सीन्स ऑफ अनसेटलिंग थॉट्स)* है, दो कम–ज्ञात पाठ हैं: ''रिफंडर ओ फेमिनिज्मो पैरा रिफंडर ए पोलिटिका'' (रिइन्वेंटिंग फेमिनिज्म टू रिइंवेंट पॉलिटिक्स) और ''नेन्हुम पैट्रिआर्का फारा ए रिवोलुकाओ: रिफ्लेक्सोस सोब्रे एज रिलाकोस एंटर कॅपिटलिस्मो ई'' पैट्रिआर्कादो" (कोई पितृसत्ता–मालिक क्रांति नहीं करेगा: पूंजीवाद और पितृसत्ता के मध्य संबंधों पर विचार)। चिली में स्पेनिश में प्रकाशित मेरी नवीनतम पुस्तक, जिसका शीर्षक *एक्सपुएस्टा ए ला मुएर्टे* (एक्सपोज्ड टू डेथ) है, की अत्यंत संक्षिप्त प्रस्तावना ''एनकोमियो डे ला इन्सर्टिडुम्ब्रे'' (इन प्रेज ऑफ अनसर्टेनिटी) मेरे विचारों को बहुत अच्छी तरह से व्यक्त करती है।

एक और पुस्तक है जो मेरी सोच में होने वाले बाद के सभी विकासों की नींव है। हालांकि हाल की किताबों का अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच, इतालवी, पुर्तगाली और यहां तक कि ग्रीक में अनुवाद किया गया है या किया जा रहा है, लेकिन इस किताब का ऐसा भाग्य नहीं रहा है: *लास एस्ट्रक्चरस एलिमेंटेल्स डे ला वायलेंसिया* (द एलीमेंट्री स्ट्रक्चर्स ऑफ वायलेंस)। इस कृति में, एक प्रमुख अध्याय, और उस हर चीज के लिए एक मंच जिसके बारे में मैंने तब से सोचा है, वह है ''ला एस्ट्रुटुरा डी गेनेरो वाई एल मैंडाटो डी वायोलासिओन'' (जेंडर स्ट्रक्चर एंड द मैंडेट ऑफ रेप)।

बहुसंस्कृतिवाद, जिसका मैंने ऊपर उल्लेख किया है, की आलोचना के लिए, मैंने अपनी पुस्तक *ला नेसिओन वाई सस ओट्रोस* (द नेशन एंड इट्स अदर्स) के कई अध्याय समर्पित किए हैं, विशेष रूप से, अध्याय ''आइडेंटिडेड्स पोलिटिकास/अल्टरिडेड्स हिस्टोरिकास: उमा क्रिटिका ए लास सर्टिजास डेल प्लुरलिस्मो ग्लोबल'' (पोलिटिकल आईडेन्टिटीज/हिस्टोरिकल अल्टेरीटीएस: अ क्रिटिक ऑफ द सरटैनटीस ऑफ ग्लोबल प्लुरलिस्म)। इसके अलावा, उस पुस्तक में, मैं 'राजनीति' की आलोचना की आशा करती हूं, जो अपनेपन के अपने नेटवर्क में बंद होने के अर्थ में केन्द्राभिमुख, आंतरिक, अंतर्विवाही और क्षेत्रीय होती जा रही है।

बीबी और वीजी: आपका काम लिंग और उपनिवेशवाद के मध्य संबंधों का पता लगाने के कई रोमांचक तरीके प्रस्तुत करता है। हम आज इस ऐतिहासिक तंत्र का सामना कैसे कर सकते हैं जो दुनिया भर में चरम दक्षिणपंथ के उदय के संदर्भ में नस्लवाद, उपनिवेशवाद और लिंग हिंसा को मजबूत करता है ?

आरएस: एक तरफ, नस्लवाद, पितृसत्ता और उपनिवेशवाद के मध्य संबंधों पर एक चिंतन है। यह एक थीम है। दूसरी ओर, समकालीन

>>

फासीवाद के गठन का प्रश्न है। यदि हम कह सकते हैं कि कोई रणनीति है, विधि है, और संरचना है जो हमें फासीवादी विचारधाराओं की पहचान करने की अनुमति देती है, वह यह है कि वे सभी दुश्मन के रूप में किसी 'अन्य' के निर्माण पर आधारित हैं। फासीवाद को एक दुश्मन, एक बलि का बकरा चाहिए ताकि शक्ति और इसके सहयोगी एकजुटता प्राप्त कर सकें। तब फासीवाद, 'अन्य' के निर्माण से फलता है। इसलिए, नस्लीय लोग, महिलाएं और यौन असंतुष्ट इस 'अन्य' की भूमिका के लिए आसान शिकार हैं। उपनिवेशवाद की स्थायी संरचना की विरासत, जिसे 'समाज का सार्वभौमिक दुश्मन' कहा जाता है, उपलब्ध कराती है। यह केवल एक छोटा कदम है क्योंकि खतरे के रूप में 'अन्य' का निर्माण पहले से ही उपलब्ध था। महिलाओं, नस्लीय और यौन असंतुष्टों का कुटिल चित्रण करना बहुत आसान है, दुनिया के औपनिवेशिक संरचना के प्रभाव के कारण वे पहले से ही संदेह के घेरे में हैं।

बीबी और वीजी: कई वर्षों तक, हम यह सोचते थे कि वे देश जिन्होंने ऐतिहासिक स्मृति प्रक्रियाओं और अधिक मजबूत मानवाधिकार संघर्षों का अनुभव किया है, जैसे कि अर्जेंटीना, वे सत्तावादी असफलताओं से अधिक सुरक्षित रहेंगे। हालाँकि, आज, हम अर्जेंटीना में एक संशोधनवादी और कुछ मामलों में, नकारवादी लहर भी देखते हैं। आप इस प्रक्रिया का आकलन कैसे करती हैं ?

आरएस: हमें अर्जेंटीना के राजनीतिक जीवन के कम से कम दो पहलुओं पर विचार करना चाहिए। पहला, प्रशासित के संबंध में राज्य प्रबंधन की बाह्यताः हमारे राज्यों की स्थापना के बाद से स्थापित क्षेत्र और लोगों का जीवन (जिसे मैं 'मूल त्रुटि' कहती हूं, जो प्रबंधन की स्थायी औपनिवेशिकता स्थापित करेगी)। दूसरा, 'राजनीति' (राज्य संरचना से प्राप्त कार्यों और निर्णयों, राजनीतिक दलों, संगठित सामाजिक आंदोलनों और उनके भीतर के गुटों और हितों, उनकी केन्द्राभिमुख, आंत्रिक, अंतर्विवाही कार्रवाई प्रमुख अभिविन्यास के साथ रूप से) और 'राजनीतिक' (जो समाज में परिसंचरण करता है, सामाजिक संबंधों को बुनता है और इतिहास को प्रभावी ढंग से निर्देशित करता है) के बीच की दूरी।

अर्जेंटीना के मामले में, दक्षिणपंथी वोट समाज के उन क्षेत्रों की पहल पर राजनीति को 'रीबूट' करने का अनुरोध प्रतीत होता है जो इतिहास में अग्रणी भूमिका के उचित वितरण की मांग कर रहे हैं। वे राजनीति को पार्टी भंवरजाल के भीतर कैद के रूप में देखते हैं जो लोगों द्वारा निवासित स्थानों को त्यागते हैं और स्वयं को झुण्ड को निर्देशित करने वाले के रूप में देखते हैं। नायकत्व की यह कमी (या इसका स्वामित्वहरण) विशेष रूप से युवा लोगों में नाराजगी पैदा करती है। इसके साथ जुड़ा यह सन्देश भी है कि ''यदि आप मीडिया की सुर्खियों में नहीं रहते तो आपके पास पूर्ण जीवन नहीं है, आपका कोई अस्तित्व नहीं है''। लोकतंत्र और आधुनिकता के वादें, जो कभी पूरे नहीं हुए हैं, के कारण आक्रोश का संचय होता है।

लोकतंत्र कभी भी लोकतंत्र की एक परियोजना बनना बंद नहीं हुआ है। और आधुनिकता– समान अवसर, भाईचारा, स्वतंत्रता– भी कभी भी आधुनिकता की परियोजना बनना बंद नहीं हुई हैं। आक्रोश और निराशा के इस संचय का उपयोग लोकतंत्र विरोधी राजनीतिक ताकतों द्वारा किया जाता है। इसलिए अर्जेंटीना के नरसंहार के लिए जिम्मेदार लोगों को दंड और पीड़ितों को न्याय दिलाकर हासिल किए गए 'अधिकार' आज अत्यंत दूर लगते हैं। आज वे एक ऐसे राज्य का उत्तरदायित्व हैं जिसके प्रबंधन और विन्यास में बहुसंख्यक भाग नहीं लेते हैं और इसका हिस्सा महसूस नहीं करते हैं।

बीबी और वीजी: क्या आजकल कोई नारीवादी इंटरनेशनल है?

आरएस: 'अंतर्राष्ट्रीय' का विचार निस्संदेह दिलचस्प है क्योंकि यह एक ऐसे नारीवाद की ओर इशारा करता है जो सीमाओं को पार करता है, संचार करता है और साझा मांगों, नारों और बैनर के माध्यम से एकजुट होता है। हालाँकि, यह उसी जोखिम को उठाता है जैसा कि मैंने पहले 'राजनीतिक' और 'राजनीति' के बीच की दूरी का उल्लेख किया था। 'विशेषज्ञों' और रूढ़िवादियों के शिखर सम्मेलन बनाए जा सकते हैं जो आंदोलन को नुकसान पहुंचाएंगे। नारीवादी आंदोलन बहुलवादी होगा, या नहीं होगा। यह आधिपत्य रहित दुनिया के लिए होगा, या नहीं होगा। यूरोकेंद्रित नारीवाद के ऊर्ध्वाधरवाद के कारण, अफ्रीका में आंदोलन के कुछ हिस्सों ने नारीवाद के बजाय 'औरतवाद' के बारे में बात करना चुना है। विशिष्ट लिंग संरचनाओं, संघर्षों और इन मतभेदों से आकार लेने वाले उद्देश्यों के साथ, ये बहुत अलग इतिहास हैं। जब हम हमारी आम समस्याओं को विभेदों के चश्मे से देखते हैं, एक अंतर्राष्ट्रीय नारीवाद अपनी सही मंजिल तक पहुँच सकता है।

बीबी और वीजी: एक आखिरी त्वरित प्रश्नः आपके अनुसार वैश्विक समाजशास्त्र को हमारे महाद्वीप के मूल निवासियों से क्या सीखना चाहिए?

आरएस: वास्तव में एक ऐसी राजनीति जो सत्ताधारी शिखर सम्मेलनों और उनके लोगों के बीच इस दूरी को उत्पन्न नहीं करती है और एक ऐसी राजनीति जो प्रकृति और निकायों का वस्तुकरण किये बिना एक बहुल दुनिया की कल्पना कर सकती है। ''बंधनों की एक ऐतिहासिक परियोजना'' जो जीवित है और ''चीजों की ऐतिहासिक परियोजना'' के साथ तनाव में है, ये खुशी क्या है की बहुत अलग कल्पनाएँ हैं। ■

> इजाबेला बार्लिंस्का को धन्यवाद

आईएसए को समर्पित 40 वर्ष

आईएसए पूर्व–अध्यक्ष **मार्गरेट आर्चर, मिशेल विविओर्का, माइकल बुरावॉय, मार्गरेट अब्राहम**, और **साड़ी हनाफी**, और वर्तमान आईएसए अध्यक्ष **जेफ्री प्लेयर्स** द्वारा

2023 में मेलबर्न में XX ISA वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ सोशियोलॉजी में उनके लिए आयोजित सम्मान समारोह में इजाबेला बार्लिंस्का का भाषण

मार्गरेट आर्चर (आईएसए अध्यक्ष 1986–1990)* द्वारा

40 साल पहले, पोलैंड में बैठक कर रही इंटरनेशनल सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन (आईएसए) की कार्यकारी समिति की भी मुलाकात इजाबेला से पहली बार तब हुई थी, जब वे हमारे स्वागत के लिए गिरती बर्फ के बीच गरिमामय तरीके से खड़ी थीं। मैग्डेलेना सोकोलोव्स्का की भतीजी के रूप में, मैंने यह माना कि यह शोध छात्रा होने के कारण सिर्फ स्थानीय व्यवस्थाओं में मदद कर रही थी। कोई कितना गलत हो सकता है? यह वर्जिनिया वूल्फ पर उनकी थीसिस से मात्र एक सप्ताह हटना नहीं था बल्कि आईएसए के लिए चार दशक कार्य करने का एक परिचय था। हमारी तुरंत ही दोस्ती हो गयी, आखिरकार, मेरे स्कूल ने मुझे अंग्रेजी साहित्य में डिग्री के लिए तैयार किया था, लेकिन मुझे कई वर्षों तक आश्चर्य होता रहा कि क्या हमने उसे खानाबदोश आईएसए के लिए पोलैंड छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करके सही किया था।

टॉम बोटोमोर, जो आईएसए अध्यक्ष बनने के पहले एक समय में स्वयं कार्यकारी सचिव थे, एक ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें इस बारे में कोई परेशानी नहीं थी और जिन्होंने ब्रुसेल्स में सचिवालय स्थापित होने के समय में ही इजाबेला की प्रशासनिक और संगठनात्मक प्रतिभा को बहुत पहले ही पहचान लिया था। वे उनके आजीवन समर्थक और मित्र बन गए। उस समय वे ऐसे दुर्लभ पुरुष थे जिन्होंने महिला होने और पेशेवर रूप से सक्षम होने के बीच कोई विरोधाभास नहीं देखा। हम दोनों उनके इस 'ज्ञानोदय' के लाभार्थी थे! ब्रुसेल्स टिकने वाला नहीं था, और सचिवालय को स्पेन (1987) में स्थानांतरित करने की योजना चल रही थी। यह एक चुनौतीपूर्ण कदम था क्योंकि सचिवालय के लिए आधार के प्रावधान के बारे में आईएसए की समझ एक स्वदेशी लेकिन नए अनुसंधान केंद्र के साथ संघर्ष में उलझ गई, जिसने मैड्रिड में उसी आवास का प्रतिदावा

>>

किया। मुझे एक बहुत बड़ी मेज को रखने से सम्बंधित कई बातचीत का स्मरण होता है और साथ ही शिक्षा मंत्रालय के साथ आईएसए के प्रतिरोध का।

वास्तव में, 1987 में, जब मैं 'सचिवालय' के बारे में लिखती हूँ, इसका मतलब अकेली इजाबेला था, जो स्पेनिश में एक नौसिखिया थी, जिन्हें नेटवर्किंग में महारथ हासिल थी, लेकिन जो मैड्रिड में कुछ ही सहयोगियों को जानती थी, और जहां तक घरेलू आवास बाजार का सवाल हैं, उनके पास केवल सामान्य ज्ञान पर भरोसा था। उनका लचीलापन उल्लेखनीय था। आवास की समस्या को हल करने में उन्होंने तेजी से प्रोफेशनल एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त किया, एक नई कामकाजी टीम को मजबूत करने में अपनी प्रतिभा दिखाई, जल्दी ही स्पेनिश भाषा में पारंगत हो गईं और छत पर अपार्टमेंट हासिल कर लिया। मेरे लिए यह विश्वास करना मुश्किल है कि मेड्रिड में जब मैंने उनके साथ सूर्यास्त में ड्रिंक पी थी, वह अंतिम क्षण था।

चूँकि कार्यकारी समिति की वार्षिक बैठक हर साल एक अलग शहर में होती थी, इजाबेला और मैंने एक साथ कई यात्रा की और कार्यकाल के अस्तित्व में आने से पहले ही हम विश्वजन हो गए। जब मैं अध्यक्ष बनीं तो हमारा सहयोग और त्वरित हो गया और तभी मुझे एहसास हुआ कि उनकी जिम्मेदारियां कितनी व्यापक थीं। एक नई पत्रिका (इंटरनेशनल सोशियोलॉजी) प्रारम्भ करने, देर से ही लेकिन स्पैनिश को तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में पेश करना – और अनुसंधान समितियों में वृद्धि से निपटना, से लेकर विश्व कांग्रेस (1990) में राजा और रानी के स्वागत के लिए प्रोटोकॉल – ये सभी कार्य उन पर पड़े और बड़ी सहजता से वे उनके प्रशासनिक कार्यभार में शामिल हो गए ।

बाद में इजाबेला डॉक्टरेट की पढ़ाई पूरी करने के अपने शुरुआती लक्ष्य पर लौट आईं, लेकिन इस बार उन्होंने पोलैंड में एकजुटता आंदोलन पर ध्यान केंद्रित किया। और उनका शोध कार्य बाद में स्पेनिश और पोलिश में प्रकाशित हुआ। हम हमेशा संपर्क में रहे। अधिकांश वर्षों में, हमने कहीं एक सप्ताह की छुट्टी लेने का प्रयास किया (अक्सर सेलीन सेंट–पियरे के साथ)। अंत में, जब मैं नवारा विश्वविद्यालय, पैम्प्लोना में विजिटिंग प्रोफेसर बन गयी, तो मैड्रिड के अंदर और बाहर उड़ान भरना और उसके साथ कुछ दिन बिताना – कुशन की खरीदारी करना, कला संग्रहालयों का दौरा करना और उसके छत के बगीचे में शराब की एक और बोतल खोलना आनंददायक था। इजाबेला ने आज के आईएसए के हर एक सदस्य को समृद्ध किया, जिसमें वे भी शामिल थे जिन्हें उनसे मिलने का सौभाग्य कभी नहीं मिला। आशा है कि पोलैंड में उनकी वापसी स्वागतयोग्य और संतुष्टिदायक होगी। ■

* मार्गरेट आर्चर ने यह अपनी मृत्यु के एक माह पूर्व 2 अप्रैल, 2023 को लिखा था। *ग्लोबल डायलॉग* के इस अंक में श्रद्धांजलि देखें)।

मिशेल विविओर्का (आईएसए अध्यक्ष 2006–2010) द्वारा

ISA ...IZABELA: जी हाँ, इजाबेला के साथ ISA और ''बेला'' रहा है। 1982 (मेक्सिको!) से आईएसए का हिस्सा होने के साथ और जब मैं अध्यक्ष था तब उसके साथ निकटता से काम करने के कारण, मैं यह कह सकता हूँ कि यदि वो नहीं होती तो हमारा संघ जैसा है वैसा नहीं हो सकता था।

वह हमेशा से अविश्वसनीय रूप से कार्यकुशल और आश्चर्यजनक रूप से मिलनसार रही हैं। वो हमारे बौद्धिक और वैज्ञानिक जीवन को जानते हुए उसका हिस्सा थीं, और प्रशासनिक मामलों में उत्कृष्ट थीं। सही मायने में वैश्विक और अंतर्राष्ट्रीय, और इतनी पोलिश–पोलिश राजनीतिक और सामाजिक जीवन के अच्छे पक्ष पर। वे जब आवश्यकता या काम हो तब उपस्थित रहती थीं लेकिन बिना किसी अतिक्रम के। वे सब कुछ जानती थीं और हम में से बहुत लोगों को जानती थीं लेकिन उन्होंने कभी भी हस्तक्षेप नहीं किया। मैं फ्रेंच में एक शब्द जोड़ना चाहता हूं: इजाबेला आईएसए के एक महत्वपूर्ण कर्ता से कहीं अधिक है। वे एक सुंदर व्यक्ति हैं, उनके पास ''ला क्लास'' है", ला "ग्रांडेक्लासे'' है । मैं उन्हें उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। ■

माइकल बुरावॉय (आईएसए अध्यक्ष 2010–2014) द्वारा

इजाबेला बार्लिंस्का ने खुद को आईएसए के उत्कर्ष के लिए समर्पित कर दिया है और इस तरह, अंतरराष्ट्रीय समाजशास्त्र और हाल ही में वैश्विक समाजशास्त्र के विकास में वे एक प्रमुख योगदानकर्ता बन गई है। मार्गरेट आर्चर के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ, क्योंकि वे इस परियोजना के लिए एक और योगदानकर्ता थीं। उन्होंने उन महत्वपूर्ण वर्षों में जब आईएसए मेड्रिड में स्थापित किया जा रहा था इजाबेला के साथ बहुत निकटता से काम किया। सभी अध्यक्षों में से, वे इजाबेला को सबसे अच्छे से जानती थी। इजाबेला को उनकी श्रद्धांजलि शायद उनके द्वारा लिखी गई आखिरी चीजों में से एक थी

मार्गरेट आर्चर हमें बताती हैं कि कैसे इजाबेला को, जब वे एक छात्रा ही थी, उनकी चाची ने 1977 में वारसॉ में कार्यकारी समिति का स्वागत करने के लिए नियुक्त किया था। यह इजाबेला के सॉलिडेरिटी आंदोलन में गहनता से जुड़ने के चार वर्ष पहले की बात है। दिसंबर 1981 में, जब उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन मार्शल लॉ घोषित किया गया था, सॉलिडेरिटी के भूमिगत नेतृत्व ने इजाबेला को आईएसए के कार्यालय में एक आमंत्रित पद लेने के लिए प्रोत्साहित किया। नेतृत्व ने सोचा कि पश्चिमी यूरोप में उनकी उपस्थिति पोलैंड में विपक्ष और निर्वासित लोगों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रदान कर सकती है। यह स्पष्ट था कि, इजाबेला अपने देश से भाग नहीं रही थीय वह पश्चिम में शरण नहीं मांग रही थी। यह बात उन्हें कभी नहीं सूझी। वह पोलैंड की एक वफादार नागरिक थी, पोलैंड में लोकतांत्रिक ताकतों का समर्थन करने के लिए वह जो कर सकती थी, कर रही थी। सत्ता विरोधी राजनीति को समर्पित इस वर्ष की कांग्रेस की थीम के लिए इजाबेला के जीवन का अध्ययन विशेष रूप से उपयुक्त है।

>>

हालाँकि उन्हें अपने ज्ञान और विशेषज्ञता का दिखावा करना कभी पसंद नहीं था, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि इजाबेला एक समाजशास्त्री हैं। आईएसए का निर्देशन करते हुए, उन्होंने प्रोफेसर विक्टर पेरेज–डियाज की देखरेख में मैड्रिड के कॉम्प्लूटेंस विश्वविद्यालय में अपना पीएचडी शोध प्रबंध लिखा। यह पोलिश एकजुटता और मार्शल लॉ के तहत रोजमर्रा की जिंदगी, जो पार्टी राज्य के विरोध के बदलते चरित्र में स्थित है, का अध्ययन है। शोध प्रबंध स्पेनिश में ला सोसिदाद सिविल एन पोलोनिया वाई सॉलिडेरिडाड ("सिविल सोसाइटी इन पोलैंड एंड सॉलिडेरिटी") शीर्षक के तहत प्रकाशित हुआ था। यद्यपि यह उन्हें तब नहीं पता था, वे दिखाती है कि यह कैसे सोवियत व्यवस्था के अंत की शुरुआत थी। यह एक आवश्यक अनुस्मारक है कि अधिनायकवाद के खिलाफ संघर्ष अल्पावधि में शायद सफल नहीं हो सकता है। फिर भी, उनके दीर्घकालिक प्रभाव हो सकते हैं।

लेकिन मैं अपने मूल विषय– इजाबेला और आईएसए में उनके योगदान, से भटक गया हूँ। मैं विविओर्का और मार्गरेट अब्राहम की भावनाओं को दोहराता हूं– वे आईएसए का स्तंभ रही हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि 1977 में जब वे आईएसए के साथ जुड़ी तब मुश्किल से 1,000 सदस्य थे। जब वे 1987 में कार्यकारी सचिव बनीं, तब मुश्किल से 2,000 सदस्य थे, जबकि कोविड से पहले यह संख्या 5,000 से अधिक थी। शोध समितियों की संख्या और राष्ट्रीय संघों की सदस्यता भी एक समान घातीय दर पर बढ़ी है जितना कि कांग्रेस में भागीदारी। द्वि–वार्षिक फोरम की शुरूआत उनके मार्गदर्शन में हुई थी। इन 40 वर्षों के दौरान, कॉम्प्लूटेंस विश्वविद्यालय में अपने छोटे से कार्यालय से, इजाबेला ने जबरदस्त तकनीकी परिवर्तन के माध्यम से आईएसए का मार्गदर्शन किया है। किसी तरह, वे अंशकालिक कार्यकर्ताओं नाचो, जुआन और लोला की सहायता के साथ, मशीन को चालू रखने में कामयाब रही है। आइए यह न भूलें कि, आज, अमेरिकन सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन की सदस्यता आईएसए से केवल दोगुनी है, लेकिन वहां 23 पूर्णकालिक कर्मचारियों द्वारा सेवा प्रदान की जाती है! आइए स्पष्ट करें: आईएसए का वित्तीय स्वास्थ्य इजाबेला बार्लिंस्का की ऊर्जा, भक्ति और संगठनात्मक प्रतिभा पर निर्भर है ।

कार्यकारी सचिव के रूप में, उन्होंने इस भयावह रूप से विखंडित संगठन– एक लघु संयुक्त राष्ट्र– का सफलतापूर्वक संचालन किया है, केवल इसलिए क्योंकि उन्होंने खुद को सावधानीपूर्वक आईएसए की राजनीति से दूर रखा है। वे कार्यकारी समिति की बैठकों में, यहां तक कि सबसे तीव्र उकसावे के तहत भी, अपने विचार अपने तक ही रखती हैं। उनका लक्ष्य हमेशा से आईएसए मशीनरी का समर्थन करना, वालरस्टीन के क्षेत्रीय सेमिनार, मार्टिनेली की पीएचडी प्रयोगशाला, या आर्चर की नई पत्रिका, इंटरनेशनल सोशियोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण नवाचारों को बढ़ावा देना रहा है।

कार्यकारी समिति निर्णय लेती है, और इजाबेला उन्हें अपनी सर्वोत्तम क्षमता से पूरा करती है। और वे किसी भी काम से पीछे हटने वालों में से नहीं है। मुझे अभी भी याद है कि वे डरबन में आईएसए कांग्रेस में पंजीकरण के लिए लंबी लाइनों की सेवा करने के लिए चौबीसों घंटे काम करती थी। वे हमेशा पीछे रही हैं और आईएसए की बैठकों में अग्रिम पंक्ति में रही हैं, ठीक उसी तरह जैसे वे बैठकों के बीच आईएसए को पार्श्व से ही चलाती रहती थीं। हमारे सामने आए कई संकटों से वे ही निपटी– चाहे इसका मतलब किसी कांफ्रेंस को दुनिया के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में हस्त्रान्तरित करना हो, हमारे कार्यालय को स्थायी रूप से बंद करना, कांग्रेस या फोरम के लिए जगह के लिए बातचीत करना आदि हो। उन्हें यह सुनिश्चित करना था कि बजट की देखरेख करते समय आईएसए को पैसे की हानि न हो। सामाजिक विज्ञान में अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों की तुलना में, आईएसए का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है – और हम सभी इजाबेला के बहुत बड़े ऋणी हैं। पोलैंड में अपने नए करियर की ओर आगे बढ़ने के लिए मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। ■

मार्गरेट अब्राहम (आईएसए अध्यक्ष 2014–2018) द्वारा

मैं वास्तव में भाग्यशाली रही हूँ कि मैं डॉ. इजाबेला बार्लिंस्का को तीन दशकों से अधिक समय से जानती हूँ। मैं उनके साथ मिलकर काम करने का सौभाग्य पाने के लिए बहुत आभारी हूं। इजाबेला, संकट में आपका अविश्वसनीय धीरज, बहुभाषी क्षमता, संस्थागत स्मृति और आईएसए के संचालन के सभी पहलुओं पर ध्यान अमूल्य हैं। आपके साथ निकटता से काम करने के बाद, विशेष रूप से आईएसए के उपाध्यक्ष, अनुसंधान और आईएसए अध्यक्ष के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान, मैं कह सकती हूं कि आपके जबरदस्त समर्थन ने ब्यूनस आयर्स में द्वितीय आईएसए फोरम और टोरंटो में XIX ISA वर्ल्ड कांग्रेस की सफलता में योगदान दिया। मुझे पता है कि हम सभी ने जो हासिल किया है वह आपकी और आपकी टीम की प्रतिबद्धता, क्षमता, व्यावसायिकता और सहयोग के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता था। एक नारीवादी के रूप में, आईएसए सचिवालय के शीर्ष पर मैं ऐसी अद्भुत महिला और उच्च योग्यता वाली पेशेवर समाजशास्त्री, के लिए आभारी हूं जो वैश्विक समाजशास्त्रीय समुदाय की सामान्य भलाई सुनिश्चित करने और आईएसए की संगठनात्मक जीवन शक्ति को जारी रखने के लिए दूरदर्शिता और व्यावहारिकता के साथ योगदान दे रही है। आईएसए एक उल्लेखनीय संघ है, और मुझे खुशी है कि आप, इजाबेला, इस संघ की शानदार यात्रा का अभिन्न अंग रही हैं। तो, मैं आपको हार्दिक धन्यवाद के साथ सलाम करती हूं और गले लगाती हूं! ■

>>

साड़ी हानाफी (आईएसए अध्यक्ष 2018–2023) द्वारा

इन सभी कथनों के बाद मैं निशब्द हूँ। तथापि, इन सभी कथनों में यह अंतर है कि इन सभी पूर्व अध्यक्षों की तुलना में, मैं इजाबेला को अपने करियर के प्रारम्भ में काफी पहले से जानती था। यह तब था जब मैं पीएचडी उम्मीदवार था और 1990 में बीलेफेल्ड कांग्रेस में युवा समाजशास्त्रियों के लिए विश्व प्रतियोगिता के विजेता में से एक था। उनकी दयालुता ने मुझे प्रभावित किया क्योंकि उन्होंने मेरे कई सवालों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया। उनमें से कुछ सवाल मूर्खतापूर्ण थे, क्योंकि यह पहली बार था जब मैंने किसी बड़े सम्मेलन में भाग लिया था ।

तब से, मैं कार्यकारी समिति के सदस्य, राष्ट्रीय संघों के उपाध्यक्ष और हाल ही में, आईएसए अध्यक्ष के रूप में उनके साथ निकट संपर्क में रहा हूं। जब भी मैंने अनुरोध किया तो वह मुझे बुद्धिमान सलाह देने में कभी अनिच्छुक नहीं रहीं। मुझे स्वीकार करना चाहिए कि मैंने हमेशा इसका पालन नहीं किया, लेकिन, उसके श्रेय के लिए, इसने उसे परेशान नहीं किया है। किसी भी मामले में, मुझे याद नहीं है कि इजाबेला कभी अत्यधिक क्रोधित हुई हो। यहां तक कि गरमागरम चर्चाओं में भी, मुझे उसकी शांति से ईर्ष्या होती थी। वह प्रतिक्रिया दे सकती है गर्म मुद्दों पर विचार करने के लिए अपना समय लेने के बाद।

मैंने बैठकों के बाहर अक्सर उनके साथ अपनी बातचीत का काफी आनंद लिया है। हम विरले ही अपने सहकर्मियों के बारे में गपशप करते थे। इसके बजाय, हम लेबनान, फिलिस्तीन, पोलैंड, समाजशास्त्र, कला, साहित्य आदि के बारे में बात करते हैं। एक विश्वजन के रूप में, उनकी एक महान सामान्य संस्कृति है। कोविड–19 के दौरान, हमने उपाध्यक्षों, कार्यकारी समिति और अन्य समितियों के साथ कई ऑनलाइन बैठकें कीं। वे अक्सर अपनी उपलब्धता को डूडल में नहीं दिखाती क्योंकि वे हमेशा बैठक के अधिकांश प्रतिभागियों के लिए सबसे अच्छा समय समायोजित करती थी। कभी–कभी, मुझे शर्मिंदगी होती थी क्योंकि अक्सर यह समय अलसुबह या देर शाम का समय होता था।

इजाबेला के पास आईएसए की स्मृति है, इसलिए वे जानती हैं कि आम तौर पर क्या काम करेगा और आईएसए कार्यकारी समिति के कुछ निर्णयों पर समाजशास्त्री समुदाय की प्रतिक्रिया क्या होगी। इजाबेला, हम एक दिन एक पहाड़ पर एक साथ पदयात्रा करने की योजना बना रहे हैं। मैं अपनी दोस्ती को आईएसए से परे बनाए रखने के लिए अब इसके लिए और भी अधिक उत्सुक हूं। इजाबेला, पिछले 40 वर्षों में आईएसए के लिए आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए धन्यवाद । आईएसए आपका बहुत आभारी है। ■

जेफ्री प्लेयर्स (आईएसए अध्यक्ष 2023–2027) द्वारा

आईएसए के उत्तरोत्तर अध्यक्षों ने हमें स्मरण कराया कि पिछले चार दशकों में इजाबेला बार्लिंस्का ने आईएसए के इतिहास में कई तरह से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अनुसंधान के लिए आईएसए उपाध्यक्ष के रूप में, मुझे उनके समर्पण को देखने का सौभाग्य मिला, जिसमें उनकी नवीनतम उपलब्धियों में से एक शामिल है: परिवर्तन की तैयारी करना और हमारे नए कार्यकारी सचिव को प्रशिक्षित करना। उन्होंने इसे अपने विशिष्ट विवेकपूर्ण तरीके और दक्षता से और आईएसए के लिए प्रेम के साथ प्रबंधित किया। ऐसा करके, उन्होंने हम सभी को लम्बे प्रवचन से नहीं लेकिन ठोस व्यवहार द्वारा एक सबक दिया है। वह हमें याद दिलाती है कि आईएसए बहुत अधिक समर्पण के लायक है और किसी भी अन्य से अधिक महत्वपूर्ण है। मेरी ख्वाहिश है कि हमारे संघ और दुनिया के सभी नेताओं के पास यह समर्पण हो और वे अगली पीढ़ी को बहुत बुद्धिमत्ता और प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति उनके प्रेम के साथ तैयार करने के लिए इच्छुक हों।

इजाबेला बार्लिंस्का ने आईएसए को अन्य किसी से अधिक आकारित किया है। वे हजारों समाजशास्त्रियों के लिए आईएसए का चेहरा और आवाज रही हैं और उन लोगों के लिए एक संदर्भ–व्यक्ति रही हैं, जिन्हें अनुसंधान समिति स्तर पर या कार्यकारी समिति में किसी मुद्दे को कैसे संभाला जाए के बारे में शंका होती थी। हमें एक ऐसा अद्वितीय संघ विरासत में मिल रहा है जो सभी महाद्वीपों पर समाजशास्त्र को विकसित और उसकी प्रतिरक्षा करने में सक्षम है। हमें इजाबेला द्वारा स्थापित उच्च मानकों को बनाए रखना चाहिए और इस आधार पर नई परियोजनाओं का विकास करना चाहिए। आईएसए उनका संघ है। यह लगभग चार दशकों से उनका घर रहा है, और हमेशा रहेगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आने वाले वर्षों और दशकों में आईएसए में उन्हें अपना स्थान मिले, और हम सभी उसे आईएसए फोरम और कार्यक्रमों में फिर से देखने की उम्मीद करते हैं। ■

इजाबेला बार्लिंस्का के बारे में अधिक जानने के लिए, ग्लोबल डायलॉग माइकल बुरावॉय द्वारा उनके साथ साक्षात्कार की अनुशंसा करता है, जो 2012 में दो भागों में प्रकाशित हुआ था: भाग I और भाग II

> वैश्विक समाजशास्त्र

चार रूपांतरण

जेफ्री प्लेयर्स, एफएनआरएस और यूनिवर्सिटी कैथोलिक डी लौवेन, बेल्जियम और आईएसए अध्यक्ष (2023–2027) द्वारा



फ्रीपिक पर मैक्रोवेक्टर छवि से बनाई गई छवि

नए अध्यक्ष का संबोधन, XX वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ सोशियोलॉजी, मेलबर्न, 1 जुलाई, 2023

जहाँ समाजशास्त्र हमारे विश्व के रूपांतरणों को समझने का उद्देश्य रखता है, वह स्वयं भी उनसे प्रभावित होता है और उनसे रूपांतरित होता है। यह विशेष रूप से *वैश्विक समाजशास्त्र* की परियोजना का मामला है, जिस पर पिछले दशकों में हमारी दुनिया में हुए परिवर्तनों को देखते हुए फिर से विचार करने की आवश्यकता है। मैंने 1990 के दशक के अंत में वैश्वीकरण का अध्ययन शुरू किया। तब तक, यह समाजशास्त्र में एक केंद्रीय विषय बन गया था। ''एक विश्व के लिए समाजशास्त्र'' पहले से ही आईएसए विश्व कांग्रेस 1990 की थीम थी। तैंतीस साल बाद, वैश्विक चुनौतियाँ और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। हमारी दुनिया तेजी से ''वैश्विक'' हो गई है। हालाँकि, हम दुनिया को, वैश्वीकरण और समाजशास्त्र को कैसे देखते हैं, नाटकीय रूप से बदल गया है। इस संक्षिप्त संबोधन में, मैं संक्षेप में इनमें से चार परिवर्तनों का उल्लेख करना चाहूंगा, उन्हें वैश्विक समाजशास्त्र की परियोजना को नवीनीकृत करने की आवश्यकता क्यों है, और आईएसए के लिए उनका क्या अर्थ है।

> संचार और कनेक्शन के लिए नए उपकरण

1990 के दशक के बाद से सबसे नाटकीय परिवर्तनों में से एक ''नई सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों'' का व्यापक उपयोग है। 1990 के दशक में इंटरनेट और साइबर दुनिया की शुरुआत हुई ही थी, लेकिन संचार को जल्द ही तीव्र वैश्वीकरण के युग के लिए मूलभूत माना जाने लगा (कैस्टेल्स, 1996)। आजकल, डिजिटल मीडिया और प्रौद्योगिकियाँ अधिकांश मनुष्यों के जीवन का एक प्रमुख हिस्सा बन गई हैं। उन्होंने नाटकीय रूप से हमारे संवाद करने, खुद को सूचित करने और एक साथ रहने के तरीके को बदल दिया है। उन्होंने समान रूप से लोकतांत्रिक, असहिष्णु और सत्तावादी शासन में सार्वजनिक स्थान को गहराई से रूपांतरित कर दिया है।

आईएसए और वैश्विक समाजशास्त्र के समक्ष डिजिटल संचार प्रौद्योगिकियों ने चुनौतियां और अवसर को प्रस्तुत किया है। डिजिटल संचार दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से समाजशास्त्रीय विश्लेषण को दृश्यमान बनाने और नागरिकों और नीति निर्माताओं के मध्य ज्यादा

>>

दर्शकों तक पहुंचने के लिए उपकरण प्रदान करता है। आईएसए ने महामारी के दौरान सामाजिक विज्ञानों में पहली बड़ी ऑनलाइन कांग्रेस का आयोजन किया, जिसमें 3,500 से अधिक शोधकर्ताओं ने भाग लिया। आज, आईएसए सोशल मीडिया हमारे समुदाय को जागरूक और दैनिक रूप से सूचित रखता है। ऑनलाइन बैठकों ने भी आईएसए में अधिक सहभागी गतिशीलता की अनुमति दी है, उल्लेखनीय रूप से शोध परिषद की ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से।

> एक सीमित ग्रह

जलवायु आपदा और बढ़ती पारिस्थितिक चेतना ने हमारी वैश्विकता के अर्थ और अनुभव को नाटकीय रूप से बदल दिया है। 1990 के दशक में, ''वैश्वीकरण'' का तात्पर्य शीत युद्ध के बाद फिर से एकजुट दुनिया में बाजार के पश्चिमी मॉडल और औपचारिक लोकतंत्र के विस्तार से था, और यह असीमित लग रहा था। आजकल, जलवायु मंदी और प्रकृति के विनाश के साथ वैश्विक समाजशास्त्र के मूल प्रश्नों ने एक नया रूप ले लिया है।

''एक सीमित ग्रह पर हम एक साथ कैसे रह सकते हैं?'' यह यकीनन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न है जिसे इक्कीसवीं सदी में समाजशास्त्र को संबोधित करना चाहिए। पारिस्थितिकी और पर्यावरण के मुद्दे समाजशास्त्र के लिए विशिष्ट वस्तुओं से कहीं अधिक हैं: वे अनुसंधान विषयों की सभी वस्तुओं और क्षेत्रों के साथ परस्परछेदन करते हैं और समाजशास्त्र के लिए एक केंद्रीय प्रश्न बन गए हैं। ये हमारे विषय को और समाजशास्त्र एवं समाजशास्त्रियों से क्या अपेक्षित है को बदल डालेंगे। अगले चार वर्षों में आईएसए में यह एक केंद्रीय विषय होगा।

> लोकतंत्र के विस्तार की बजाय अधिनायकवाद का बढ़ना

1990 के दशक में, अधिकांश बुद्धिजीवियों, नीति निर्माताओं और नागरिक समाज के कर्त्ताओं के मध्य यह विश्वास या कम से कम यह उम्मीद थी कि वैश्वीकरण की तीव्रता और इंटरनेट द्वारा सक्षम अंतर्संबंध का अर्थ लोकतंत्र का विस्तार और मानवाधिकारों का सम्मान होगा।

एक चौथाई सदी बाद, हमारी 2023 विश्व कांग्रेस के लिए चुनी गई थीम ''पुनरुत्थानशील सत्तावाद'' थी। दुर्भाग्य से, यह साड़ी हनाफी द्वारा एक उत्कृष्ट और सामयिक चयन था। लोकतंत्रीकरण की नई लहरों की उम्मीदें जो अरब स्प्रिंग के साथ फिर से बढ़ी थीं, अगले दशक में धूमिल हो गईं। सभी महाद्वीपों पर अनुदार और सत्तावादी शासन मजबूत हुआ। उन्होंने अपने लोगों को नियंत्रित करने, अन्य देशों में चुनावों को उन्मुख करने और विश्व स्तर पर अपने आख्यानों और शासन मॉडल को कुशल बनाने के लिए सोशल मीडिया और संचार प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के तरीके सीखे।

समाजशास्त्रियों और सामाजिक वैज्ञानिकों ने अधिनायकवादी शासनों और कर्त्ताओं के लिए, और लोकतंत्र को खतरे में डालने वाले आंदोलनों के लिए बहुत सारा शोध समर्पित किया है, अक्सर, वे समाजशास्त्रियों को धमकी भी देते हैं। शोध की स्वतंत्रता को, चाहे राज्य नियंत्रण के बढ़ने से या चरमपंथी कर्त्ताओं या अर्धसैनिक सैन्य बल द्वारा धमकियों के बहुलीकरण से, कई देशों में चुनौती दी गई है। हमारे समय में, वैश्विक समाजशास्त्र को उन समाजशास्त्रियों के लिए विशेष ध्यान और समर्थन की आवश्यकता है जो अपने शोध का संचालन करते समय खतरों का सामना करते हैं। 25 जनवरी 2016 को, एक युवा इतालवी समाजशास्त्री और आईएसए आरसी 47 के सदस्य गिउलिओ रेगेनी को काहिरा में स्वतंत्र यूनियनों पर शोध करते समय मिस्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसकी हत्या कर दी। 2021 का हमारा फोरम एक समाजशास्त्री, स्थानीय राजनेता और राज्य हिंसा के खिलाफ कार्यकर्ता मारिएले फ्रेंको को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुआ, जिनकी 14 मार्च, 2018 को रियो डी जनेरियो में गिरोहों द्वारा हत्या कर दी गई थी। आईएसए फोरम 2021 के सबसे अंतर्दृष्टिपूर्ण योगदानों में से एक, अंकारा जेल में कार्लटन विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र सिहान एर्डाल द्वारा लिखा गया था, जिन्हें इस्तांबुल में फील्डवर्क करते समय गिरफ्तार किया गया था।

> वैश्विक दक्षिण का उदय

1990 के दशक में, वैश्वीकरण पश्चिमीकरण से जुड़ा था, जिसमें पश्चिमी बाजार अर्थव्यवस्था, संस्कृति, जीवन शैली और विश्वदृष्टि का विस्तार हुआ। इक्कीसवीं सदी में, वैश्वीकरण का तात्पर्य दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से कर्त्ताओं और देशों के उदय से है। वैश्विक मीडिया आर्थिक और भू–राजनीतिक कर्त्ताओं के रूप में उनके उत्थान पर ध्यान केंद्रित करता है। ज्ञान के उत्पादकों के रूप में उनकी बढ़ती भूमिका कम से कम उतनी ही महत्वपूर्ण है।

इस वृद्धि से समाजशास्त्र जितना कुछ ही विषय प्रभावित हुए हैं। विभिन्न महाद्वीपों के समाजशास्त्रियों के मध्य गहरे संबंध और संवाद, वैश्विक दक्षिण के विद्वानों के अभूतपूर्व कार्यों का व्यापक प्रसार और हमारे विषय के इतिहास और भूगोल पर नए दृष्टिकोणों ने ''वैश्विक समाजशास्त्र'' के अर्थ को उल्टा कर दिया है। 1990 के दशक में, वैश्विक समाजशास्त्र साहित्य पर पूरी तरह से पश्चिमी विद्व ानों का वर्चस्व था। वैश्विक दक्षिण और ''पूर्व'' को अक्सर पश्चिमी अवधारणाओं द्वारा पोषित अनुभवजन्य अनुसंधान के स्थलों के रूप में देखा जाता था। आजकल, वैश्विक समाजशास्त्र का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण के विद्वानों और कर्त्ताओं के योगदान को दृश्यमान बनाना और यूरोकेंद्रित ज्ञान के आधिपत्य को चुनौती देना है। वैश्विक दक्षिण के विद्वानों के सिद्धांतों, अवधारणाओं और विश्लेषणों ने हमें वैश्विक दक्षिण की तरह ही वैश्विक उत्तर में सामाजिक चुनौतियों को समझने में मदद की है। उन्होंने आधुनिकता, असमानताओं और पर्यावरणीय न्याय जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं को देखने के हमारे तरीके को बदल दिया है। उन्होंने प्रकृति, दुनिया और खुद से संबंधि ात होने के विभिन्न तरीके दिखाए हैं।

उनके कुछ विरोधियों के दावों के विपरीत, वि–औपनिवेशिक, अधीनस्थवादी या उत्तर–औपनिवेशिक दृष्टिकोण ''उपनिवेशवाद–विरोधी समाजशास्त्र'' शुरू करने के लिए अपने ज्ञानमीमांसीय प्रस्तावों को ''पश्चिमी समाजशास्त्र'' के योगदान को मिटाने पर केंद्रित नहीं करते हैं। जैसा कि दुनिया के किसी भी अन्य हिस्से में उत्पादित ज्ञान के साथ होता है, यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी समाजशास्त्र को अपने समय और स्थान पर स्थित होना चाहिए, सार्वभौमिकता के अपने कुछ दावों में चुनौती दी जानी चाहिए, और वैश्विक दक्षिण की अवधारणाओं, विश्वदृष्टिकोणों और सिद्धांतों के साथ एक नए सिरे से वैश्विक संवाद में विकसित होना चाहिए।

वैश्विक समाजशास्त्र न तो पश्चिमी विश्वविद्यालयों और खुद को सार्वभौमिक के रूप में प्रस्तुत करने वाले सिद्धांतों में निहित रह सकता है और न ही यह पश्चिमी समाजशास्त्र की आलोचना तक सीमित रह सकता है।

वि–औपनिवेशिक, उत्तर–औपनिवेशिक और अधीनस्थ परिप्रेक्ष्य हमें सामाजिक सिद्धांतों को स्थापित करने और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में निहित वास्तविकताओं और ज्ञान के साथ संवाद में हमारे विषय की कुछ प्रमुख अवधारणाओं को फिर से देखने के लिए आमंत्रित करते हैं। विभिन्न महाद्वीपों से शोधकर्ताओं और

>>

दृष्टिकोणों के बीच संवाद के लिए जगह खोलना, और वैश्विक दक्षिण से ज्ञानमीमांसा और विद्वानों और उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के बेहतर समावेश को बढ़ावा देना अपनी स्थापना के बाद से आईएसए के मुख्य लक्ष्यों में से एक रहा है, और 1990 के दशक और इमैनुएल वालरस्टीन द्वारा विकसित परियोजनाओं के बाद से और भी अधिक रहा है।

सभी महाद्वीपों के समाजशास्त्रियों, अनुसंधान, विश्लेषणों और सिद्धांतों को अधिक गहनता से शामिल करना न केवल समाजशास्त्र को लोकतांत्रिक बनाने का मामला है, बल्कि यह सामाजिक वास्तविकताओं और कर्त्ताओं के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाने के लिए सबसे अंतर्दृष्टिपूर्ण मार्गों में से एक है। इसलिए, हमें वैश्विक दक्षिण में आईएसए की सदस्यता बढ़ाने से अधिक भी कुछ करना चाहिए। हमें आईएसए, हमारी अनुसंधान समितियों, हमारे आयोजनों और हमारी परियोजनाओं में इन सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी और पूर्ण सहभागिता को बढ़ावा देने और उनके राष्ट्रीय संघों का समर्थन करने की आवश्यकता है।

> खुलापन और देखभाल

वैश्विक समाजशास्त्र न केवल एक सैद्धांतिक परियोजना, ज्ञानमीमांसीय बहसों का समूह और कुछ पद्धतिगत चुनौतियों का समूह है। यह एक ऐसा रुख भी है जो एक साथ समाजशास्त्रीय, सांस्कृतिक और व्यक्तिगत है।

वि–औपनिवेशिक मोड़ के बाद और उसके साथ–साथ वैश्विक समाजशास्त्र विभिन्न विश्वदृष्टियों, संस्कृतियों और सामाजिक पृष्ठभूमि पर आधारित दृष्टिकोणों के प्रति खुलेपन के साथ शुरू होता है। यह स्वयं को अपनी निश्चितताओं को खोने के जोखिम (और आशा) से रूबरू करने और अन्य के साथ मुठभेड़ से सीखने की स्वीकृति में निहित है। यह विभिन्न महाद्वीपों के लोगों को पढ़ने और उनसे मिलने की प्रतिबद्धता – और खुशी, हमारे शोध वस्तुओं को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखने का खुलापन, उन्हें अलग–अलग तरीकों से समझने, और शायद खुद को और दुनिया में अपनी जगह को अलग ढंग से समझने पर आधारित और पोषित है ।

दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अंतर्दृष्टिपूर्ण अनुसंधान और सिद्धांत, स्थित दृष्टिकोणों और विश्लेषणों के बीच सहिष्णु संवाद, और एक–दूसरे से सीखने की इच्छा एक नए वैश्विक समाजशास्त्र के महत्वपूर्ण घटक हैं।

ऐसे स्थान स्थापित करना जो अंतर–सांस्कृतिक संवादों को प्रोत्साहित करते हैं, जिसमें हम अपने शोध परिणामों और दृष्टिकोणों को एक सहायक वातावरण में साझा कर सकते हैं, आईएसए की मुख्य भूमिका है। इसे पूरा करने के लिए इरादों, विमर्श और विश्लेषणों से कहीं अधिक की आवश्यकता होती है। इसके लिए खुलेपन, सहिष्णुता और एक–दूसरे की देखभाल की प्रथाओं की भी आवश्यकता होती है, विशेष रूप से एक अंतरराष्ट्रीय और बहुसांस्कृतिक वातावरण में।

मैं आपको एक ठोस उदाहरण देता हूं। कुछ महीने पहले, मैंने आईएसए पीएचडी लेबोरेटरी में भाग लिया था। प्रतिभागियों में से एक फिलिस्तीन से लंबी और तनावपूर्ण यात्रा से थका हुआ आया था। लंबे समय तक सीमा पर पूछताछ के बाद, रात्रिभोज के दौरान, उसे घबराहट का दौरा पड़ा। दो या तीन अन्य प्रतिभागी उसे चुपचाप दूसरी टेबल पर ले गए, उसकी बात सुनी और उसका समर्थन किया। एक युवा डॉक्टरेट शोधकर्ता ने पास के एक होटल में एक कमरा बुक करने की पहल की, शाम के दौरान उसकी देखभाल की और सुनिश्चित किया कि उसकी रात आरामदायक हो। सुबह नौ बजे, दोनों समूह के साथ शुरुआती सत्र के लिए सभी महाद्वीपों के साथी पीएचडी छात्रों और शोधकर्ताओं के साथ सीखने और आदान–प्रदान के एक आनंददायक सप्ताह के रूप में अनुभव करने के लिए तैयार थे। यह सब दयालु और इतने चुपचाप तरीके से किया गया कि मुझे शाम तक इसका पता नहीं चला। हालाँकि, इस तरह की ठोस कार्रवाई हमें सिखाती है कि एक–दूसरे की देखभाल करना वैश्विक समाजशास्त्र के विकास का एक अनिवार्य हिस्सा है।

देखभाल और एकजुटता की यह कार्यवाही, हालांकि ज्यादातर अदृश्य रहती है, आईएसए के लिए महत्वपूर्ण है। जिस उदाहरण का मैंने उल्लेख किया है वह हमें यह भी दिखाता है कि आईएसए और वैश्विक समाजशास्त्र केवल हमारी बड़ी बैठकों और सम्मेलनों में ही नहीं हो रहे हैं। आईएसए अंतरसांस्कृतिक मुठभेड़ों, विभिन्न महाद्वीपों के समाजशास्त्रियों के मध्य आदान–प्रदान में, दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के दृष्टिकोणों और अनुसंधानों के प्रति खुलापन में, और देखभाल की प्रथाएं जो हमें उन्हें एक सहायक वातावरण में साझा करने की अनुमति देती हैं, में सन्निहित है। दूसरों के दृष्टिकोण और देखभाल की प्रथाओं के प्रति खुलने उद्घाटन में निहित इस वैश्विक समाजशास्त्र को अधिनायकवाद, राष्ट्रवाद, असमानताओं और पर्यावरणीय पतन के समय में विकसित करना का और भी महत्वपूर्ण है।

समाजशास्त्र की XXवीं विश्व कांग्रेस के समापन के नजदीक आने से, आइए हम इस आईएसए में से कुछ को अपने साथ ले जाएं और वैश्विक संवाद के लिए इस खुलेपन को और अपनी प्रथाओं में एक–दूसरे की देखभाल को लागू करें। चलिए, हम एक साथ मिलकर एक नवीकरण, अधिक खुला और वैश्विक समाजशास्त्र का निर्माण करें। हम समाजशास्त्रियों, शोध कर्त्ताओं, शिक्षक, नागरिकों के समान ही हम अपनी दैनिक जीवन में सक्रिय हैं।

हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती एक ग्रहीय चेतना का प्रगतिशील उद्भव है जो हमें ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरणीय संकट, बढ़ती असमानताओं और लोकतंत्र के लिए खतरों से शुरू होने वाली आम चुनौतियों का मिलकर सामना करने में सक्षम बनाएगी। यदि हम, समाजशास्त्री, इसके के लिए तैयार हैं, समाजशास्त्र इस ग्रह संबंधी जागरूकता में योगदान देगा और इस सदी की कुछ चुनौतियों को हल करने में अपना स्थान लेगा। ■

सभी पत्राचार जेफ्री प्लेयर्स को <Geoffrey.Pleyers@uclouvain.be> पर प्रेषित करें। Twitter: @GeoffreyPleyers

जेफ्री प्लेयर्स द्वारा संबंधित प्रकाशन:

Global Sociology as a Renewed Global Dialogue, *Global Dialogue*, 13.1, April 2023.
For a global sociology of social movements. Beyond methodological globalism and extractivism, *Globalizations*, 2023.

> मार्गरेट आर्चर
को व्यक्तिगत श्रद्धांजलि (1943–2023)

मार्टिन एल्ब्रो, लंदन, यूनाइटेड किंगडम द्वारा

श्रेयः मैनुएल कैस्टेल्स क्लेमेंटे/यूनिवर्सिडैड डी नवरा

मैगी के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ! हम लंबे समय से एक–दूसरे को जानते थे। हम सबसे पहले 1966 में यूके के रीडिंग विश्वविद्यालय में नव स्थापित समाजशास्त्र विभाग में व्याख्याता के रूप में मिले थे। 23 साल की उम्र में, उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में कामकाजी वर्ग के अंग्रेज माता–पिता की शैक्षिक आकांक्षाओं और उनका बच्चों पर प्रभाव पर अपनी पीएचडी पूरी की। उससे पांच साल बड़ा, मैंने तब तक वहां अपनी मास्टर डिग्री भी पूरी नहीं की थी। शायद मैं हतोत्साहित था! मैं उसे अगले सात वर्षों तक एक पागल प्रोफेसर का सामना करने के लिए छोड़कर आगे बढ़ गया। उन्होंने फिर भी चौदह पेपर प्रकाशित किए और फिर वे वारविक चली गईं, जहां उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा भाग बिताया। हम संपर्क में रहे।

वह एक विलक्षण कर्मी थीं, जिसका पूरा ध्यान समाजशास्त्र पर केंद्रित था। उन्होंने इसे अपने करियर के बजाय एक विषय के रूप में आगे बढ़ाया। मैं इस क्षेत्र में उनके केंद्रीय बौद्धिक योगदान की गंभीरता से सराहना करने का प्रयास नहीं करुगाँ, कई अन्य लोग ऐसा करेंगे, लेकिन इंटरनेशनल सोशियोलॉजिकल एसोसिएशन के लिए हमने मिलकर जो काम किया था, उसके लिए मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करुगाँ। आईएसए की प्रकाशन समिति के तत्कालीन अध्यक्ष के रूप में उनकी पहल पर, उन्होंने मुझसे एक नई पत्रिका स्थापित करने में मदद के लिए संपर्क किया। इसे *इंटरनेशनल सोशियोलॉजी* कहा जाना था और इसका कार्य प्रमुख पत्रिकाओं का राष्ट्रीय फोकस, जो हम दोनों को अनुचित लगता था, का प्रतिकार करना थाः जो भले ही वे प्रत्यक्ष रूप से सभी के लिए खुले थे, फिर भी उन सभी में आलेख अंग्रेजी में ही होने चाहिए थे। लेकिन हमने बिना सोचे समझे कह दिया कि हम किसी भी भाषा से अनुवाद की व्यवस्था करेंगे! हमने किया, यहां तक कि और विशेष रूप से चीनी में भी।

हमारा पहला अंक 1986 में आईएसए के अध्यक्ष, ब्राजील के अभी तक नहीं, फर्नांडो कार्डोसो की प्रस्तावना के साथ निकला! इसके छह आलेख पोलैंड, भारत, नॉर्वे, बुल्गारिया और अमेरिका (2) से आए थे। तो हमने सोचा, मिशन पूरा हुआ! लेकिन ये बहुत शीघ्र था, क्योंकि मेरे कार्डिफ संस्थान के साथ–साथ मूल प्रकाशन व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई। जर्नल की अब लंबे समय से चली आ रही प्रतिष्ठा को सुरक्षित करने के लिए सेज द्वारा यह कार्य करने के पहले एक कठिन बातचीत का दौर शुरू हुआ। मैगी पूर्णतया साधन संपन्न और प्रतिबद्ध थी और वे आईएसए की अगली अध्यक्ष बनने के लिए पूरी तरह से योग्य थी।.

वे वास्तव में एक उल्लेखनीय प्रेरक थीं और स्थिति के लिए आवश्यक प्रतिभा को संगठित करने में हमेशा सफल रहीं। इस संबंध में उनकी क्षमताओं का मेरा आखिरी अनुभव पोंटिफिकल एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक बैठक में था, जिसकी वे 2014 में अध्यक्ष बनीं। एक अंतिम स्मृति उन्हें एक बैठक, जिसमें बर्नी सैंडर्स और जेफरी सैक्स दोनों शामिल थे, की अध्यक्षता करते हुए देखना था ।

लेकिन उनकी सभी छवियों को मैं 1990 में मैड्रिड में विश्व समाजशास्त्र कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में कैद कर रहा हूं। 4,000 प्रतिनिधियों में से जो विशाल सभागार में जमा हो सकते थे, वे मंच की शोभा बढ़ाने वाले सबसे प्रतिष्ठित मेहमानों की प्रतीक्षा कर रहे थे। मेहमान मंच पर इस क्रम में आए, स्पेन की रानी, मैगी और राजा। वे, निवर्तमान आईएसए अध्यक्ष, शानदार और भव्य, अपने सामान्य सफेद कपड़े पहने हुए, दर्शकों का अभिवादन कर रही थीं। वे एक अद्भुत व्यक्ति थी, एक अद्वितीय प्रतिभा, जिसका अनुकरण करने की किसी को आशा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने अपने आसपास सभी का समर्थन किया लेकिन कभी उनसे खुद के अलावा अन्य होने की उम्मीद नहीं की। दुनिया भर के समाजशास्त्री उनके व्यक्तित्व को बहुत याद करेंगे। लेकिन विषय में उनका योगदान लंबे समय तक रहेगा। ■

26 जून 2023

> विवेचनात्मक सिद्धांत और वैश्विक समाजशास्त्र

एक दूसरे के सहयोगी?

स्टीफन लेसेनिच, फ्रैंकफर्ट इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिसर्च, जर्मनी द्वारा



1920 के दशक में इंस्टीट्यूट फर सोजियालफोर्सचुंग, फ्रैंकफर्ट एम मेन

इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल रिसर्च और तथाकथित फ्रैंकफर्ट स्कूल की 100वीं वर्षगांठ, यह पूछने का क्षण है कि विवेचनात्मक सिद्धांत की *फ्रैंकफर्ट शैली* क्यों खत्म हो गई है– और उसने ऐसा कब किया। अक्सर, विवेचनात्मक सिद्धांत का संचारी रूप, 1980 के दशक की शुरुआत में जैसा जुर्गन हेबरमास द्वारा संसाधित किया गया, को इसके महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जाता है। हेबरमास के कदम ने न केवल विवेचनात्मक–सैद्धांतिक सोच के प्रभावी विभौतिकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि इसने वर्ग विश्लेषण और पूंजीवादी पुनरुत्पादन के तर्कों को, यदि हाशिये पर नहीं, तो दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इसके अलावा, हेबरमास की उदार लोकतंत्र की एक अंतर्निहित आलोचना पर फोकस ने विवेचनात्मक सिद्धांत की दूसरी पीढ़ी को आधुनिकता की ''अधूरी परियोजना'' के राजनीतिक समापन पर जोर देने के लिए तैयार किया, जिसमें यूरोपीय संघ मानक इच्छा का मुख्य उद्देश्य बन गया और पछेती–आधुनिक, उत्तर–राष्ट्रीय समाज के सामाजिक–लोकतांत्रिक डिजाइन का संभावित रोल मॉडल।

> यूरोकेंद्रित विवेचनात्मक सिद्धांत वैश्वीकरण से चूक गया

इस पृष्ठभूमि में, यह दावा करना अतिश्योक्ति नहीं लगती कि किसी तरह से विवेचनात्मक सिद्धांत वैश्वीकरण से चूक गया। कम से कम कुछ हद तक अपने *हेबरमासी* मुख्यधारा में, यह एक एक विशिष्ट यूरोकेन्द्रवाद, या पाश्चात्यवाद (ऑक्सिडेंटलिज्म) से जुड़ा रहा, जिसने पहले ही पहली पीढ़ी के अधिकांश प्रतिनिधि को परिभाषित किया था। प्रथम विश्व युद्ध के बाद, प्रारंभिक विवेचनात्मक सिद्धांत पश्चिमी यूरोप में पूंजीवादी वर्चस्व के खिलाफ एक असफल (या अनुपस्थित) श्रमिक वर्ग क्रांति की पहेली से प्रेरित था, 1930 के दशक के प्रारम्भ से, इसने विस्मित होकर फासीवाद के भौतिक और मनोवैज्ञानिक–सामाजिक नींव और राष्ट्रीय समाजवाद के उदय के बारे में सोचा, 1945 के बाद, और दो दशकों से अधिक समय तक (1960 के दशक के अंत में छात्र आंदोलन तक), यह इस सवाल से प्रेरित था कि फासीवादी जर्मनी में क्या लोकतंत्र केवल औपचारिक रूप से ही आगे बढ़ सकता है? (या, इस विशेष प्रश्न से आगे बढ़ते हुए कि तर्क के मिथक और विनाश में बदल जाने के बाद सामाजिक मुक्ति की क्या संभावना हो सकती है)। तो, शुरुआत से ही और इसके पूरे इतिहास में, और लगभग दो दशकों के अमेरिकी हस्तक्षेप के बावजूद, विवेचनात्मक सिद्धांत का काफी यूरोपीय रंग–रूप था, और इसने इसे आज तक बरकरार रखा है। पूंजीवादी आधुनिकीकरण के मानक विरोधाभासों की जांच करने को, जैसा कि इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिसर्च ने 21वीं सदी की शुरुआत से करने का दावा किया है, इस संरचनात्मक पूर्वाग्रह का प्रतिबिंब कहा जा सकता है: एक बार पुनः, वैज्ञानिक (और राजनीतिक) एजेंडा पश्चिमी आधुनिकता की एक अंतर्निहित आलोचना के आसपास केंद्रित था, जिस पर व्यक्तिगतकरण और आत्मनिर्णय को एक मुक्तिवादी वादे से एक संस्थागत मांग में परिवर्तित करने का आरोप लगाया गया था।

शेष (पूंजीवादी) दुनिया के परिप्रेक्ष्य से, ऐसा शोध एजेंडा स्पष्ट रूप से अजीब और आत्म–संदर्भित प्रतीत होता है। एक शताब्दी से, और इसके लगभग सभी शास्त्रीय और समकालीन रूपों में, एक ओर पश्चिमी उपनिवेशवाद और राजसी शासन दोनों, और दूसरी ओर, उच्च, पछेती और नवीनतम पूंजीवाद के विवेचनात्मक सिद्धांत (पूंजी के साथ) से विउपनिवेशवाद का इतिहास और उत्तर–उपनिवेशवाद स्पष्ट रूप से अनुपस्थित रहे हैं। विवेचनात्मक सिद्धांत के भीतर यूरोप और यूरोपीय ऐतिहासिक अनुभव को प्रांतीयकृत करने का या स्वयं विवेचनात्मक सिद्धांत का कोई भी प्रमुख, व्यापक या दीर्घकालिक प्रयास नहीं रहा है। हाल के दिनों तक, पूंजीवादी पुनरुत्पादन के तर्क की विवेचनात्मक सिद्धांतकारों द्वारा की गई आलोचना पश्चिमी पूंजीवाद के तर्क का पर्याय था: ऐसी आलोचना का मानक क्षितिज यूरोपीय ज्ञानोदय द्वारा प्रसारित समान मूल्यों की कालातीत सूची तक सीमित है, और सभी विश्लेषणात्मक और नैदानिक सोच के लिए इसका अनुभवजन्य संदर्भ लगभग विशेष रूप से पश्चिमी गोलार्ध (या, हाल ही में, वैश्विक उत्तर) में समृद्ध लोकतंत्रों की सामाजिक वास्तविकता (या जिसे इस तरह चित्रित किया जा रहा है) से बना है।

>>

> विवेचनात्मक सिद्धांत और वैश्विक समाजशास्त्र

ऐसा कहने के बाद, यह बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि विवेचनात्मक सिद्धांत को स्वयं को, जिसे मैं वैश्विक समाजशास्त्र कहता हूँ, तक खोलने में रुचि होनी चाहिए। लेकिन वैश्विक समाजशास्त्र को विवेचनात्मक सिद्धांत के बारे में चिंता क्यों करनी चाहिए?

वैश्विक समाजशास्त्र के बारे में मेरी समझ क्या है, मैं संक्षिप्त में बताना चाहता हूं। सबसे पहले, वैश्विक समाजशास्त्र अपने विश्लेषणात्मक परिप्रेक्ष्य में संबंधपरक है। वह व्यवस्थित रूप से पूंजीवादी विश्व व्यवस्था में एक स्थान पर सामाजिक घटनाओं को अन्य स्थानों पर क्या हो रहा है (और हुआ है) से जोड़ता है: पश्चिमी आर्थिक सफलता को अन्यत्र ''सस्ते'' श्रम और प्रकृति के शोषण से जोड़नाय किसी भी ''राष्ट्रीय समाज'' में जीवन की संभावनाओं की सामाजिक संरचना को वर्चस्व की (बदलती) भू–आर्थिक और भू–राजनीतिक संरचनाओं से जोड़नाय या किसी प्रदत्त राजनीतिक व्यवस्था के संभावित वैधीकरण से उसके स्थिर कामकाज की लागतों और स्थितियों को प्रभावी ढंग से बाहर करने की संभावना से जोड़ना। दूसरा, वैश्विक समाजशास्त्र अपने अनुभवजन्य दृष्टिकोण में, स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और प्रथाओं की बहुलता, जो ''वास्तविक पूंजीवाद'' (और पूंजीवादी यथार्थवाद) के संस्थागत तर्क और रोजमर्रा के जीवन–संसार को निर्मित करती हैं, का व्यवस्थित रूप से ध्यान में रखने के रूप में, केंद्र से हटा (डीसेण्टरड) हुआ है। तीसरा, वैश्विक समाजशास्त्र परिस्थितियों और उनकी असमान स्थिति को देखते हुए– वैश्विक युग में पूंजीवादी पुनरुत्पादन के महत्वपूर्ण पुनर्निर्माण में लगे शोधकर्ताओं का सहकारी, गैर–प्रतिस्पर्धी समुदाय जहां तक संभव हो दुनिया भर से अनुसंधान को अपने पेशेवर आचरण में नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

स्पष्टः, यह केवल एक शैलीबद्ध ही नहीं बल्कि एक आदर्श चित्र है: एक संभावित वैश्विक समाजशास्त्र का एक आदर्श–विशिष्ट संस्करण– और दृष्टि। तीसरी विशेषता के संबंध में विशेष रूप से, वास्तविक–मौजूदा वैश्विक समाजशास्त्र आदर्श प्रकार से कम पड़ता है, क्योंकि वैश्विक समाजशास्त्री अक्सर अकादमिक क्षेत्र की राजनीतिक अर्थव्यवस्था के बल के कारण व्यक्तिगत, क्षेत्रीयकृत और/या राष्ट्रीयकृत होते हैं। निश्चित रूप से गुरुत्वाकर्षण के कुछ संस्थागत केंद्र हैं, चाहे वह अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्रीय संघ के संदर्भ में हो या (क्षेत्रीय रूप से) कॉन्सेजो लैटिनोअमेरिकानो डे सिएनसियास सोशलेस केय और वैश्विक संवाद तो है ही । लेकिन अभी भी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

> विवेचनात्मक सिद्धांत वैश्विक समाजशास्त्र को सूचित कर सकती है

एक बार फिरः इस मार्ग पर विवेचनात्मक सिद्धांत, जो दुखद रूप से वि–वैश्वीकृत है, की क्या भूमिका हो सकती है? मेरे विचार में, विवेचनात्मक सिद्धांत, और इससे भी अधिक जो अपनी ऐतिहासिक जड़ों के प्रति चिंतनशील है, दोहरे अर्थ में निर्माणशील वैश्विक समाजशास्त्र को सूचित कर सकती है। एक ओर, यह विश्व स्तर पर संलग्न समाजशास्त्र के लिए एक निश्चित रूकावट के साथ सुधारात्मक के रूप में काम कर सकता है ताकि हर कोने के आसपास ''क्रांतिकारी विषय'' की पहचान करने में सक्षम हो सके। इस प्रकार वैश्विक समाजशास्त्र को ख्याली पुलाव से उतना ही दूर रखा जा सके जितना कि उस समय के सामाजिक आंदोलन के एक असंदिग्ध सह–भाईचारे से। दूसरी ओर, और कुछ हद तक विरोधाभासी तर्क में, विवेचनात्मक सिद्धांत वैश्विक समाजशास्त्र को प्रभावी ढंग से आश्वस्त कर सकता है कि जिन सामाजिक विकृतियों और सामाजिक अंतर्विरोधों को हम देख रहे हैं, उनके मूल में अपनी सभी किस्मों के साथ यह पूंजीवाद है। अमेरिका पर कब्जे से लेकर हाल ही में किला बने यूरोप तक, यह पूंजीवाद ही है जो विश्व स्तर पर काम कर रहा है और अभी भी काम कर रहा है। और आइए इसका सामना करें: पूंजीवाद मारता है।

यथोचित हो या न हो, मैं वैश्विक समाजशास्त्र और विवेचनात्मक सिद्धांत को एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखता हूँ। निश्चित रूप से, उनके हथियार, सामाजिक अनुसंधान और वैज्ञानिक आलोचना हैं। ■

सभी पत्राचार स्टीफन लेसेनिच को <lessenich@soz.uni-frankfurt.de> पर प्रेषित करें।

कपास उपनिवेशवाद

पूंजीवाद पर उत्तर–औपनिवेशिक पुनर्विचार

गुरमिंदर के. भाम्बरा, ससेक्स विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम द्वारा

कपास का बागान. श्रेयः आईस्टॉक, मार्क कैस्टिग्लिया, 2023

एक विशिष्ट सामाजिक–आर्थिक गठन के रूप में आधुनिक पूंजीवाद का विचार कई अलग–अलग समाजशास्त्रीय दृष्टिकोणों, विशेष रूप से मार्क्स और वेबर से प्रेरित कार्यों में आम है। यह विवेचनात्मक सिद्धांत के लिए भी सच है, जो मानव मुक्ति और संभावनाओं के बारे में अपने मानक तर्कों को जिसे नैन्सी फ्रेजर और राहेल जैगी (2018), ''इतिहास में ऐतिहासिक रूप से प्रकट होता संचय शासनों का एक पथ–निर्भर अनुक्रम' कहते है, के साथ जोड़ता है।

यह विकास क्रम आमतौर पर आधुनिक पूंजीवाद के उद्भव को यूरोप में छोटे उत्पादकों के क्षेत्र में, जो लाभ के लिए व्यावसायिक अवसर पैदा करने के लिए सामंती सामाजिक व्यवस्थाओं की प्रस्थिति पदानुक्रम को बाधित करता है, में स्थित करता है। इसमें आधुनिक पूंजीवाद का औपनिवेशिक संदर्भ छूट जाता है। उदाहरण के लिए, घरेलू श्रम बाजार के निर्माण के लिए आवश्यक घरेलू संलग्नक आंदोलन को भूमि और श्रम के विनियोग में इसकी विदेशी अभिव्यक्ति से अलग किया गया है। यह उपनिवेशवाद की राज्य–संगठित राजनीतिक प्रक्रियाओं, जो इस विनियोजन में सम्मिलित है, से भी अलग है और जो घरेलू उत्पादन का एक आवश्यक हिस्सा थी।

इस संक्षिप्त लेख में, मैं उपनिवेशवाद को पूंजीवाद के मूलभूत तत्व के रूप में समझने और यह भी कि यह कैसे गठित होता है, की आवश्यकता के लिए तर्क देती हूँ। मैंने अन्यत्र एक लंबा सैद्धांतिक औचित्य प्रस्तुत किया है। यहां मैं एक ऐसे उदाहरण पर चर्चा करना चाहती हूं जो मेरे सामान्य तर्क का प्रतीक है। इससे पता चलता है कि विवेचनात्मक सिद्धांत सहित सामाजिक विज्ञानों में पूंजीवाद की जो समझ प्रस्तुत की जाती है, वह किस प्रकार यूरोकेंद्रित है और इसमें उपनिवेशवाद का लोप शामिल है।

> कपास के बिना कपास उद्योग

उन्नीसवीं सदी के मध्य में, कताई और बुनाई में तकनीकी सुधार के माध्यम श्रमिकों की तैनाती से मैनचेस्टर में कपास उद्योग की सफलता ने एक छोटे प्रांतीय शहर को एक वैश्विक शहर में बदल दिया। इसने औद्योगिक क्रांति के भीतर मैनचेस्टर की लगभग प्रतिष्ठित केंद्रीयता सुनिश्चित की और इस प्रकार पूंजीवाद की समझ के भीतर इसकी केंद्रीय स्थिति सुनिश्चित की।

जैसा कि उत्सा पटनायक प्रासंगिक रूप से पूछती हैं: एक ऐसा देश जो कच्चा माल– कपास– का उत्पादन नहीं करता था, उसने अपनी औद्योगिक क्रांति का आधार सूती वस्त्रों को कैसे बनाया? कपास एक ऐसा पौधा है जो भारत का मूल निवासी है, न कि ब्रिटेन या यूरोप का। कपास की खेती और सूती वस्त्रों का निर्माण सिंधु घाटी सभ्यता में 5,000 वर्ष पुराना है, भारत लंबे समय से दुनिया भर में सूती वस्त्रों का निर्यातक रहा है।

1600 के दशक में, इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत से बड़ी मात्रा में सूती वस्त्रों का आयात करना शुरू किया। सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, नवीन वस्त्रों की लोकप्रियता ने ऊनी कपड़ा व्यापारियों को इसकी बिक्री और खपत पर पूर्ण कानूनी प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार में याचिका दायर करने को प्रेरित किया, यहां तक कि "ऊनी कफन के अलावा किसी अन्य चीज में दफनाना भी अवैध बना दिया गया"। ऐसी नीतियां अठारहवीं शताब्दी के अंत तक जारी रहीं, जिससे ऊन व्यापार की रक्षा हुई लेकिन इससे घरेलू कपास उद्योग के लिए स्थितियां तैयार हुईं।

> ऐतिहासिक और समाजशास्त्रीय उपेक्षा

भारतीय कपड़ा आयात को लक्षित करने वाली व्यापारिक नीतियों के माध्यम से आयोजित संरक्षणवाद की 150 साल की अवधि, वह संदर्भ था जिसमें मैनचेस्टर का कपास उद्योग आगे बढ़ने और फिर फलने–फूलने में सक्षम हुआ। हालांकि, जैसा कि पटनायक का तर्क है, ब्रिटेन में औद्योगिक क्रांति और तकनीकी परिवर्तन के बारे में किसी भी प्रमुख इतिहासकार जैसे डीन और कोल, या लैंडेस, या हॉब्सबॉम, या फ्लौड और मैकक्लोस्की, या हिल ने उल्लेख नहीं किया है, न ही आधुनिक दुनिया के उद्भव या राजनीतिक अर्थव्यवस्था के मुद्दों में रुचि रखने वाले समाजशास्त्रियों द्वारा इसका उल्लेख किया गया है।

अठारहवीं सदी के प्रारम्भ में, तैयार वस्त्रों के व्यापार के आधार पर, वैश्विक बाजार में 25% हिस्सेदारी रखने वाली ब्रिटिश औपनिवेशिक नीतियों ने भारत को उन्नीसवीं सदी के अंत तक ब्रिटिश उद्योग के लिए कच्चे कपास का आपूर्तिकर्ता बनने तक सीमित कर दिया था। भारतीय विनिर्माण को व्यवस्थित रूप से नष्ट कर दिया गया, साथ ही भारतीय आजीविका और उस पर निर्भर जीवन को भी नष्ट कर दिया गया।

इसके साथ–साथ, अंग्रेजों ने संयुक्त राज्य अमेरिका के बागानों में गुलाम और जबरन श्रम द्वारा उत्पादित सस्ते कच्चे कपास का भी उपयोग किया। हालाँकि, कपास के बागान न केवल अमेरिका के दक्षिणी राज्यों में पाए जाते थे, बल्कि उन्नीसवीं सदी में, पूरे भारत और पश्चिम अफ्रीका में भी पाए जाते थे। उदाहरण के लिए, 1840 के दशक में, मैनचेस्टर चौंबर ऑफ कॉमर्स और नव स्थापित कॉटन सप्लाई एसोसिएशन ने ब्रिटिश विनिर्माण की सेवा के लिए स्वदेशी कपास की तुलना में कपास की 'न्यू ऑरलियन्स' किस्मों की खेती को विशेषाधिकार देने के लिए भारत में औपनिवेशिक सरकार की पैरवी की।

> उपनिवेशवाद से पूँजीवाद का उदय

तो जैसा कि हम देख सकते हैं, ब्रिटेन की औद्योगिक ताकत एक अंतर्जात औद्योगिक क्रांति पर निर्भर नहीं थी। इसमें भारत में विनिर्माण का व्यवस्थित विनाश, जबरन और गुलाम श्रम पर आधारित एक वैश्विक बागान अर्थव्यवस्था की स्थापना, और अपने माल की बिक्री के लिए बाजारों को जबरन खोलना शामिल था। इसलिए, उपनिवेशवाद को औद्योगिक के रूप में देखे जाने वाले विकास के अभिन्न अंग के रूप में समझा जाना चाहिए ऐसी प्रक्रियाओं में शामिल विनियोग के रूपों को केवल श्रम से अधिशेष मूल्य के विनियोग (चाहे मुक्त या अमुक्त) के रूप में नहीं समझा जा सकता है: इसके बजाय हमें भूमि के विनियोग और अन्यत्र वाणिज्य और विनिर्माण के विनाश पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। और जिसे उत्तरवर्ती पूंजीवाद के उद्भव के लिए आधार माना जाता है।

ऐसी प्रक्रियाओं में शामिल विनियोग के रूपों को केवल श्रम से अधिशेष मूल्य के विनियोग (चाहे मुक्त या अमुक्त) के रूप में नहीं समझा जा सकता है: इसके बजाय हमें भूमि के विनियोग और अन्यत्र वाणिज्य और विनिर्माण के विनाश पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

> समझ के बिना परिवर्तन संभव नहीं

ऐसा पुनर्विन्यास आवश्यक होने का कारण यह है कि, पूंजीवाद के अधिकांश आलोचनात्मक दृष्टिकोण पूंजी–श्रम संबंध के भीतर निहित प्रतिरोध की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यही वह चीज है जिसे पूंजीवाद के परिवर्तन की कुंजी के रूप में लिया जाता है। इस प्रकार, श्रम द्वारा उत्पन्न और पूंजी द्वारा अनुचित रूप से प्राप्त किये गए अधिशेष पर निर्देशित वितरणात्मक न्याय, दुरुपयोग के अन्य रूपों की उपेक्षा करता है, वे रूप जो दीर्घकालिक हैं और पूंजीवाद के विन्यास के लिए केंद्रीय हैं। ■

सभी पत्राचार गुरमिंदर के. भाम्बरा को <G.K.Bhambra@sussex.ac.uk> पर प्रेषित करें।

> द पेरीफेरी राइट्स बैक

औपनिवेशिक अनुभवों को बयां करना

मैनुएला बोटका, फ्राईबर्ग विश्वविद्यालय, जर्मनी और ऐतिहासिक समाजशास्त्र पर आईएसए अनुसंधान समिति (आरसी 56) के सदस्य द्वारा

सन् 2004 में, मेक्सिको सिटी में ''क्रिटिकल थ्योरी इन द डायलाग बिटवीन यूरोप एंड लैटिन अमेरिका एंड द प्रेजेंट टास्कस ऑफ क्रिटिक" को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। अधिकांश जर्मन और लैटिन अमेरिकी विद्वानों के सामने बोलते हुए, अर्जेंटीना के दार्शनिक एनरिक डसेल ने ''क्रिटिकल थ्योरी से मुक्ति के दर्शन तक: संवाद के लिए कुछ विषय'' शीर्षक से अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा कि वह मुख्य रूप से'' संवाद के 'कर्त्ता' और *उनका उद्घोष*: हम कौन हैं और हम कहाँ से बोलते हैं, को गंभीरता से लेना चाहते है। डसेल ने कहा कि, न केवल ऐसे संवाद यदा कदा होते हैं और उनके शब्द कभी–कभी अस्पष्ट होते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी सममित रूप से होते हैं।

इसके बजाय, इक्कीसवीं सदी के लिए ''वैश्विक वैधता के साथ आलोचनात्मक दर्शन'' का मुख्य कार्य, जो उनके विचार में अभी तक निर्मित नहीं हुआ है, ''वैश्विक प्रणाली (परिधीय देशों) से बाहर किए गए लोगों और विशेष राज्यों (गरीब जनता) के भीतर बहिष्कृत लोगों के परिप्रेक्ष्य को स्थापित करना'' होगा (डसेल, 2004)। यह अपील अन्य समकालीन और साथ ही पहले की अपीलों के साथ अच्छी तरह से मेल खाती है कि: लैटिन अमेरिकी निर्भरता सिद्धांतकारों द्वारा परिधि के परिप्रेक्ष्य से विकास के विश्लेषण का आह्वानय मारिया मिज, वेरोनिका बेनहोल्ड–थॉम्सन और क्लाउडिया वॉन वर्लहोफ जैसे जर्मन नारीवादी निर्वाह सिद्धांतकारों द्वारा ''नीचे से विचार'' शामिल करने के लिए की गयी दलीलय '' तीसरी दुनिया के नारीवादियों का विरोधी स्थानों'' से गुलामी और उपनिवेशवाद के इतिहास को पुनः लिखने का प्रस्ताव, और 1980 और 90 के दशक में ज्ञानमीमांसीय दावों को आधार बनाने वाले नस्ल और लिंग के ''दृष्टिकोण सिद्धांतों'' की बढ़ती संख्या।

> एक अनुत्तरित अपील

आज डसेल की दलील के लगभग बीस साल बाद, अधीनस्थ, परिधीय और मतभेदीय दृष्टिकोण, औपनिवेशिक विषय का अनुभव और आस्थापकता, और वैश्विक ज्ञान उत्पादन और परिसंचरण में ज्ञानमीमांसात्मक स्थान की भूमिका उत्तर–औपनिवेशिक और विऔपनिवेषिक दृष्टिकोणों के केंद्र में अच्छी तरह से स्थापित है। दोनों मिलकर, वे एक ऐसे सिद्धांत की रचना करते हैं जो वैश्विक शक्ति संबंधों के लिए आलोचनात्मक है। लेकिन क्या यह आलोचनात्मक सिद्धांत, या फ्रैंकफर्ट स्कूल के विवेचनात्मक सिद्धांत के समान है? दूसरे शब्दों में, क्या 2004 की संगोष्ठी में परिकल्पित संवाद वास्तव में हुआ है?

इन सभी प्रश्नों का संक्षिप्त उत्तर ''नहीं'' है। एक लंबे उत्तर में डसेल के दावे को शामिल करते हुए, शायद शुरुआत भी इसी से करनी होगी कि, वैश्विक आर्थिक असमानताओं से आंखें मूंदकर, द्वितीय फ्रैंकफर्ट स्कूल ने ''नकारात्मक आलोचना'' को छोड़ दिया था और इस तरह वे ऐतिहासिक वास्तविकता और परिधि में चालू ''भुखमरी की नकारात्मकता'' दोनों के ''वास्तव में आलोचनात्मक होना बंद हो गए थे''। एक विवेचनात्मक सिद्धांत जिसने पूंजीवादी व्यवस्था के मूल में जीवन स्तर को अपने शुरुआती बिंदु के रूप में लिया, डसेल ने स्पष्ट रूप से हेबरमास के संदर्भ में चेतावनी दी, वह न केवल यूरो–केंद्रित रहा, बल्कि उसने एक ''प्रांतीय पक्षपात'' का भी प्रदर्शन किया जो परिधि में रहने वालों के लिए अपमानजनक है। जिस प्रकार एक ही दृष्टिकोण के भीतर पीढ़ियों के बीच अंतर व्याप्त हैं, उत्तर–औपनिवेशिक और उपनिवेशवादी दृष्टिकोणों के बीच फोकस, कार्यक्षेत्र और डिग्री के अंतर भी मौजूद हैं। वैश्विक पूंजीवाद की राजनीतिक अर्थव्यवस्था 1990 के दशक में संस्कृति, पहचान और प्रतिनिधित्व के मुद्दों पर केंद्रित एंग्लोफोन–उत्तर–औपनिवेशिक दृष्टिकोण की तुलना में 2000 के दशक में निर्भरता सिद्धांत और विश्व–प्रणाली विश्लेषण से प्रेरित लैटिन अमेरिकी विऔपनिवेशिक दृष्टिकोण के लिए तर्कसंगत रूप से अधिक महत्वपूर्ण थी– परन्तु आज ऐसा नहीं है या ऐसा सभी लेखकों के लिए नहीं है। 2008 में औपनिवेशिक और शाही शासन की आलोचना की विभिन्न वंशावली के बारे में लिखते हुए, वेनेजुएला के मानवविज्ञानी और विऔपनिवेशिक विद्वान फर्नांडो कोरोनिल ने बताया कि, अमेरिका में, आलोचना निर्भरता की राजनीतिक अर्थव्यवस्था के आसपास केंद्रित थी, जबकि अफ्रीका और एशिया के नए स्वतंत्र राज्यों में, यह उपनिवेशवाद और उत्तरउपनिवेशवाद के अनुक्रम के आसपास क्रिस्टलीकृत हो गयी थी। दोनों आलोचनात्मक परंपराओं के बीच संवाद का आह्वान करते हुए, कोरोनिल ने मतभेदों के बजाय पूरकता पर ध्यान केंद्रित किया: "विभिन्न स्थानों से उपनिवेशवाद के प्रति आलोचनात्मक प्रतिक्रियाएँ अलग–अलग लेकिन पूरक रूप लेती हैं। जहाँ एशियाई परिप्रेक्ष्य से यूरोपीय विचार को 'प्रांतीय बनाना' आवश्यक हो गया है, लैटिन अमेरिकी परिप्रेक्ष्य से परिधि को वैश्वीकृत करना अपरिहार्य हो गया है: स्व–निर्मित आधुनिक महानगरीय केंद्रों और पिछड़े परिधीय प्रतीत होने वाले विश्वव्यापी गठन को पहचाना जाना आवश्यक हैं"।

> लंबे समय से प्रतीक्षित उत्तर

यूरोकेंद्रित आलोचनात्मक सिद्धांत (एकवचन में) का परिधीय द्वारा वापस लिखना– चाहे निर्भरता सिद्धांत, सबाल्टर्न अध्ययन, या विउपनिवेशवाद के रूप में– एक महत्वपूर्ण कदम था। विश्व–प्रणाली

>>

''विवेचनात्मक सिद्धांतों के बीच एक सममित संवाद होने के लिए, और इसे जारी रखने के लिए, हमें विवेचनात्मक सिद्धांत उत्पादन के भौगोलिक और ज्ञानमीमांसीय स्थानों का बहुलीकरण करना होगा।''

की परिधि में सामाजिक आर्थिक स्थितियाँ, साथ ही मुख्य क्षेत्रों के भीतर कथित तौर पर गैर–आधुनिक सामाजिक संबंध, इस प्रकार आधुनिकता के बाहर निर्वासित होने के बजाय, आधुनिकता और उसके तल, उपनिवेशवाद के घटक के रूप में सामने आए। चल संपत्ति की गुलामी और उसके परिणाम, केंद्र और परिधि दोनों में नस्लीय रूप से पृथक कार्यबल, अमेरिका में शोषक पूंजीपति वर्ग और ''दोहरी अर्थव्यवस्था'', अफ्रीका और मध्य पूर्व में पितृसत्तात्मक लैंगिक संबंध, और सभी उपनिवेशित क्षेत्रों में श्रम और गैर– श्रमिक मजदूरों के रूपों का सह–अस्तित्व, अब परिधि के कथित पिछड़ेपन के सबूत के रूप में काम नहीं कर सकता था, बल्कि वह औपनिवेशिक और शाही शासन के कारण बनी उलझनों के सबूत के रूप में काम कर सकता था।

विवेचनात्मक सिद्धांतों (बहुवचन में) के बीच एक सममित संवाद होने के लिए, और इसे जारी रखने के लिए, हमें विवेचनात्मक सिद्धांत उत्पादन के भौगोलिक और ज्ञानमीमांसीय स्थानों का बहुलीकरण करना होगा। औपनिवेशिक और शाही अनुभव को ऐतिहासिक वास्तविकता के विश्लेषण के लिए केंद्रीय बनाना और शक्ति संबंधों की मौजूदा भौतिकता एक अत्यधिक गैर–आलोचनात्मक, प्रस्तुतवादी और यूरोकेंद्रित सामाजिक विज्ञान जिसमें से गैर–पश्चिमी, गैर–यूरोपीय और गैर–श्वेत अनुभव लंबे समय से मिटा दिए गए हैं, अभी भी नियम के बजाय अपवाद है। परिणामस्वरूप, बीसवीं सदी के अंत तक असमानता और स्तरीकरण का एक समाजशास्त्र उभरा जिसने पश्चिम में नस्ल और जातीयता की उपेक्षा कीय पूंजीवादी विकास का एक समाजशास्त्र जिसने दास अर्थव्यवस्थाओं, अनुबंधित श्रम और सभी प्रकार के गैर–पारिश्रमिक कार्यों को कम महत्व दियाय और उपनिवेशवादियों और औपनिवेशिक विषयों दोनों से रहित प्रवासन का समाजशास्त्र उभरा। सभी वृत्तांतों में महिलाओं का अनुभव गायब था, जिसे केवल आंशिक रूप से और धीरे–धीरे श्वेत पश्चिमी महिलाओं को वस्तुओं के रूप में और फिर पश्चिम में समाजशास्त्रीय उत्पादन के विषयों के रूप में शामिल करने से ठीक किया जा सका। कोरोनिल के शब्दों में विश्वव्यापी परिधीय अनुभव– परिधि का वैश्वीकरण– पूंजीवादी विश्व–अर्थव्यवस्था की केंद्रीय प्रक्रियाओं जैसे कि यूरोपीय औपनिवेशिक विस्तार, गुलामो का व्यापार और अमेरिका में यूरोपीय प्रवासन का वर्ग संघर्ष, सर्वहाराकरण और पश्चिमी यूरोपीय औद्योगिक राज्यों की सामाजिक गतिशीलता के रूप में दृश्यमान बना देगा, जिनके विश्लेषण पर समाजशास्त्र की स्थापना की गई थी। ■

सभी पत्राचार मैनुएला बोटका को <manuela.boatca@soziologie.uni-freiburg.de> पर प्रेषित करें। Twitter: @ManuelaBoatca

> समग्रता और बाह्यता

एक विऔपनिवेशी विवेचनात्मक सिद्धांत के लिए श्रेणियाँ

पेट्रीसिया सिपोलिटि रोड्रिग्ज, CUNY ग्रेजुएट सेंटर, यूएसए द्वारा

समाज के अध्ययन के लिए विवेचनात्मक सिद्धांत की प्रमुख विधियों में से एक है ''आसन्न आलोचना।'' इसे आंशिक रूप से, सामाजिक व्यवस्थाओं का एक प्रदत्त कुलक कैसे अपनी ही शर्तों पर गलत हो जाता है, के आकलन के रूप में वर्णित किया जा सकता है। मार्क्स (जिन्होंने इस संबंध में हेगेल का अनुसरण किया) का अनुगमन करते हुए, विवेचनात्मक सिद्धांतकार विरोधाभासों की पहचान करते हैं जो, जैसा कि नैन्सी फ्रेजर कहती हैं, समाज में ''आस्थगित'' मानदंडों और सामाजिक प्रतिभागियों द्वारा अपने कार्यों के माध्यम से महसूस की जाने वाली स्थितियों के बीच ''व्यवस्थित और गैर–आकस्मिक रूप से'' उत्पन्न होते हैं। मार्क्स का उत्कृष्ट उदाहरण बुर्जुआ समाज को परिभाषित करने वाली बाजार की स्वतंत्रता और श्रमिकों की ''भूखे रहने की स्वतंत्रता'' की आवर्तक वास्तविकता का संदर्भ देता है। तब विवेचनात्मक सिद्धांतकार उत्पन्न होने वाले संकटों और सामाजिक परिवर्तन की संभावनाओं, जो बदले में, इन्हे जन्म देती हैं, के लिए इन प्रवृत्तियों का विश्लेषण करते हैं।

परीक्षण के तहत प्रथाओं के ''भीतर'' से मानक मापदंडों को विकसित करके, विवेचनात्मक सिद्धांतकार मुख्यधारा के विश्लेषणात्मक नैतिक और राजनीतिक दर्शन के वैचारिक जाल को दरकिनार करने का प्रयोजन रखते हैं। जहां मुख्यधारा के दृष्टिकोण अक्सर यह मानते हैं कि ''न्याय'' या ''समानता'' जैसे आदर्श सभी सामयिकता और भौगोलिक क्षेत्रों में लागू होते हैं, वहीं विवेचनात्मक सिद्धांतकार आदर्शों के पूर्ण ऐतिहासिक चरित्र को स्वीकार करते हैं– और फिर, असमानता की स्थितियों में, उनके लिए अपील प्रभुत्वशाली समूहों के हितों को चोरी छिपे ले आती है। पूंजीवादी समाजों में स्वतंत्रता की व्याख्या इसका एक उदाहरण है।

> समग्रता और यूरोकेन्द्रवाद

विऔपनिवेशी सिद्धांतकार इस बात पर जोर देते हैं कि यह पूरी कहानी नहीं है। अर्जेंटीना–मैक्सिकन दार्शनिक एनरिक डसेल के अनुसार, आसन्न आलोचना जैसे द्वंद्वात्मक तरीकों के साथ समग्रता का झूठा दावा एक केंद्रीय समस्या है। समग्रता की अवधारणा पश्चिमी मार्क्सवादियों और इस परंपरा से प्रभावित लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय है। वर्तमान संदर्भ में, समग्रता कम से कम दो अर्थ लेती है। सबसे पहले, आसन्न आलोचना यह निर्धारित करती है कि सामाजिक मूल्यांकन और परिवर्तन के लिए आवश्यक सभी मानक संसाधन आलोचना की वस्तु के भीतर से प्राप्त किए जा सकते हैं।समग्रता के रूप में की जाती है, जहां तक इसकी प्रक्रियाएं और संवेदनाएं हमारे ग्रह पर लगभग हर मानव समुदाय को आकार देती हैं। जहां तक पूंजीवादी समाज उस वस्तु का गठन करता है, इसमें आलोचना के लिए उपकरणों की समग्रता शामिल होती है। दूसरा, और संबंधित रूप से, जहां तक इसकी प्रक्रियाएं और संवेदनाएं हमारे ग्रह पर लगभग हर मानव समुदाय को आकारित करती हैं, पूंजीवाद की एक वैश्विक संरचनात्मक समग्रता के रूप में कल्पना की जाती है।

डसेल के अनुसार, ऐसी समग्र सोच यूरोकेंद्रित है। यह समस्यात्मक रूप से जीवन के असंख्य रूपों की अनदेखी करता है जो शायद पूंजीवादी समाज के निकट हैं लेकिन पूरी तरह से अलग हैं। महत्वपूर्ण रूप से, वस्तु की समग्रता के तथाकथित बाहरी पहलू, जहां लोग पश्चिमी पूंजीवादी आधुनिकता के लिए ''अन्यथा'' सोचते, कार्य करते और महसूस करते हैं, पद्धतिगत रूप से प्रासंगिक हैं। ये वास्तविक मानक विकल्प प्रस्तुत करते हैं – आदर्श, अवधारणाएँ, प्रथाएँ, इत्यादि– जिनके माध्यम से आलोचना की वस्तु का मूल्यांकन और परिवर्तन किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, जीवन जीने के गैर–पूंजीवादी तरीके ठोस शब्दों में प्रदर्शित कर सकते हैं कि प्रकृति के साथ गैर–निष्कर्षण संबंध का क्या मतलब है।

> विश्लेषणात्मकता और बाह्यता

डसेल ने परिणामी विऔपनिवेशी विधि को एनेलेक्टिक्स कहा, जहां ''एना–'' आलोचनात्मक दृष्टिकोण को वस्तु के ''भीतर'' के बजाय ''बाहर'' स्थित करता है। पूंजीवादी आधुनिकता के ''दूसरे पक्ष'' (या ''नीचे'') से सोचना ''अंदर से'' विवेचनात्मक सिद्धांत के द्वंद्वात्मक आकलन की तुलना में औपनिवेशिक विचार के विशिष्ट योगदानों में से एक है।

बाहरी विशेषताओं की विश्लेषणात्मक श्रेणी स्पष्ट या परोक्ष रूप से अधिकांश लैटिन अमेरिकी उपनिवेशवादी विचारों में उपस्थित है। एक उदाहरण *ग्लोबल डायलाग के अप्रैल 2023 के अंक* में मोनिका चूजी, ग्रिमालदो रेंगिफो, और एडुआर्डो गुदीनास द्वारा वर्णित ब्यून विविर (''अच्छी तरह से रहना'') की धारणा है जिसे वे ''दक्षिण अमेरिकी दृष्टिकोणों के समूह'' के रूप में देखते हैं जिसमें ''आधुनिकता पर प्रश्न उठाने वाले ऐसे अन्य दृष्टिकोण सम्मिलित हैं जो सोचने, महसूस करने और अस्तित्व के अन्य तरीकों –विशिष्ट इतिहासों, क्षेत्रों, संस्कृतियों और पारिस्थितिकियों में जमी अन्य तात्त्विकियों– को खोलते हैं।'' स्वदेशी परंपराएँ बड़े पैमाने पर ब्यून विविर परिप्रेक्ष्य को बताती हैं। इन लेखकों ने उल्लेख किया कि ब्यून विविर, अपने उद्गम स्थल, एंडियन देशों के भीतर और उनके बाहर तेजी से फैल गया है। यह पूंजीवादी विकास के विशिष्ट विकल्प के रूप में प्रकृति के अधिकारों की संवैधानिक पहचान के लिए सैद्धांतिक पृष्ठभूमि की पेशकश करता है। ब्यून विविर, बाह्यता में विकसित एक विचार, इस प्रकार विश्लेषणात्मक आलोचना को सक्षम बनाता है। बाह्यता के अन्य प्रमुख उपयोग न केवल स्वदेशी समुदायों के जीवन के तरीकों को संदर्भित करते हैं, बल्कि ग्रामीण किसानों, अफ्रीकी–वंशज आबादी, शहरी निर्धन और यहां तक कि क्षेत्र के अविकसित राष्ट्र–राज्यों के जीवन के तरीकों को भी संदर्भित करते हैं।

> पूंजी की वैश्विक पहुंच

मार्क्सवादी विचारधारा के प्रति झुकाव वाले विवेचनात्मक सिद्धांतकारों को एनालेक्टिक्स पथभ्रष्ट प्रतीत हो सकता है। उनके अनुसार, पूंजीवाद के किसी बाहरी पहलू को प्रस्तुत करना, पिछले 500 वर्षों में इमैनुएल वालरस्टीन ने जिसे ''आधुनिक विश्व–व्यवस्था'' कहा था, उसके एकीकरण को रूमानी रूप से नकारना है। यह विश्व स्तर पर समसामयिक सामाजिक क्षेत्र को परस्पर संबंधित

>>

"विवेचनात्मक सिद्धांतकार 'न्याय' या 'समानता' जैसे आदर्शों के संपूर्ण ऐतिहासिक चरित्र को स्वीकार करते है।"

भागों द्वारा गठित संरचना के रूप में समझने में असफल होना है, विशेष रूप से, मानवीय क्रिया के माध्यम से की जाने वाली गतिशील आर्थिक प्रक्रियाओं और सामाजिक प्रथाओं के एक समूह के रूप में, जो अधिशेष मूल्य के संचय का समर्थन करते हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, केंद्र और परिधि, शोषक और शोषित, अमीर और गरीब, नियोजित श्रमिक और अनियोजित श्रमिक आदि के बीच का संबंध सख्त पृथक्करण का नहीं है, बल्कि एक प्रणालीगत समग्रता के घटकों का और उनके बीच का है। इसके अलावा, पूंजी की पहुंच वैश्विक है। मुद्रा में व्यापार करना, वैश्विक बाजारों के ऊपर या नीचे के स्थानीय बाजारों में भाग लेना, ऋणग्रस्त होना, राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने के लिए बल तैनात करने वाली कंपनियों और राज्यों से संघर्ष करने का अर्थ इस समग्रता में सार्थक रूप से शामिल होना है। डसेल और अन्य उपनिवेशवादी लैटिन अमेरिकी विचारकों द्व ारा प्रयुक्त क्रियाविशेषणों "बिल्कुल", "मौलिक" या "अधिकतम" रूप से पूंजीवादी आर्थिक सर्किट से बहुत कम (यदि कोई हो) समुदाय बाह्यता का वर्णन करने के लिए अलग बने रहते हैं।

इस मार्क्सवादी चिंता के प्रकाश में, जो लोग बाह्यता की श्रेणी का उपयोग करते हैं, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि पूंजीवादी आधुनिकता, समग्रता जिस अर्थ में बाहरी समुदायों से भिन्न है, वह भौतिक नहीं है। अधिकांश विऔपनिवेशी विचारक विश्व–प्रणाली थीसिस को स्वीकार करते हैं कि: हम इसके बिना शोषण, निष्कर्षण या उत्पीड़न के समकालीन रूपों को पर्याप्त रूप से समझने में सक्षम नहीं होंगे। उल्टे प्रासंगिक पृथक्करण, अनुभवात्मक और मानक है। यानी, जो लोग बाह्यता में निवासित है वे अलग तरह से सोचते, महसूस करते और निर्णय लेते हैं। इसमें उन वर्गों की तुलना में बाजार के साथ अलग तरह से अंतःक्रिया करना शामिल हो सकता है जो इससे व्यवस्थित रूप से लाभान्वित होते हैं।

> आधुनिक द्वैतवाद के साथ समस्याएँ

यह प्रतिक्रिया फिर भी उन आलोचनात्मक सिद्धांतकारों को संतुष्ट करने में विफल होगी, जो उत्तर आधुनिक तरीके से, प्रमुख विश्लेषणात्मक प्रस्तावों में सक्रिय "आधुनिकता" की अवधारणा पर सवाल उठाते हैं। उनके विचार में, विश्लेषणात्मक प्रस्ताव आध ुनिकता को एक सांस्कृतिक एकता के रूप में निर्धारित करते हैं जो यांत्रिक कारण से, पूंजीवादी संचय, उपनिवेशवाद, इत्यादि से आकारित सोचने और महसूस करने के तरीकों को शामिल करती है– जिनसे सोचने, महसूस करने और होने के "अन्य" तरीके मौलिक रूप से भिन्न हैं।

उत्तरआधुनिक–झुकाव वाले आलोचकों के लिए, आधुनिकता की ऐसी अवधारणा, सबसे पहले, राजनीतिक रूप से संदिग्ध है। समेकित एकता में संस्कृतियों का पुनर्मूल्यांकन स्व/अन्य के वर्गीकरण सहित विचार के द्वैतवादी प्रतिमानों को बढ़ावा देता है। जैसा कि एडवर्ड सईद जैसे उत्तर–औपनिवेशिक विचारकों ने आगाह किया है, ऐसे वर्गीकरणों को "अन्य" आबादी को नियंत्रित करने के लिए आसानी से जुटाया जा सकता है। दूसरा, यह वर्णनात्मक रूप से गलत समझा गया है कि: सामाजिक जीवन के स्वरूप व्यवहारों की ऐतिहासिक रूप से प्रासंगिक और विजातीय संघटन हैं जो अंतर–सांस्कृतिक आदान–प्रदान के माध्यम से बदल सकते हैं। इसके अलावा, जो संकेत इन व्यवहारों को अर्थ प्रदान करते हैं, उन्हें उनके उद्भव के स्थान के कार्य से भिन्न कार्य करते हुए, सांस्कृतिक क्षितिज पर स्थानांतरित किया जा सकता है। जैसा कि ब्यून विविर के समर्थकों का सुझाव है, जीवनमार्गों और भौगोलिक क्षेत्र जहां वे उत्पन्न होते हैं, उनके बीच संबंध मौजूद हो सकते हैं। हालाँकि, ऐसे लिंक को आवश्यक, अपरिवर्तनीय, या मौलिक रूप से अप्राप्य नहीं माना जाना चाहिए।

> संकर संस्कृतियों के रूप में बाह्यताएं और मानक संसाधनों की बहुलता

"आधुनिकता" के संदर्भ में सोचने के बजाय, जो लोग बाह्यता की श्रेणी का उपयोग करते हैं, उन्हें "आधुनिकीकरण" के संदर्भ में सोचना चाहिए। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत समुदाय बाजार में मिलने वाले व्यवहारों की तरह आधुनिक प्रथाओं, प्रतीकों, प्रौद्योगिकियों और तर्कसंगतताओं से संलग्न होते हैं। इसके अलावा, विश्व–व्यवस्था में अपने भौतिक और राजनीतिक एकीकरण के कारण, समुदाय संलग्न होने से बच नहीं सकते हैं। (इस तरह और अन्य तरीकों से, असममित शक्ति ट्रांसकल्चरेशन प्रक्रियाओं पर निर्भर करती है।) लैटिन अमेरिकी सांस्कृतिक अध्ययनों से उधार ली गई शब्दावली अनुसार, बाह्यता "संकर संस्कृति" हैं जिसमें प्रतिभागी प्रतिदिन कई सह–मौजूदा तर्कसंगतताओं– "आधुनिक" और "पारंपरिक" वस्तुगत और गैर–वस्तुगत से आकर्षित हो सकते हैं और उदाहरण के लिए, पारंपरिक प्रथाओं को आधुनिक अर्थ और नवीन शुरू की गई प्रथाओं को ऐतिहासिक रूप से विशिष्ट अर्थ देना। दुनिया भर में हम कई आधुनिकताओं का सामना करते हैं: कई विशिष्ट और लगातार बदलती संकर संस्कृतियाँ जिनमें आधुनिक रूप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बाह्यता की श्रेणी सही रूप से इस बात पर जोर देती है कि सोचने, महसूस करने, होने और मूल्यांकन करने के तरीके अलग–अलग जगहों पर काफी भिन्न होते हैं, विशेष रूप से विश्व–प्रणाली के भीतर (स्वीकृत रूप से विषम) केंद्रों और परिधियों के बीच। लेकिन, उत्तर आधुनिक चिंता को ध्यान में रखते हुए, हमें यह पहचानना चाहिए कि स्थानों के बीच संबंध छिद्रदार और गतिशील हैं। हमें बाहरी समुदायों को रूमानी बनाने से बचना चाहिएय और हमें उन लोगों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जो वैश्विक उत्तर और पश्चिम में स्थित होते हुए भी, ऐसी प्रथाओं में संलग्न हैं जिनका अर्थ तथाकथित "आधुनिक" तर्कसंगतताओं से अधिक है जैसे देखभाल कार्य। आसन्न और विश्लेषणात्मक आलोचना दोनों के लिए वैश्विक संरचनाओं, यानी समग्रता की तगड़ी समझ की आवश्यकता होती है। हालाँकि, बाह्यता को अग्रभूमि में रखते हुए, विश्लेषणात्मक आलोचना हमारा ध्यान आलोचना के लिए मानक संसाधनों की जबरदस्त बहुलता की ओर ले जाती है जो दुनिया भर में, विशेष रूप से परिधि में मौजूद हैंय और रूपांतरण के संभावित बहुल पथ जिनकी वे पेशकश करते हैं। ■

सभी पत्राचार पेट्रीसिया सिपोलिटि रोड्रिग्ज को <patricia.cipollitti@gmail.com> पर प्रेषित करें।

> संस्कृति उद्योग

विवेचनात्मक सिद्धांत के लिए एक (राजनीतिक) अनुसंधान एजेंडा

ब्रुना डेला टोरेडे कार्वाल्हो लीमा, फ्रैंकफर्ट विश्वविद्यालय, जर्मनी और कैम्पिनास विश्वविद्यालय, ब्राजील द्वारा



चित्रण: अर्बू, 2023

> एडोर्नो और संस्कृति उद्योग

''संस्कृति उद्योग'' एक विवादास्पद अवधारणा है। ''संस्कृति उद्योग'' की अवधारणा के समरूप ''जन संस्कृति'' अभिव्यक्ति के उपयोग के संबंध में थियोडोर डब्ल्यू एडोर्नो की कई आपत्तियों के बावजूद, उत्तरार्ध को अभी भी आम तौर पर सांस्कृतिक वस्तुओं के (विशाल) संग्रह के साथ पहचाना जाता है। समाजशास्त्र की कई शाखाओं में, ''संस्कृति उद्योग'' या उस उद्योग का कुछ पहलू, सांस्कृतिक सामान जैसे टेलीविजन या रेडियो का पर्याय बन गया है। हेल्मुट बेकर के साथ अपनी बहस में, एडोर्नो ने हमें चेतावनी दी कि हम अकेले टेलीविजन का रुख न करें, बल्कि बाकी संस्कृति उद्योग प्रणाली के साथ मिलकर ही काम करें: केवल अनुभवजन्य रूप से संस्कृति उद्योग का अध्ययन सीमित है क्योंकि इसके प्रभावों को केवल दशकों के प्रदर्शन के बाद ही देखा जा सकता है। हालाँकि, डायलेक्टिक्स ऑफ एनलाइटनमेंट में, एडोर्नो और मैक्स होर्खाइमर ने संस्कृति उद्योग को ''रेडियो, सिनेमा और पत्रिकाओं'' से बनी एक ''प्रणाली'' के रूप में वर्णित किया है। यह एक सौंदर्यवादी और सांस्कृतिक प्रणाली है, लेकिन शायद सबसे महत्वपूर्ण, समाजीकरण की एक प्रणाली और एक उपकरण है जो इच्छाओं का निर्माण करता है और वास्तविकता के साथ तादात्म्य स्थापित करता है। यह अवधारणा विद्वता द्वारा नजरअंदाज किए गए श्रम–संबंधी पहलू पर जोर देती है क्योंकि यह काम के समकक्ष है– फोर्डिस्ट समाज का एक उल्टा दर्पण। हालाँकि, यह संस्कृति का एक राजनीतिक सिद्धांत भी है।

> मीडिया और फासीवाद का उदय

अल्फ्रेड ह्यूजेनबर्ग द्वारा व्यक्त, वाइमर गणराज्य के दौरान संस्कृति के कार्टेलाइजेशन और प्रतिक्रियावादी हाथों में इसके केन्द्रीकरण ने एडोर्नो को मीडिया और फासीवाद के उदय के मध्य संबंधों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। जहाँ एक ओर, रेडियो ने लोकतांत्रिक–विरोधी आंदोलन को बदल दिया थाय वहीं दूसरी ओर, संस्कृति उद्योग का वह सामाजिक रूप, जिसके माध्यम से व्यक्तिपरकता को कमतर किया जाता है और सितारों के साथ पहचान बनाई जाती है, ने ''एक उदासीन और पूर्व –पार्टी प्राधिकार"

>>

के रूप में प्रस्तुत होते हुए, फासीवादी राजनीतिक नेताओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

आस्पेक्ट्स ऑफ द न्यू राइट–विंग एक्सट्रेमिसम में, एडोर्नो ने एनपीडी (नेशनलडेमोक्राटिस पार्टे ईज्यूशलैंड्स) के उदय पर टिप्पणी की, जिसकी सफलता का रहस्य ''संगठन'' की अवधारणा से संबंधित था। एनपीडी ने खुद को किसी भी पक्षपातपूर्ण संप्रदायवाद से परे एक आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया। इस ''आंदोलन'' ने ''पार्टी'' के पारंपरिक रूप से अलगाव का अनुकरण किया, जो संस्थागत *रियलपोलिटिक* को निर्देशित करने वाले राजनीतिक और आर्थिक हितों से अलग था। इसके अलावा, एडोर्नो का तर्क है कि उसने प्रचार के माध्यम से ऐसा किया। उनकी विचारोत्तेजक टिप्पणियों से, हम मूल थीसिस का अनुमान लगा सकते हैं: संस्कृति उद्योग नया ''संगठन'' हो सकता है। ऐसा उद्योग, फासीवाद की संरचना और प्रसार में एक जन पार्टी की जगह ले सकता है।

यद्यपि एडोर्नो ने अपने पूरे कार्य के दौरान ''संस्कृति उद्योग'' को एक शोध एजेंडे में बदल दिया, परन्तु फिर भी वे उस अनुपात और दायरे को नहीं देख पाए जो यह प्रणाली ग्रहण कर सकती है।

> इंटरनेट की उदासीन सत्ता पुरानी राजनीति को विस्थापित कर देती है

इंटरनेट के आगमन से पहले, लोकतंत्र–विरोधी आंदोलनकारियों को व्यक्तिगत रूप से स्कूलों, चर्चों, रेडियो स्टेशनों, कारखानों, टेलीविजन स्टूडियो आदि में जाना पड़ता था। इन सभी क्षेत्रों में पहुंच, विशिष्ट नियमों द्वारा नियंत्रित और सीमित थी। फोर्डिज्म के तहत संस्कृति उद्योग पहले ही, रेडियो द्वारा, सड़क आंदोलनकारियों को लिविंग रूम में ले जाने वाला फासीवाद के मुख्य उपकरणों में से एक था। हालाँकि, इसने पार्टी की जगह नहीं ली। उत्पादक शक्तियों के नवीनतम विकास, यानी, समकालीन समाज के भीतर सामाजिक नेटवर्क के उद्भव और महत्व ने, इस प्रकार के आंदोलन के लिए किसी भी बाधा को तोड़ दिया है, साथ ही संचार के सबसे पारंपरिक साधनों को भी अवैध बना दिया है और पारंपरिक जन पार्टी को तस्वीर से बाहर कर दिया है। सामाजिक नेटवर्क किसी भी संगठन की अपेक्षा अधिक सामाजिक केशिकत्व प्रदर्शित करते हैं।

विचाराधीन बुनियादी ढांचे ने इस ''डिजिटल संस्कृति उद्योग'' का भौतिक आधार और इसके ''सांस्कृतिक'' स्वरूप का भी निर्माण किया है। ''पसंद/नापसंद'' की द्विआधारी युक्ति, क्षेत्र के एकाधिकार से जुड़ा लॉक–इन प्रभाव, लक्षित विज्ञापन के माध्यम से भावनाओं का हेरफेर, और कई अन्य सुविख्यात विशेषताओं ने आभासी सामाजिकता और उससे जुड़े समाजीकरण के रूपों के लिए मॉडल प्रदान किया है। साथ ही– सोशल मीडिया और नेटवर्क में राजनीतिक हेरफेर के प्रयोजनों के लिए बॉट्स जैसी युक्तियों का उपयोग इसके साथ जुड़ा है ।

इसके अलावा, इस नए दक्षिणपंथी कट्टरवाद की सफलता इस तथ्य के कारण है कि संस्कृति उद्योग, अपने डिजिटल संस्करण में, खुद को ''उदासीन प्राधिकारी'' के रूप में प्रस्तुत करता रहता है। इसका आर्थिक चरित्र इसके उत्पादों की ''मुक्त प्रकृति'' के पीछे छिपा हुआ है और इस तथ्य से और भी अस्पष्ट बनता है कि उसको पोषित करने वाली अधिकांश सामग्री का हम ही उत्पादन करते हैं और साझा करते हैं। एक ''उदासीन प्राधिकारी'' के रूप में, यह न केवल खुद को पारंपरिक पार्टियों से ऊपर ''मँडराने'' वाले के रूप में प्रस्तुत करता है, बल्कि यह दक्षिणपंथी आंदोलनों के लिए आदर्श माध्यम भी बन जाता है, जिनका उद्देश्य पुरानी राजनीति के विकल्प के रूप में प्रकट होना है।

> नया दक्षिणपंथी कट्टरपंथ और सामाजिक नेटवर्क

अतः, एक अत्यधिक व्यापक वस्तुनिष्ठ तंत्र और व्यक्तिपरकता के एक मॉडल के बीच अभिसरण है जो चरम दक्षिणपंथ का अत्यधिक समर्थन करता है। नया दक्षिणपंथी कट्टरपंथ संवाद और चिंतन के लिए दुर्दम्य नीति को संगठित करता है, जो सामाजिक नेटवर्क की विशेषताओं से गहराई से जुड़ा हुआ है, उदाहरण के लिए: ध्यान आकर्षित करने की नीति, जो मजबूत भावनात्मक अपील के साथ क्लिक बैट्स के उपयोग के माध्यम से कट्टरपंथ का पक्ष लेती है, राजनीतिक भागीदारी की भावना पैदा करने की क्षमता, लोगों द्वारा क्या उपभोग किया जाता है यह चुनने वाले अलगोरिदम, जो बदले में, सामग्री में घेराव पैदा करता है और हर विविध चीज का अपवर्जन करता है, जिससे 'अन्तः–समूह' और 'बाह्य–समूह' के गठन की सुविधा होती है। प्लेटफार्मों के संबंध में, जैसा कि जोसेफ वोगल ने सुझाव दिया है, डिजिटल संस्कृति उद्योग, अर्ध–लोकतांत्रिक हो जाता है।

दूसरों के बीच, ये तत्व, स्थानीय अधिनायकवाद को बढ़ाते हैं, जिनके आधार बेहद विविध हो सकते हैं, तथा उन्हें राजनीतिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण बनाने के लिए विस्तारित किया जाता है। ग्लोबल साउथ में, जहां उपनिवेशवाद के कारण लोकतंत्र ऐतिहासिक रूप से कमजोर हुआ है, संस्कृति उद्योग का प्रभाव और भी गहरा हो सकता है, जो अवधारणा के एक अनछुए पहलू: साम्राज्यवादी खुलासे को उजागर करता है। इस अर्थ में, संस्कृति उद्योग सांस्कृतिक साम्राज्यवाद का एक सिद्धांत भी हो सकता है।

दुनिया भर में चरम–दक्षिणपंथ के उदय ने फ्रैंकफर्ट स्कूल के अधिनायकवाद के अध्ययन में रुचि फिर से जगा दी है। फिर भी, 'संस्कृति उद्योग' को इस घटना को समझने के लिए एक आवश्यक अवधारणा नहीं माना गया है। विवेचनात्मक सिद्धांत (और दुनिया) का भविष्य निस्संदेह विस्तार, तीव्र संशोधन और संस्कृति उद्योग कैसे काम करता है इसके आगे के विकास से जुड़ा हुआ है। और हमारा महत्वपूर्ण कार्य दुनिया के अनुरूप न होना है। ■

सभी पत्राचार ब्रूना डेला टोरे डी कार्वाल्हो लीमा को <brunadt@unicamp.br> पर प्रेषित करें।

> विश्व समाज
के एक विवेचनात्मक सिद्धांत की ओर

एस्टेबन टोरेस, यूनिवर्सिडैड नैशनल डी कश्वर्डोबा, अर्जेंटीना द्वारा



चित्रण: अर्बू, 2023

सन् 1920 और 1960 के दशक के बीच पश्चिमी गोलार्ध में विवेचनात्मक सिद्धांत उत्पादन का मुख्य अनुभव, सामाजिक अनुसंधान संस्थान (आईएफएस) के आसपास फ्रैंकफर्ट और न्यूयॉर्क में हुआ। आईएफएस के संकटग्रस्त केंद्र में, होर्खाइमर, एडोर्नो और मार्क्युज की कृतियाँ सशक्त थीं। दूसरी ओर, लैटिन अमेरिका के इतिहास में, विवेचनात्मक सिद्धांत निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र 1960 और 1970 के दशक में समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में फला–फूला। वहां, सबसे उत्कृष्ट लेखक राउल प्रीबिश, फर्नांडो एच. कार्डोसो, डार्सी रिबेरो और रूय माउरो मारिनी थे। दोनों धाराएँ महत्वपूर्ण रूप से भिन्न थीं क्योंकि उनके द्वारा पहचानी गई संरचनात्मक समस्याएँ बहुत भिन्न थीं, और क्योंकि इसमें शामिल बुद्धिजीवियों के ऐतिहासिक अनुभव मौलिक रूप से भिन्न थे। इसके अलावा, लैटिन अमेरिकी धारा बहुमत की राजनीति के संबंध में विकसित हुई थी। प्रत्येक ऐतिहासिक स्थान द्वारा बुद्धिजीवियों और उनके विवेचनात्मक सिद्धांतों पर लगाए गए अद्वितीय निर्धारण बल की पहचान ही जर्मन डीएनए, जो मार्क्स और वेबर के कार्यों को उनके केंद्रीय सैद्धांतिक स्रोतों के रूप में साझा करते हैं, से संपन्न दो धाराओं के बीच इतने व्यापक अंतर के अस्तित्व को समझा सकती है।

> एक ऐतिहासिक अनुभव और एक संरचनात्मक समस्या

प्रत्येक विवेचनात्मक सिद्धांत एक ऐतिहासिक अनुभव और एक संरचनात्मक समस्या के बीच के प्रतिच्छेदन पर आकार लेता है। इन पहलुओं के मध्य अंतर यह पता लगाने के लिए उपयोगी है कि कब एक आलोचनात्मक सिद्धांत ज्ञान, अनुकूल आलोचना और सामाजिक परिवर्तन के लिए अपनी क्षमता खोना शुरू कर देता है। नाजीवाद के ऐतिहासिक अनुभव, और विशेष रूप से यहूदी विनाश के अनुभव ने फ्रैंकफर्टियन परियोजना को मुख्य संरचनात्मक समस्या के रूप में व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नुकसान की पहचान करने के लिए प्रेरित किया। उस अनुभव से बचे स्थायी निशान के बिना, फ्रैंकफर्ट स्कूल द्वारा निर्मित विवेचनात्मक सिद्धांत अलग होता। मध्य देशों पर लैटिन अमेरिका की संरचनात्मक निर्भरता की समस्या ने उस समय सैद्धांतिक और गंभीर रूप ले लिया जब यह क्षेत्र बढ़ रहा था और

>>

जब यह स्पष्ट हो गया कि परिधीय देशों के यूरोपीय नुस्खे पूरी तरह से विफल थे। संरचनात्मक निर्भरता एक बड़ी बाधा थी जो उर्ध्व विकास के आशावादी अनुभव से टकरा रही थी। औद्योगीकरण की लड़ाई के परिस्थितिजन्य नुकसान के साथ लैटिन अमेरिकी सामाजिक सिद्धांत आलोचनात्मक हो गया है। फिर भी, इसने उत्तर–पूंजीवादी समाज के बजाय उत्तर–परिधीय समाज के निर्माण की संभावना में तर्कसंगत विश्वास के आधार पर अपनी सकारात्मक गति बनाए रखा है। जैसा कि मार्क्स की तालीम ने बताया था, यह न तो शुद्ध नकारात्मकता थी और न ही शुद्ध सकारात्मकता। मैंने दो ऐतिहासिक अनुभवों से जुड़ी दो अलग–अलग संरचनात्मक समस्याओं का उल्लेख किया है जो आज भी कायम हैं। स्वतंत्रता की कमी और अविकसितता की निरंतरता की समस्याओं पर काबू पाने के लिए नए आलोचनात्मक सिद्धांतों के निर्माण की आवश्यकता है जो सांसारिककरण के वर्तमान ऐतिहासिक अनुभव के लिए जिम्मेदार हों।

> समकालीन विचलन: अऐतिहासिकता, राजनीति–विरोध और अलगाववाद

ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान में लैटिन अमेरिका और यूरोप में प्रचलित अधिकांश आलोचनात्मक सिद्धांत अपनी शक्ति खो चुके हैं। मेरी राय में, यह तीन प्रमुख बौद्धिक विचलनों के प्रवर्धित पुनरुत्पादन और लंबे समय से चले आ रहे न्यूनीकरणवाद के कारण हुआ है। ये हैं: एक अऐतिहासिक विचलन, एक राजनीतिक– विरोधी विचलन, और एक अलगाववादी विचलन। पहले का सम्बन्ध, संरचनात्मक समस्याओं के सिद्धांतों द्वारा प्रस्तुत परिभाषा के साथ–साथ सार्वजनिक अनुसंधान एजेंडा को आकार देने में स्थित ऐतिहासिक अनुभवों के महत्व को नजरअंदाज करने से है। राजनीतिक–विरोधी विचलन आलोचना को अपने आप में साध्य में बदल देने से जुड़ा है। और तीसरा विचलन, अलगाववादी, खुद को दो विरोधी प्रथाओं में प्रकट करता है: समाजशास्त्रीय अनुसंधान से आलोचनात्मक सिद्धांत का स्वायत्तीकरण और समाज के आलोचनात्मक सिद्धांत के बिना, और इससे भी ऊपर, पूंजीवाद के सिद्धांत के बिना सामाजिक अध्ययन का संचालन। होर्खाइमर और एडोर्नो ने इस अंतिम पहलू को ''समाज के बिना समाजशास्त्र'' कहा। अंत में, दीर्घकालिक न्यूनीकरणवाद समाजों के यूरोकेंद्रित दृष्टिकोण के व्यापक पुनरुत्पादन से जुड़ा है। इस प्रमुख और आत्म–संदर्भित दृष्टि की समझने योग्य मूल सीमा अतार्किक अंधापन बन जाती है, जो कि समाज के विस्तारीकरण की प्रक्रिया के आश्चर्यजनक खंडन से शुरू होती है, जिन्होंने बीसवीं शताब्दी के मध्य में परिधि के राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों द्वारा संचालित, अपने उन्नत चरण में उपनिवेशवाद से मुक्ति और एशियाई गुट का उदय से अपना सतत मार्च शुरू किया था।

> लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र के साथ फ्रैंकफर्ट की मुठभेड़

सांसारिककरण की प्रक्रिया वह ऐतिहासिक अनुभव है जो फ्रैंकफर्ट परंपरा और लैटिन अमेरिकी परंपरा के बीच की खाई को पाटना संभव बनाती है। दो धाराओं के बीच संचार का प्रारंभिक अनुभव ऊपर उल्लेखित बाधाओं को दूर करने के लिए बुनियादी बौद्धिक संसाधन उत्पन्न कर सकता है। ठीक से देखा जाए तो, दोनों परंपराएँ अऐतिहासिक विचलन के विरुद्ध मारक हैं। तो, मार्क्स के बाद, होर्खाइमर, मार्क्युज और लैटिन अमेरिकी पहली धारा, सभी राजनीतिक–विरोधी विचलन को संतुलित करने के लिए उपकरण प्रदान करते हैं। इसी तरह, अलगाववादी विचलन को दूर करने के प्रयास में, मूल फ्रैंकफर्ट परियोजना के योगदान और एडोर्नो और होर्खाइमर द्वारा वैज्ञानिकता की मर्मज्ञ आलोचना का एकीकरण अपरिहार्य है। और अंत में, एक पुनर्निर्माण परियोजना को लागू करने के लिए जो यूरोसेंट्रिज्म को पूरी तरह से नष्ट कर देती है, लैटिन अमेरिकी धारा के योगदान का उल्लेख करना आवश्यक है।

उपर्युक्त बाधाओं को निश्चित रूप से दूर करने और आलोचनात्मक सिद्धांत की शक्ति को पुनः प्राप्त करने के लिए, प्रतिमान में ऐसे बदलाव को बढ़ावा देना आवश्यक है जो विश्व समाज के नए आलोचनात्मक सिद्धांतों के विकास की अनुमति देता है। इससे मेरा तात्पर्य एक सैद्धांतिक अभ्यास से है जिसकी कल्पना एक सामाजिक अनुसंधान प्रक्रिया के एक अघुलनशील क्षण के रूप में की जानी चाहिए, एक ऐसी आलोचना जिसे एक वैज्ञानिक इंजन द्वारा सक्रिय करने की आवश्यकता है, और फिर सांसारिक सामाजिक परिवर्तन की रणनीति द्वारा कैलिब्रेट किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यूरो केंद्रित–पश्च विश्व समाज के विचार का निर्माण करना आवश्यक है, जिसकी कल्पना एक श्रेष्ठ एकता के रूप में की जाती है जो तीन स्तरों के बीच अंतःक्रिया में साकार होती है: i) राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक क्षेत्रों के बीच संबंधों की, ii) केंद्र/परिधि संबंधों की, और iii) आधुनिकता और गैर–आधुनिक के बीच संबंध की।

स्टीफन लेसेनिच के नेतृत्व में आईएफएस का नया बौद्धिक कार्यक्रम, 1923 के बाद से फ्रैंकफर्ट स्कूल द्वारा तैयार किया गया सबसे महत्वाकांक्षी नेविगेशन चार्ट है, क्योंकि यह वैज्ञानिक, आलोचनात्मक, राजनितिक सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता, जो यूरोप से कहीं अधिक है, को मानते हुए, विश्वकरण के ऐतिहासिक अनुभव में खुद को अंकित करके इसकी संरचनात्मक समस्याओं को परिभाषित करता है।■

सभी पत्राचार को एस्टेबन टोरेस <e.torres@em.uni-frankfurt.de> पर प्रेषित करें।

> वि–कार्बनीकरण सर्वसम्मति

ब्रेनो ब्रिंगेल, रियो डी जनेरियो स्टेट यूनिवर्सिटी, ब्राजील और यूनिवर्सिडैड कॉम्प्लुटेंस डी मैड्रिड, स्पेन, **मैरिस्टेला स्वम्पा**, कॉनिसेट और सेंट्रो डी डॉक्युमेंटेशन ई इन्वेस्टिगेशियोन डे ला कल्टुरा डी इजक्विएरडास, अर्जेंटीना द्वारा

एरोसीन पाचा (सेलिनास ग्रांडेस और लगुना डे गुयातायोक बेसिन, जुजुय, अर्जेंटीना, 2020) के साथ उड़ान भरें।
श्रेयः एरोसीन फाउंडेशन और स्टूडियो टॉमस सारासेनो

हाल के वर्षों में, सामाजिक–पारिस्थितिक परिवर्तन, कार्यकर्ता समूहों और वैज्ञानिकों तक सीमित मुद्दा होने से हटकर समकालीन राजनीतिक और आर्थिक एजेंडा का केंद्रीय फोकस बन गया है। हालाँकि, यहाँ दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं। सबसे पहले, वि–कार्बनीकरण की तात्कालिकता के सामने, सामाजिक–पारिस्थितिक संक्रमण को कम करने की प्रवृत्ति है– जिसकी एक अभिन्न समझ में ऊर्जा संक्रमण के लिए ऊर्जा, उत्पादन, भोजन और शहरी स्तर को शामिल किया जाना चाहिए। दूसरा मुद्दा इस बात से सम्बंधित है कि ऊर्जा संक्रमण किस प्रकार से होता है और इसकी लागत कौन भुगतेगा।

वैश्विक उत्तर में बड़े निगमों और सरकारों द्वारा कथित तौर पर ''स्वच्छ'' ऊर्जा की ओर संचालित ऊर्जा परिवर्तन, वैश्विक दक्षिण पर दबाव बढ़ा रहा है। चीन, अमेरिका और यूरोप के लिए वि–जीवाश्मीकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए, वैश्विक परिधि में नए बलिदान क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। इस गतिशीलता के कई उदाहरण हैंः इलेक्ट्रिक कारों के लिए हाई–टेक बैटरी के उत्पादन के लिए कोबाल्ट और लिथियम का निष्कर्षण लैटिन अमेरिका और

>>

उत्तरी अफ्रीका में तथाकथित ''लिथियम त्रिकोण'' को क्रूरतापूर्वक प्रभावित करता है, चीन और यूरोपीय देशों द्वारा पवन टर्बाइनों के निर्माण के लिए इक्वाडोर के अमेजॅन में प्रचुर मात्रा में पाई जाने वाली बाल्सा लकड़ी की बढ़ती मांग समुदायों, क्षेत्रों और जैव विविधता को नष्ट कर देती है, या सौर पैनलों और हाइड्रोजन बुनियादी ढांचे के लिए मेगा–परियोजनाओं के लिए नई बोली से भूमि पर कब्जा और बढ़ जाता है।

यह प्रक्रिया सक्रियता और आलोचनात्मक विद्वता में ''हरित निष्कर्षणवाद'' या ''ऊर्जा उपनिवेशवाद'' के रूप में जानी जा रही है: विशेष रूप से हरित ऊर्जा संक्रमण के लिए वैश्विक दक्षिण में (हालांकि केवल वहीं नहीं), कच्चे माल, प्राकृतिक वस्तुओं और श्रम के पूंजीवादी निष्कर्षण और विनियोग की एक नई गतिशीलता। ऊर्जा उपनिवेशवाद एक नई पूंजीवादी सर्वसम्मति का केंद्रबिंदु है, जिसे हम विकार्बनीकरण सर्वसम्मति के रूप में परिभाषित करेंगे।

> विकार्बनीकरण सर्वसम्मति क्या है ?

विकार्बनीकरण सर्वसम्मति एक नया वैश्विक समझौता है जो जीवाश्म ईंधन–आधारित ऊर्जा प्रणाली से ''नवीकरणीय'' ऊर्जा पर आधारित कार्बन–मुक्त (या कम–कार्बन) प्रणाली में परिवर्तन की वकालत करता है। इसका मूल उद्देश्य वैश्विक ताप और जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई है जो उपभोग के विद्युतीकरण और डिजिटलीकरण द्वारा प्रवर्तित ऊर्जा परिवर्तन को प्रोत्साहित करता है। यह सर्वसम्मति व्यापक रूप से स्वीकृत सामान्य लक्ष्य पर आधारित है। विध्वंस से घायल दुनिया में विकार्बनीकरण और जलवायु तटस्थता का विरोध कौन कर सकता है? मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि क्या किया जाए, बल्कि यह है इसे कैसे करना है।

इस प्राधान्य विकार्बनीकरण के उद्देश्यों में ऊर्जा प्रणाली का विकेंद्रीकरण, प्रकृति की देखभाल, या वैश्विक जलवायु न्याय शामिल नहीं है, बल्कि अन्य प्रेरणाएं जैसे नए वित्तीय प्रोत्साहन आकर्षित करना, कुछ देशों की ऊर्जा निर्भरता को कम करना, बाजार का विस्तार करना या कंपनियों की छवि में सुधार करना शामिल है। विकार्बनीकरण को समाज के चयापचय प्रोफाइल (इसके उत्पादन, उपभोग, माल के संचलन और अपशिष्ट उत्पादन के पैटर्न) को बदलने की एक व्यापक प्रक्रिया के हिस्से के रूप में नहीं देखकर , बल्कि इसे अपने आप में एक अंत के रूप में देखा जाता है। यद्यपि जलवायु आपातकाल की गंभीरता ज्ञात है,यह देखते हुए कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन तेज हो रहा है और अनिश्चित आर्थिक वृद्धि की विचारधारा को बनाए रखा जा रहा है, वर्तमान नीतियां न केवल अपर्याप्त हैं, बल्कि गंभीर नकारात्मक प्रभाव भी डालती हैं ।

विकार्बनीकरण सर्वसम्मति लगातार तकनीकी क्षमता और नवाचार के विमर्श को आगे बढ़ाती है। साथ ही, यह स्पष्ट रूप से ''हरित व्यवसाय'', ''जलवायु वित्त'', ''प्रकृति–आधारित समाधान'', ''जलवायु–स्मार्ट खनन'', ''कार्बन बाजार'' और सट्टा निवेश के विभिन्न रूपों की वकालत करती है। संक्षेप में, बुनियादी वाणिज्यिक तर्क के आधार पर और हाइपर–डिजिटाइज्ड इंटरफेस के साथ एक प्रकार का संक्रमण प्रस्तावित है, जो नई वस्तुओं और सामाजिक और क्षेत्रीय नियंत्रण के परिष्कृत रूपों को उत्पन्न करता है।

''सततता'' की शब्दाडम्बर के एक और मोड़ के तहत, ग्लोबल साउथ के पर्यावरणीय बेदखली का एक नया चरण उभर रहा है, जो लाखों मनुष्यों और गैर–मानव संवेदनशील प्राणियों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। यह जैव विविधता को और जोखिम में डाल रहा है और रणनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर रहा है। एक बार फिर ग्लोबल साउथ कथित रूप से अटूट संसाधनों का भंडार बन गया है, जहां से ग्लोबल नॉर्थ के ऊर्जा संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण खनिज निकाले जा रहे हैं, साथ ही इस नई ''औद्योगिक क्रांति'' से उत्पन्न अपशिष्ट और प्रदूषण के लिए एक गंतव्य स्थल भी।

> हरित उपनिवेशवाद और दोहरा बंधन

विकार्बनीकरण सर्वसम्मति पारिस्थितिक साम्राज्यवाद और हरित उपनिवेशवाद द्वारा चिह्नित है। यह न केवल प्रथाओं को बल्कि एक नव–औपनिवेशिक पारिस्थितिक कल्पना को भी संगठित करता है। उदाहरण के लिए, सरकारें और कंपनियाँ अक्सर शाही भू–राजनीति के विशिष्ट ''खाली स्थान'' के विचार का उपयोग करती हैं। यदि अतीत में यह विचार, जो ''रहने की जगह'' (लेबेन्सरम) की रत्जेलियन धारणा को पूरक करता है, ने पारिस्थितिक विनाश और स्वदेशी जातीय विनाश उत्पन्न किया– बाद में ''विकास'' और क्षेत्रों के ''उपनिवेशीकरण'' की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए काम किया– और आज इसका उपयोग ''हरित'' ऊर्जा में निवेश के लिए क्षेत्रीय विस्तारवाद को उचित ठहराने के लिए किया जाता है।

इस प्रकार, कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के बड़े हिस्से को पवन चक्कियों या हाइड्रोजन संयंत्रों के निर्माण के लिए उपयुक्त ''खाली स्थान'' माना जाता है। कॉर्पोरेट बदलाव की ये भू–राजनीतिक कल्पनाएँ औपनिवेशिक संबंधों को पुनर्निर्मित करती हैं, जिन्हें केवल बाहर से, उत्तर से दक्षिण तक थोपे जाने के रूप में नहीं देखा जा सकता है। कई मामलों में, जो दांव पर लगा है वह भी एक प्रकार का ''आंतरिक हरित उपनिवेशवाद'' है, जो औपनिवेशिक गठबंधनों और घरेलू अभिजात वर्ग और वैश्विक अभिजात वर्ग के बीच संबंधों के आधार पर हरित निष्कर्षणवाद की प्रगति के लिए संभावना की स्थितियां बनाता है। हमें यह भी पहचानना चाहिए कि ''हरित संक्रमण'' के नाम पर, विकार्बनीकरण सर्वसम्मति वैश्विक उत्तर के क्षेत्रों पर भी दबाव उत्पन्न करती है। फिर भी, यह वैश्वीकृत परिधि में ऐसी प्रक्रियाओं के प्रभावों और पैमाने से भिन्न है।

इसके अलावा, अस्थायीता और विकार्बनीकरण सर्वसम्मति जिस तरह से लागू होती है अपने प्रवर्तकों के मध्य भी विरोधाभास पैदा करती है। ग्रेगरी बेटसन के शब्दों में (उनकी पुस्तक *स्टेप्स टू एन इकोलॉजी ऑफ माइंड* देखें) सिजोफ्रेनिक व्यवहार और नीतियों का बिगड़ना– या *दोहरा बंधन* (डबल बाइंड),– सभ्यतागत बहुसंख्यक संकट का संकेत प्रतीत होता है। ऐसे लोग भी हैं, जो इसके महत्व को पहचानते हुए भी, तेल की हर आखिरी बूंद को निकालकर विकार्बनीकरण को स्थगित करना चाहते हैं, जैसा कि कई जीवाश्म ईंधन कंपनियों और सरकारों में उनकी पैरवी के मामले में होता है। इसका एक उदाहरण अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की घोषणा थी, जिन्होंने अपने चुनावी वादे से पीछे हटते हुए, मार्च 2023 में विलो प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी जो अलास्का आर्कटिक में तेल सीमा के विस्तार को आगे बढ़ने की अनुमति देता है। इससे अत्यधिक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में पड़ जाता है जो पहले से ही ग्लोबल वार्मिंग के कारण बर्फ पिघलने से पीड़ित है। एक और उदाहरण यूरोपीय संघ से आता है, जिसने यूरोपीय हरित संधि का विस्तार करने की मांग करते हुए, यूक्रेन में युद्ध के कारण बढ़े ऊर्जा संकट को एक बहाने के रूप में इस्तेमाल करते हुए, 2022 के मध्य में कोयले पर लौटने का विकल्प चुना।

जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के क्षितिज को विकार्बनीकरण सर्वसम्मति, जिसे ब्राजीलियाई शोधकर्ता कैमिला मोरेनो द्वारा कार्बन मीट्रिक के रूप में परिभाषित करती है: केवल CO2 अणुओं के आधार पर कार्बन की मात्रा निर्धारित करने का एक सीमित तरीका, जो अंतरराष्ट्रीय विनिमय के लिए एक प्रकार की मुद्रा प्रदान करते हुए यह भ्रम पैदा करता है कि पर्यावरण क्षरण के विरुद्ध कुछ किया

>>

जा रहा है। इस तरह, अंतर्निहित समस्या पर पर्दा डाल दिया जाता है और न केवल हम प्रदूषण फैलाना जारी रखते हैं, बल्कि प्रदूषण स्वयं व्यापार के लिए एक नया क्षेत्र बन गया है (उदाहरण के लिए, उत्सर्जन ऑफसेट ट्रेडिंग के माध्यम से)। ग्रह की प्राकृतिक और पारिस्थितिक सीमाओं की अनदेखी जारी है, क्योंकि जब तक गतिशीलता मॉडल और उपभोग पैटर्न नहीं बदले जाते, तब तक लिथियम या महत्वपूर्ण खनिजों की कोई भी मात्रा पर्याप्त नहीं होगी।

इसलिए, संक्रमण को केवल ऊर्जा मैट्रिक्स में बदलाव तक सीमित नहीं किया जा सकता है, जो अनुपयुक्त मॉडल की निरंतरता की गारंटी देता है। लघु दूरी के कॉर्पोरेट ऊर्जा संक्रमण का प्रस्ताव करके, विकार्बनीकरण सर्वसम्मति विकास के प्राधान्य पैटर्न को बनाए रखती है और वर्तमान जीवनशैली और खपत को संरक्षित करने के लिए चयापचय फ्रैक्चर को तेज करती है, खासकर उत्तर के देशों और वैश्विक अर्थव्यवस्था के सबसे धनी क्षेत्रों में। विकार्बनीकरण सर्वसम्मति द्वारा प्रचारित पोस्ट–जीवाश्म तर्क इस प्रकार एक कॉर्पोरेट, तकनीकी, नव–औपनिवेशिक और अनुपयुक्त संक्रमण की ओर ले जाता है।

> पिछली पूंजीवादी सहमति के साथ निरंतरता : अनिवार्यता, कॉर्पोरेट कब्जा, और निष्कर्षणवाद

आइए हम सामाजिक–ऐतिहासिक प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य से विकार्बनीकरण सर्वसम्मति को देखें। हम पिछली पूंजीवादी सर्वसम्मति, अर्थात् वाशिंगटन सर्वसम्मति और कमोडिटी सर्वसम्मति, के साथ निरंतरता देखते हैं। पहला अनिवार्यता का संभाषण है, जो बताता है कि इन सर्वसम्मतिओं का कोई विकल्प नहीं है। उदाहरण के लिए, वस्तु सर्वसम्मति इस विचार पर बनाई गई थी कि कच्चे माल की बढ़ती वैश्विक मांग के परिणामस्वरूप निष्कर्षणवादी गतिशीलता की अपरिवर्तनीय प्रकृति पर सहमति थी, जिसका लक्ष्य अन्य विकल्पों की संभावना को बंद करना था। इसी तरह, विकार्बनीकरण सर्वसम्मति आज इस विचार को बनाने का प्रयास करती है कि, जलवायु की तात्कालिकता को देखते हुए, कोई अन्य संभावित संक्रमण नहीं है और कॉर्पोरेट संक्रमण ही एकमात्र ''वास्तविकता है'' है।

दूसरा, ये सभी आम सहमतियाँ गैर–लोकतांत्रिक कर्त्ताओं (बड़े निगमों, वित्तीय कर्त्ताओं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों) के हाथों में सत्ता के बड़े संकेन्द्रण का संकेत देती हैं, जिससे विशेषकर ''संक्रमण'' के संदर्भ में और भी अधिक लोकतांत्रिक शासन की किसी भी संभावना को कमजोर कर दिया जाता है। इस प्रवृत्ति के दो निहितार्थ हैं। एक ओर, हम शासन के स्थानों पर कॉर्पोरेट कब्जा देख रहे हैं, कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी) जैसे क्षेत्रों को, जो जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के सर्वोच्च निकाय के रूप में, जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए एक बहुपक्षीय मंच होना चाहिए। इसके बजाय, ऐसे स्थान तेजी से हरित पूंजीवाद का एक व्यापारिक मेला बन रहे हैं जो उत्तर और दक्षिण के बीच ऊर्जा शक्ति संबंधों को बनाए रखता है। दूसरी ओर, वैश्विक श्रृंखलाओं के प्रारम्भ से अंत तक बड़ी कंपनियों के बीच शक्ति का गहन संकेंद्रण होता है।

तीसरा, पूंजीवादी सीमाओं के विस्तार की निरंतर खोज में प्राकृतिक संसाधनों को नियंत्रित करने, उन्हें निचोड़ने और निर्यात करने के उद्देश्य से मेगा–परियोजनाओं को बढ़ावा देना शामिल है। इस प्रयोजन के लिए, नियामक और कानूनी आधारों के साथ पूंजी के लिए ''कानूनी सुरक्षा'' की गारंटी देने की स्पष्ट प्रतिबद्धता है जो उच्चतम कॉर्पोरेट लाभप्रदता को सक्षम बनाती है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय संघ (ईयू) जिन नए द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है, उनमें संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच की गारंटी देने के लिए ऊर्जा और कच्चे माल पर अध्याय शामिल किए गए हैं। इस संदर्भ में, इयू ने हाल ही में क्रिटिकल रॉ मटेरियल रेगुलेशन (CRMR) के लिए एक प्रस्ताव पेश किया, जिसका उद्देश्य स्पष्ट रूप से इयू के लिए आवश्यक कच्चे माल की सुरक्षित और टिकाऊ आपूर्ति सुनिश्चित करना है। हालाँकि, जैसा कि SOMO रिपोर्ट में बताया गया है, प्रस्तावित इयू रणनीति यूरोप के लिए आवश्यक खनिजों की स्थायी आपूर्ति को बढ़ावा नहीं देगी, क्योंकि यह मानवाधिकारों और पर्यावरण के लिए जोखिमों को बढ़ाएगी, भागीदार देशों में आर्थिक गतिशीलता को कमजोर करेगी, और अमीर देशों में अनुपयुक्त खपत को मजबूत करना जारी रखेगी।

> नई विशेषताएं : अंतर–साम्राज्यवादी प्रतिस्पर्धा, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु उपनिवेशवाद

निरंतरता की इन रेखाओं के अलावा नवीनताएँ भी हैं। विकार्बनीकरण सर्वसम्मति की एक अनिवार्य विशेषता अंतर–शाही प्रतिस्पर्धा द्वारा चिह्नित बहुध्रुवीय दुनिया में नव–औपनिवेशिक संबंधों की जटिलता है। यह केवल यूरोपीय संघ ही नहीं है, जहां आवश्यक खनिजों की कमी है, जो उन तक सीधी पहुंच की मांग कर रहा है। खनिजों के होने के बावजूद, चीन ग्लोबल साउथ में बहुत अच्छी स्थिति में है जहां लगभग दो दशकों से वह संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप से अलग प्रकार के संबंध बनाए रखते हुए रणनीतिक निष्कर्षण क्षेत्रों में आक्रामक निवेश कर रहा है।

चीन द्वारा लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों पर, जहां वह लगभग सभी के साथ अग्रणी व्यापारिक भागीदार है, पैदा हो रही नई निर्भरता की एक विशेषता यह है कि हालांकि इसका निवेश दीर्घकालिक है और विभिन्न क्षेत्रों (कृषि व्यवसाय, खनन, तेल, या निष्कर्षण से जुड़े बुनियादी ढांचा गतिविधियों) में है, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के संदर्भ में – विशेष रूप से हरित संक्रमण के संबंध में – यह अत्याधुनिक चीनी तकनीक का उपयोग करता है, जिसमें कभी–कभी चीनी श्रम भी शामिल होता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अंतर–शाही बोली पूरी हो गई है। हालाँकि ये मुद्दे सरकारी विभाग के बयानों से अनुपस्थित प्रतीत होते हैं, कई मौकों पर दक्षिणी कमान की प्रमुख लौरा रिचर्डसन ने दक्षिण अमेरिका (पानी, तेल और लिथियम के मामले में) में संयुक्त राज्य अमेरिका के रणनीतिक हित को स्पष्ट किया है। अंत में, हम यह जोड़ दें कि बहुध्रुवीय विश्व में एक प्रवृत्तिगत रूप से आधिपत्यवादी कर्त्ता अभिनेता के रूप में रूस, ऊर्जा संक्रमण पर विवाद के क्षेत्र में उपरोक्त शक्तियों की पहुंच से बहुत दूर है।

इन तीन सर्वसम्मतियों के बीच एक और महत्वपूर्ण विशिष्ट तत्व राज्य की भूमिका है। हम जानते हैं कि न्यूनतम राज्य तर्क ने वाशिंगटन सर्वसम्मति को चिह्नित किया, और कमोडिटी सर्वसम्मति ने अंतरराष्ट्रीय पूंजी के साथ घनिष्ठ गठबंधन में एक मामूली नियामक राज्य को बरकरार रखा। बदले में, विकार्बनीकरण सर्वसम्मति एक नए प्रकार के नियोजन नव–राज्यवाद के उद्भव का उद्घाटन करती प्रतीत होती है – कुछ मामलों में एक इको–कॉर्पोरेट राज्य के करीब – जो सार्वजनिक–निजी धन के प्रचार और प्रकृति के वित्तीयकरण के साथ हरित संक्रमण को जोड़ती है। सरकारी संस्थानों और राज्य द्वारा संचालित हरित संक्रमण, सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा निजी हितों के आगे समर्पण की गतिशीलता में कॉर्पोरेट बदलावों के करीब पहुंचने, सुविधा प्रदान करने और विलय करने की प्रवृत्ति रखते हैं। हालाँकि, कुछ मामलों में तीव्र विरोध चक्र के साथ, राज्य पारिस्थितिक–सामाजिक बदलावों को बढ़ावा देकर सापेक्ष स्वायत्तता हासिल करने की कोशिश कर सकता है जो विकेंद्रीकरण और कॉर्पोरेट शक्ति के विसंकेंद्रण को प्रोत्साहित करता है।

>>

इसी तरह, हालांकि कमोडिटी सर्वसम्मति और विकार्बनीकरण सर्वसम्मति में एक निष्कर्षणवादी तर्क है, आवश्यक उत्पादों और खनिजों की सीमा व्यापक हो गई है। पहले मामले में, वे मूल रूप से खाद्य उत्पाद, हाइड्रोकार्बन और तांबा, सोना, चांदी, टिन, बॉक्साइट और जस्ता जैसे खनिज हैंय जबकि दूसरे में, इसके अलावा, ऊर्जा संक्रमण के लिए आवश्यक तथाकथित महत्वपूर्ण खनिजों, जैसे लिथियम, कोबाल्ट, ग्रेफाइट और इंडियम, के साथ–साथ दुर्लभ मृदा धातुओं पर ध्यान केंद्रित है। दोनों ही मामलों में, कच्चे माल के निष्कर्षण और निर्यात से पारिस्थितिक विनाश के विनाशकारी परिणाम होते हैं और निर्भरता बढ़ती है। हालाँकि, एक महत्वपूर्ण पहलू जो हरित निष्कर्षणवाद को पहले के निष्कर्षणवाद से अलग करता है, वह है इसे वैध बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सम्भाषण, क्योंकि इसे बढ़ावा देने वाले कर्त्ता दावा करते हैं कि यह टिकाऊ है और जलवायु आपातकाल से निपटने का एकमात्र संभव तरीका है।

कुल मिलाकर, हाल के वर्षों में जलवायु और पारिस्थितिक प्रश्न में आए बदलावों को समझना आवश्यक है। क्लासिक दुश्मनों से परे, विकार्बनीकरण सर्वसम्मति एक अधिक जटिल और परिष्कृत ढांचे के रूप में उभर रही है जिसका सामाजिक आंदोलनों और विकल्पों को सामना करना होगा और निपटना होगा। ■

सभी पत्राचार
ब्रेनो ब्रिंगेल को <brenobringel@iesp.uerj.br> / Twitter: @brenobringel
मैरिस्टेला स्वैम्पा को <maristellasvampa@gmail.com> / Twitter: @SvampaM
पर प्रेषित करें।

उत्तरी अफ्रीका में ऊर्जा संक्रमण:

उपनिवेशवाद, बेदखली, और स्वामित्वहरण

हमजा हामोचेन, ट्रांसनेशनल इंस्टीट्यूट और अल्जीरिया सॉलिडेरिटी कैंपेन, अल्जीरिया द्वारा

उआरजाजेट सौर ऊर्जा स्टेशन, मोरक्को। क्रेडिट: आईस्टॉक, 2022

अक्षय ऊर्जा में कुछ परिवर्तन निष्कर्षणवादी हो सकते हैं और मौजूदा बेदखली प्रथाओं, निर्भरताओं और आधिपत्य को बनाए रख सकते हैं। उत्तरी अफ्रीकी क्षेत्र (विशेषकर मोरक्को) के कुछ उदाहरण ध्यान में आते हैं। वे सभी दिखाते हैं कि कैसे ऊर्जा उपनिवेशवाद को हरित उपनिवेशवाद या हरित हड़पने के माध्यम से पुनः उत्पन्न किया जाता है।

स्थापित क्षमता के संदर्भ में, 2030 तक अपने ऊर्जा मिश्रण में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी को 52 फीसदी तक बढ़ाने का मोरक्को का लक्ष्य प्रशंसनीय है। हालाँकि, इस बात का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना होगा कि यदि हमारे लिए जो वास्तव में मायने रखता है वह किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं है, बल्कि एक ''न्यायसंगत संक्रमण'' है जो समाज में गरीबों और हाशिए पर रहने

>>

वालों को उनके सामाजिक–आर्थिक अपवर्जन को गहरा करने के बजाय लाभान्वित करता है।

ऑउरजाजेट सोलर प्लांट को 2016 में मराकेश में आयोजित जलवायु वार्ता (COP22) से ठीक पहले चालू किया गया था। इसे दुनिया के सबसे बड़े सौर संयंत्र के रूप में सराहा गया और मोरक्को राजशाही को अक्षय ऊर्जा का हिमायती घोषित किया गया। लेकिन सतह को थोड़ा खरोंचने से एक अलग तस्वीर सामने आती है। सबसे पहले, संयंत्र को अमाजी कृषि –पशुपालक समुदायों की भूमि (3,000 हेक्टेयर) पर उनकी मंजूरी या सहमति के बिना स्थापित किया गया थाय यह कथित हरित एजेंडे (''हरित हड़प'') के लिए भूमि हड़पना है। दूसरा, यह मेगा प्रोजेक्ट निजी हितों द्वारा नियंत्रित है और इसे विश्व बैंक, यूरोपीय निवेश बैंक और अन्य से 9 बिलियन अमरीकी डालर के भारी ऋण के अनुबंध के माध्यम से बनाया गया है। यह ऋण मोरक्को सरकार की गारंटी द्वारा समर्थित है, जिसका संभावित अर्थ पहले से ही ऋण से दबे देश के लिए अधिक सार्वजनिक ऋण है। तीसरा, यह परियोजना उतनी हरित नहीं है जितना इसका दावा किया जाता है। सांद्रित सौर ऊर्जा (सीएसपी) का उपयोग करने के लिए पैनलों को ठंडा करने और साफ करने के लिए पानी के काफी उपयोग की आवश्यकता होती है। ऑउरजाजेट जैसे अर्ध–शुष्क क्षेत्र में, पीने और कृषि से पानी के उपयोग को बदल देना बहुत अपमानजनक है ।

''नूर मिडेल्ट'' परियोजना मोरक्को की सौर ऊर्जा योजना के दूसरे चरण का गठन करती है और इसका उद्देश्य ऑउरजाजेट संयंत्र की तुलना में अधिक ऊर्जा क्षमता प्रदान करना है। यह एक हाइब्रिड सीएसपी और फोटोवोल्टिक (पीवी) पावर प्लांट है। पहले चरण के लिए 800 मेगावाट की योजना के साथ, यह दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण सौर परियोजनाओं में से एक होगी जो सीएसपी और पीवी प्रौद्योगिकियों को जोड़ती है। मई 2019 में, ईडीएफ रिन्यूएबल्स (फ्रांस), मसदर (यूएई), और ग्रीन ऑफ अफ्रीका (मोरक्कन समूह) का एक संघ सफल बोलीदाता बन गया और इसे 25 वर्षों के लिए मोरक्कन एजेंसी फॉर सोलर एनर्जी (MASEN) के साथ साझेदारी में संयंत्र के निर्माण और संचालन के लिए चुना गया। इस परियोजना ने विश्व बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, यूरोपीय इन्वेस्टमेंट बैंक, फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी और केएफडब्ल्यू से 2 बिलियन अमरीकी डालर से अधिक का ऋण अनुबंधित किया है ।

परियोजना 2019 में शुरू हुई, जबकि 2024 में इसके चालू होने की उम्मीद है। नूर मिडेल्ट सौर परिसर मध्य मोरक्को में हाउते मौलौया पठार पर 4,141 हेक्टेयर पर विकसित किया जाएगा, जो मिडेल्ट शहर से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर पूर्व में है। ऐट ओफेला, ऐट राहौऔली, और ऐट मसूदऔली के तीन जातीय कृषि समुदायों द्वारा कुल 2,714 हेक्टेयर को सामुदायिकध्सामूहिक भूमि के रूप में प्रबंधित किया गया था। उसी समय, लगभग 1,427 हेक्टेयर भूमि को वन भूमि घोषित किया गया और समुदायों द्वारा प्रबंधित किया गया। हालाँकि, सार्वजनिक हित की सेवा के लिए स्वामित्वहरण की अनुमति देने वाले राष्ट्रीय कानूनों और विनियमों के तहत भूमि को उसके मालिकों से जब्त कर लिया गया है। जनवरी 2017 में प्रशासनिक अदालत के फैसले ने डोम्छ के पक्ष में स्वामित्वहरण की अनुमति दी, और अदालत के फैसले का सार्वजनिक रूप से मार्च 2017 में खुलासा किया गया।

> एक औपनिवेशिक पर्यावरण आख्यान

चल रहे औपनिवेशिक पर्यावरणीय आख्यान, जो भूमि को सीमांत और कम उपयोग के रूप में वर्गीकृत करता है, और इसलिए हरित ऊर्जा में निवेश के लिए उपलब्ध है, की याद दिलाते हुए विश्व बैंक ने 2018 में किए गए एक अध्ययन में जोर देकर कहा कि "रेतीले और शुष्क इलाके केवल छोटी झाड़ियों के उगने की अनुमति देते हैं, और पानी की कमी के कारण भूमि कृषि विकास के लिए अनुपयुक्त है''। इस आख्यान का उपयोग 2010 के दशक की शुरुआत में ऑउरजाजेट संयंत्र को बढ़ावा देने के दौरान भी किया गया था। उस समय एक व्यक्ति ने कहा था:

"परियोजना के लोग इसे एक ऐसे रेगिस्तान के रूप में बात करते हैं, लेकिन यहां के लोगों के लिए यह रेगिस्तान नहीं, बल्कि एक चारागाह है। यह उनका क्षेत्र है, और उनका भविष्य इस भूमि में है। जब आप मेरी जमीन लेते हैं, तो आप मेरी ऑक्सीजन भी लेते हैं।"

विश्व बैंक की रिपोर्ट यहीं नहीं रुकती बल्कि यह दावा करती है कि ''परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से स्थानीय समुदायों की आजीविका पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा''। हालाँकि, सिदी अयाद की ट्रांसहेमेंट चरवाहा जनजाति, जो सदियों से जानवरों को चराने के लिए भूमि का उपयोग कर रही है, अलग सोचते हैं। हसन एल गाजी, एक युवा चरवाहे ने 2019 में ATTAC मोरक्को के एक कार्यकर्ता से कहा:

"हमारा पेशा पशुचारण है, और अब इस परियोजना ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है जहाँ हम अपनी भेड़ें चराते हैं। वे हमें परियोजना में काम पर नहीं रखते हैं, बल्कि वे विदेशियों को काम पर रखते हैं। जिस जमीन पर हम लोग रहते हैं, उस पर कब्जा कर लिया गया है। वे हमारे बनाये घरों को नष्ट कर रहे हैं। हम उत्पीड़ित हैं, और सिदी अयाद क्षेत्र पर अत्याचार किया जा रहा है। इसके बच्चों पर अत्याचार किया जाता है और उनके अधिकार तथा हमारे पूर्वजों के अधिकार हमने खो दिये हैं। हम 'अनपढ़' हैं जो पढ़ना–लिखना नहीं जानते... जिन बच्चों को आप देख रहे हैं वे स्कूल नहीं गए... सड़कें और रास्ते कटे हुए हैं... अंत में, हम अदृश्य हैं और उनके लिए हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। हम मांग करते हैं कि अधिकारी हमारी स्थिति और हमारे क्षेत्रों पर ध्यान दें। ऐसी नीतियों के साथ हमारा अस्तित्व नहीं है, और मरना बेहतर है, मरना बेहतर है!"

> विरोध और प्रतिरोध

बेदखली, दुख, अविकसितता और सामाजिक अन्याय के इस संदर्भ में, सिदी अयाद के लोग 2017 से कई विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से अपना असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। फरवरी 2019 में, उन्होंने एक खुला धरना दिया, जिसके कारण छोटे किसानों और वन श्रमिकों के संघ के सदस्य सईद ओबा मिमौन की गिरफ्तारी हुई, जिन्हें बारह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी।

मोस्टेफा अबू कबीर, एक अन्य श्रमिक संघ नेता, जो सिदी अयाद जनजाति के संघर्षों का समर्थन कर रहे थे, ने कैसे दशकों से सामाजिक–आर्थिक बहिष्कार झेल रहे स्थानीय समुदायों की मंजूरी के बिना भूमि को घेर लिया गया था, का वर्णन किया। इसकी घेराबंदी कर दी गई है, और किसी को भी इसके पास जाने की इजाजत नहीं है। वह मोरक्को राज्य की मेगा–विकास परियोजनाओं की तुलना सिदी अयाद में नामौजूद बुनियादी ढांचे से करते हैं। इसके अलावा, वे घेराव और संसाधन हड़पने के एक और आयाम की ओर इशारा करते हैं: ड्रा–टाफिलालेट क्षेत्र में इन विशाल परियोजनाओं, जिनके लिए स्थानीय समुदाय शिकायत करता है कि उन्हें इनसे कोई लाभ नहीं होता, के लिए जल संसाधनों का विनाश (मिडेल्ट सौर संयंत्र को पास के हसन II बांध से पानी दिया जायेगा)।

>>

इस चुनौतीपूर्ण संदर्भ में, जबकि धन कुछ ही हाथों में केंद्रित है, जिसमें छोटे झुंड मालिकों को बाहर निकाला जा रहा है, साथ ही पशुधन बाजार का वस्तुकरण और दीर्घकालिक सूखा, मिडेल्ट सौर परियोजना इन पशुपालक समुदायों की आजीविका के लिए खतरे को बढ़ा रही है। और उनका हाशिए पर जाना बदतर हो गया है।

न केवल सिदी अयाद समुदाय इस परियोजना के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं। सौलालियेट आंदोलन की कुछ महिलाएं भी ड्रा–तफिलालेट क्षेत्र में भूमि तक पहुंच के अपने अधिकार की मांग कर रही हैं और अपनी पैतृक भूमि, जिस पर सौर संयंत्र बनाया गया है, के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रही हैं। ''सौलालियेते महिलाएं'' मोरक्को में सामूहिक भूमि पर रहने वाली आदिवासी महिलाएँ हैं। सौलालियेट महिला आंदोलन 2000 के दशक की प्रारम्भ में शुरू हुआ और सामुदायिक भूमि के तीव्र वस्तुकरण और निजीकरण के जवाब में उभरा। जब उनकी भूमि का निजीकरण या विभाजन किया गया तो आदिवासी महिलाओं ने समान अधिकारों और हिस्सेदारी की मांग की। धमकियों, गिरफ्तारियों और यहां तक कि सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा घेराबंदी के बावजूद, आंदोलन देश भर में फैल गया है और विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं समानता और न्याय के बैनर के पीछे एकजुट हो गई हैं।

इन सभी चिंताओं और अन्यायों के बावजूद, यह राजशाही, उसके दमनकारी शासन और उसके प्रचार उपकरणों द्वारा संरक्षित होकर परियोजना आगे बढ़ रही है। सामाजिक–पारिस्थितिक लागतों को बाह्यीकरण करने और उन्हें स्थान और समय के माध्यम से विस्थापित करने के तर्क, जो पूंजीवाद की निष्कर्षणवादी ड्राइव की विशेषता है, का कोई अंत नहीं है।

> पश्चिमी सहारा में हरित उपनिवेशवाद और कब्जा

जहाँ मोरक्को में कुछ परियोजनाएं, जैसे ऑउरजाजेट सोलर प्लांट और नूर मिडेल्ट, 'ग्रीन ग्रैबिंग' के रूप में योग्य हैं, कथित तौर पर पर्यावरणीय उद्देश्यों के लिए भूमि और संसाधनों का विनियोग, इसी तरह की अक्षय (सौर और पवन) परियोजनाएं पश्चिमी सहारा के कब्जे वाले क्षेत्रों में हो रही हैं। इन्हें उचित रूप से ''हरित उपनिवेशवाद'' कहा जा सकता है क्योंकि ये सहारावियों के बावजूद और उनकी कब्जे वाली भूमि पर हो रही हैं।

हरित उपनिवेशवाद को परिधीय देशों और समुदायों के लिए सामाजिक–पर्यावरणीय लागतों के विस्थापन के साथ, नवीकरणीय ऊर्जा के हरित युग के लिए लूट और बेदखली (साथ ही दूसरे के अमानवीयकरण) के औपनिवेशिक संबंधों के विस्तार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। लेकिन जीवाश्म ईंधन से हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते हुए, एक अलग ऊर्जा स्रोत के साथ वही प्रणाली लागू है। समान वैश्विक ऊर्जा–गहन उत्पादन और उपभोग पैटर्न को बनाए रखा जाता है, और वही राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं जो असमानता, दरिद्रता और बेदखली उत्पन्न करती हैं, अछूती रहती हैं।

वर्तमान में, कब्जे वाले पश्चिमी सहारा में तीन परिचालन पवन फार्म हैं। चौथा बौजडौर में निर्माणाधीन है, जबकि कई अभी भी योजना चरण में हैं। संयुक्त रूप से, इन पवन फार्मों की क्षमता 1000 मेगावाट से अधिक होगी। ये पवन फार्म मोरक्कन शाही परिवार की होल्डिंग कंपनी, पवन ऊर्जा कंपनी नारेवा के पोर्टफोलियो का हिस्सा हैं। बौ करा में पश्चिमी सहारा के गैर–अक्षय फॉस्फेट भंडार का दोहन करने के लिए आवश्यक लगभग 95 फीसदी ऊर्जा जो मोरक्को की सरकारी स्वामित्व वाली फॉस्फेट कंपनी OCP को चाहिए, वह पवन चक्कियों द्वारा उत्पन्न होती है। 50 मेगावाट फूमएल ओएड फार्म जो 2013 से चालू है, में कुल 22 सीमेंस पवन टर्बाइन अक्षय ऊर्जा उत्पन्न करते हैं।

नवंबर 2016 में, संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता COP22 के समय, सऊदी–अरब की ACWA पावर ने कुल 170 मेगावाट के तीन फोटोवोल्टिक (PV) सौर ऊर्जा स्टेशनों के एक परिसर को विकसित करने और संचालित करने के लिए MASEN के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। हालाँकि, इनमें से दो बिजली स्टेशन (आज चालू), कुल 100 मेगावाट, मोरक्को में स्थित नहीं हैं, बल्कि कब्जे वाले क्षेत्र (एल ऐयुन और बौजडॉर) के अंदर स्थित हैं। दखला के पास एल अर्गोब में तीसरे सौर संयंत्र के लिए भी योजना बनाई गई है। इन अक्षय परियोजनाओं का उपयोग विदेशी पूंजी और कंपनियों की मिलीभगत से, कब्जे वाले क्षेत्रों के साथ मोरक्को के संबंधों को गहरा करके कब्जे को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

ऐसे संदर्भ में, ''स्वच्छता'', ''चमक'' और ''कार्बन उत्सर्जन में कटौती'' की भाषा की सतह को खंगालना और अक्षय ऊर्जा की ओर संक्रमण की भौतिकता का निरीक्षण और जांच करना मौलिक रूप से महत्वपूर्ण है। जो बात इन सभी परियोजनाओं और उनके इर्द–गिर्द प्रचार को एकजुट करती दिखती है, वह एक गहरी गलत धारणा है कि अक्षय ऊर्जा की ओर किसी भी कदम का स्वागत किया जाना चाहिए और जीवाश्म ईंधन से कोई भी बदलाव, चाहे वह किसी भी तरह से किया गया हो, सार्थक है। हमें इसे स्पष्ट रूप से कहने की आवश्यकता है: वर्तमान में हम जिस जलवायु संकट का सामना कर रहे हैं, वह जीवाश्म ईंधन के लिए जिम्मेदार नहीं है, बल्कि पूंजीवादी मशीन को ईंधन देने के लिए उनके अस्थिर और विनाशकारी उपयोग के लिए जिम्मेदार है। इसलिए, हरित और न्यायसंगत परिवर्तन को हमारी वैश्विक आर्थिक प्रणाली को मौलिक रूप से बदलना और उपनिवेश से मुक्त करना होगा, जो सामाजिक, पारिस्थितिक या यहां तक कि जैविक स्तर पर उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं है। ■

सभी पत्राचार हमजा हामोचेन को <hamza.hamouchene@gmail.com>
Twitter: @BenToumert पर प्रेषित करें।

> अफ्रीका में हरित और आंतरिक उपनिवेशवाद

नणिम्मो बस्से, हेल्थ अश्वफ मदर अर्थ फाउंडेशन, नाइजीरिया द्वारा

अफ्रीका में खनन. क्रेडिटः आईस्टॉक, अफ्रीकनवे, 2012

हरित उपनिवेशवाद राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक–सांस्कृतिक उपनिवेशवाद का विस्तार और विलय है। इसे गहरी जड़ें जमा चुके उपनिवेशवाद पर बनाया और मजबूत किया गया है, जिसके माध्यम से, उदाहरण के लिए, अफ्रीकी नेताओं को विरासत संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में विश्वास करने के लिए प्रोग्राम किया गया है। ऐसे नेताओं ने अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए तथाकथित अंतरराष्ट्रीय या विदेशी मानकों का उपयोग किया है। किलों के संरक्षण के अलावा, उपनिवेशवाद ने स्थानीय अभिजात वर्ग को प्राकृतिक सामग्रियों और श्रम के बदले नकदी के लिए बाहरी अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखने का विचार बेचा। नव–औपनिवेशिक राज्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की तलाश के इस पैटर्न को जारी रखते हैं जो मुख्य रूप से श्रम और कच्चे माल को निकालते हैं और उन्हें विदेशी मुद्रा देते हैं जिसका मूल्य दूर से निर्धारित होता है।

विदेशी मुद्रा के इन गतिरोधों में उपनिवेश कैसे फंस गए, इसके उदाहरण बागान कृषि में देखे जा सकते हैं, जो भोजन के लिए

>>

फसल उगाने से नकदी के लिए फसल उगाने की ओर स्थानांतरित हो गया। औपनिवेशिक युग में नकदी फसल कृषि ने गुलामी के तहत निर्मित शोषणकारी कृषि प्रणालियों को जारी रखा। आज, बागान कृषि से निर्यात फसलें पैदा हो रही हैं, जिससे भूमि पर कब्जा हो रहा है और किसानों को अपने समुदायों के लिए भोजन का उत्पादन करने से रोका जा रहा है। मामले को जटिल बनाने के लिए, बाहरी बाजारों को खिलाने के अलावा, बागान और मोनोक्रॉपिंग अब मशीनों या बायोएनर्जी के लिए जैव ईंधन भी प्रदान करते हैं। कृषि, खनन, या चाहे जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में, अफ्रीकी नेता मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा का, उन कीमतों पर जिन्हें तय करने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती है, पीछा करते हैं।

उपनिवेशवाद और उत्तर–औपनिवेशिक युग द्वारा निर्मित संरचनाओं ने अफ्रीकी महाद्वीप की सामाजिक–आर्थिक और राजनीतिक गतिशीलता को नाटकीय रूप से बदल दिया। किराये की तलाश के बीज उपनिवेशवाद द्वारा बोए गए थे और विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों के हेरफेर से सींचे गए थे। ऋण विकासात्मक कल्पनाओं को बदलने और देशों पर लूट के लिए औरअधिक खोलने के लिए दबाव डालने के लिए भी इस्तेमाल किया जाने वाला एक उपकरण रहा है। सरकारों पर बाहरी ऋण चुकाने, आयात आवश्यकताओं को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय निगमों को कर छूट, श्रम कोटा और उनके लेनदेन में सभी मुनाफे को वापस करने की स्वतंत्रता सहित उदार आर्थिक स्थिति देने का दबाव होता है। वे इन निगमों के साथ अनैतिक साझेदारियों में भी शामिल होते हैं, जिससे गंभीर नियामक निरीक्षण स्थापित करना असंभव हो जाता है। सरकारों की अनिच्छा और निगमों के कार्यों को नियंत्रित करने में उनकी अक्षमता के कारण पारिस्थितिक शोषण हुआ है, जिसने पहले से ही कुछ क्षेत्रों में मृत क्षेत्र बना दिए हैं।

मुक्त व्यापार या विशेष आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण से शोषण की स्वतंत्रता के सुदृढ़ीकरण को भी सहायता मिली है, जिन्हें अपवाद के एन्क्लेव के रूप में जाना जाता है। मुक्त व्यापार क्षेत्र (एफटीजेड) का एक वर्ग निर्यात–प्रसंस्करण क्षेत्र (ईपीजेड) है, जो आमतौर पर विकासशील देशों में उनकी सरकारों द्वारा औद्योगिक और वाणिज्यिक निर्यात को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया जाता है। कई देश उन क्षेत्रों को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए प्राथमिक प्रोत्साहन मानते हैं। यूनाइटेड नेशंस कांफ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (UNCTAD) रिपोर्ट करता है कि 38 अफ्रीकी देशों में 200 से अधिक विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) फैले हुए हैं। इसमें यह भी नोट किया गया है कि कम से कम 56 अतिरिक्त क्षेत्र निर्माणाधीन हैं, और अन्य अभी भी विकास के प्रारंभिक चरण में हैं। लगभग 150,000 हेक्टेयर भूमि अफ्रीका में एसईजेड के लिए समर्पित है, जबकि कृषि–प्रसंस्करण, विनिर्माण और सेवाओं में निवेश के लिए 2.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाए गए हैं।

विदेशी मुद्रा के लिए निष्कर्षण की व्यवस्था कटौती की कभी न खत्म होने वाली कहानी रही है, जो लोगों या पृथ्वी के लिए बहुत कम मूल्य जोड़ती है। निष्प्रभावी स्वैच्छिक मानवाधिकार सिद्धांत और पारदर्शिता पहल निगमों को उनकी गतिविधियों को ग्रीनवॉश करने और भ्रष्ट राजनेताओं के माध्यम से गंदगी निर्यात करने में मदद करते हैं। इस दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति की कल्पना फ्रांट्ज फैनन ने की थी जब उन्होंने अपनी क्लासिक पुस्तक *द रेचेड ऑफ द अर्थ* में लिखा था कि उपनिवेशवाद उन प्राकृतिक संसाधनों को प्रकाश में लाने में ही संतुष्ट रहता है जिन्हें वह मातृ देश के उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निकालता और निर्यात करता है, जिससे उपनिवेश के विशिष्ट क्षेत्रों को अपेक्षाकृत समृद्ध होने की अनुमति मिलती है। ''लेकिन बाकी उपनिवेश अविकसितता और गरीबी के रास्ते पर चलते हैं, या किसी भी स्थिति में, इसमें और अधिक गहराई तक डूब जाते हैं'' (पृ.106)।

फैनोन ने देखा कि कैसे औपनिवेशिक संरचनाएँ राष्ट्रों को विभाजित करती हैं और व्यक्तिपरकता को बढ़ाती हैं जो अफ्रीकी एकता के निर्माण के प्रयासों पर ब्रेक लगाते हैं। फैनन स्पष्ट करते हैं कि राजनीतिक अभिजात वर्ग के सदस्य कैसे खुद को अपने राष्ट्रों के लिए अवसरों के निर्माता के रूप में और प्रगति के इंजन के रूप में किराए की मांग को देखते हैं। यह बताता है कि वर्तमान नेता इस स्थिति का बचाव करने में इतने अड़े हुए हैं कि निर्यात/नकदी के लिए जीवाश्म ईंधन और अन्य खनिजों का दोहन एक ऐसा अधिकार है जिस पर बातचीत नहीं की जा सकती। यह गतिशीलता यह भी निर्दिष्ट करती है कि इकोसाइड को स्वीकार किया जाना चाहिए क्योंकि अंडे को तोड़े बिना आमलेट नहीं बनाया जा सकता है।

लोलुप शोषण के लिए विकास पर गहन पुनर्विचार की आवश्यकता है। अपने कुख्यात संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक सहायता सहित सामाजिक सेवाओं की फंडिंग को लागू करने में विश्व बैंक और आईएमएफ की भूमिका औपनिवेशिक हेरफेर के रूप में सामने आती है जिसने सामान्य ज्ञान और प्रगति को उलट दिया, गरीबी को जन्म दिया और अविकसित निर्माण किया। इन संस्थानों का विकृत प्रभाव पर्यावरण–समाजवादी और उपनिवेशवाद–विरोधी लेंस का उपयोग करके शक्ति में असमानताओं पर बारीकी से ध्यान देने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

> जीवाश्मों के लिए संघर्ष

अफ्रीकी तेल और गैस के लिए हाथापाई के मामले में, नेता अपने देशों के लिए तेज गति वाली परियोजनाओं से लाभ उठाने का केवल एक अवसर देखते हैं। तर्क यह है कि विस्तारित उत्पादन से उनके लोगों के लिए ऊर्जा पहुंच को बढ़ावा मिलेगा, भले ही यह दशकों के निष्कर्षण जिसने केवल पारिस्थितिक तबाही और गरीबी ही पैदा की, का एक बेतुका दावा है।

औपनिवेशिक व्यापार पर स्थिरीकरण ने एक ऐसी चीज का निर्माण किया जिसे वूडू अर्थशास्त्र भी कहा जा सकता है। इस प्रणाली में, कच्चे माल के कम उत्पादन या परिवर्तन के साथ नकदी प्रवाहित होती है। इस गतिशीलता ने किरायावाद या निर्भरता की संस्कृति को मजबूत किया है जिससे अफ्रीकी देश राष्ट्रीय राजस्व के लिए बहुराष्ट्रीय निष्कर्षण निगमों पर निर्भर हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि लीबिया, अल्जीरिया, गैबॉन, चाड, अंगोला और कांगो गणराज्य में तेल राजस्व सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 20% प्रतिनिधित्व करता है । इसके अलावा, यद्यपि तेल और गैस नाइजीरिया के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में मामूली 6% का योगदान करते हैं, वे विदेशी मुद्रा आय का 95% और सरकारी राजस्व का 80% हिस्सा हैं। अफ्रीकी संघ समूह के देशों ने विशाल प्राकृतिक संसाधनों से लाभ उठाने के लिए जीवाश्म ईंधन के उत्पादन के विस्तार की पैरवी के लिए 2022 में शर्म–अल–शेख में COP27 जलवायु वार्ता का उपयोग किया जैसा कि अमीर देशों ने कथित तौर पर किया है। उनका तर्क विनियोजन और बाह्यीकरण तंत्र की आलोचनात्मक जांच से रहित है जिसने अमीर देशों के लिए उन संसाधनों से लाभ उठाना संभव बना दिया है।

अफ्रीका में संसाधनों पर कब्जा करने की जड़ को उपनिवेशवाद से अलग नहीं हटाया जा सकता, क्योंकि यही वह चीज है जिसने जवाबदेह ठहराए जाने के डर के बिना दंडमुक्ति का आधार प्रदान किया है। जरूरत पड़ने पर क्रूर बल प्रयोग के साथ, लूट और

>>

दण्डमुक्ति बढ़ गई है। इसका मतलब है कि महाद्वीप पर प्राकृतिक संसाधनों और संघर्षों के मानचित्र लगभग पूरी तरह से ओवरलैप होते हैं। शोषण को राष्ट्रीय सेनाओं, विशेष सुरक्षा एजेंटों और भाड़े के सैनिकों का समर्थन प्राप्त है। मानव और सामूहिक अधिकारों की अनदेखी करते हुए, निष्कर्षण वस्तुतः सैन्य ढाल के पीछे किया जाता है।

पैट्रिक बॉन्ड, एक राजनीतिक पारिस्थितिकीविज्ञानी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और रवांडा की भूमिका का हवाला देते हुए ग्लोबल वार्मिंग के सामने जीवाश्म ईंधन के लिए अंतहीन दबाव की परेशान करने वाली स्थिति को सटीक रूप से पकड़ते हैं। ''अफ्रीका में टोटल का वर्तमान संचालन एक पुराने पैटर्न का पालन करता है: जीवाश्म ईंधन का दोहन और विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं, सरकारों, समाजों और पर्यावरण में भ्रष्टाचार, सभी फ्रांसीसी राज्य शक्ति द्वारा समर्थित हैं।'' अपने दावे के समर्थन में, उन्होंने कहा कि: "इमैनुएल मैक्रॉन ख्फ्रांस के राष्ट्रपति, ने 2021 में इसे पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया जब उन्होंने रवांडा और दक्षिण अफ्रीकी सैनिकों के नेतृत्व में सैन्य हस्तक्षेप के माध्यम से मोजाम्बिक में टोटल की 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर की गैस संपत्ति की रक्षा करने पर जोर दिया। प्रिटोरिया की उप–साम्राज्यवादी भूमिका नए तेल दिग्गजों के प्रति उसके बेताब समर्थन को स्पष्ट करती है, जिनके साथ टोटल 2010 के मध्य से बड़े गैस भंडार का दोहन करने और भूकंपीय विस्फोट द्वारा नए भंडार की खोज करने के लिए संबद्ध है।

बॉन्ड का कहना है कि 2021 के बाद से इस धुरी पर जीवाश्म साम्राज्यवाद और उप–साम्राज्यवाद के पुनरुद्धार के खिलाफ प्रतिरोध के दो रूप उभरे हैं: हिंसक संघर्ष जिसने फ्रांसीसी तेल और गैस की दिग्गज कंपनी टोटल को हिलाकर रख दिया है; और दक्षिण अफ्रीकी तटरेखा पर पर्यावरणीय और सामाजिक लामबंदी ने उस देश की सरकार को परेशान कर दिया है।

फ्रांस, एक ऐसा देश जो अफ्रीका में फ्रैंकोफोन राष्ट्रों पर सख्त औपनिवेशिक पकड़ बनाए रखता है, की भूमिका विशेष रूप से दिलचस्प है। जहाँ इसने अपने क्षेत्रों में फ्रैकिंग और कच्चे तेल के निष्कर्षण को गैरकानूनी घोषित कर दिया है और जीवाश्म ईंधन के विज्ञापनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, इसके तेल और गैस दिग्गज, टोटलएनर्जीज, अन्यत्र और सबसे कुख्यात रूप से काबो डेलगाडो, मोजाम्बिक में खनन जारी रखता है, जहाँ से जीवाश्म गैस की पहली खेप तब ली गई थी जब शर्म अल शेख में COP27 हो रहा था। पहले शिपमेंट का समय दर्शाता है कि कैसे हिंसा ने अफ्रीका में संसाधनों के दोहन को नहीं रोका है, क्योंकि वे अक्सर साथ–साथ चलते हैं। यह लाइबेरिया के रक्त हीरों के मामलों और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में चल रही अस्थिरता का प्रतीक है।

जब गैस निष्कर्षण की बात आती है तो टोटल काबो डेलगाडो के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक है। जीवाश्म व्यवसाय के लिए बनाया गया तटवर्ती अफुंगी एलएनजी पार्क ने पार्क तक 70 किलोमीटर की सड़क बनाने के लिए 550 से अधिक परिवारों को विस्थापित किया गया। इसमें एक हवाई अड्डे के साथ–साथ उपचार संयंत्र और बंदरगाह सुविधाएं भी हैं। तटीय मछली पकड़ने वाले समुदायों को एक ''स्थानांतरण गांव'' में विस्थापित कर दिया गया है जो 10 किमी से अधिक अंदर है, जिससे वे प्रभावी रूप से समुद्र से कट गए हैं और उन्हें अपने खेत, मछली पकड़ने के मैदान, सामान्य आजीविका, संस्कृति और तटीय समुदायों के लिए मायने रखने वाली हर चीज से वंचित कर दिया गया है। काबो डेलगाडो अफ्रीका की तीन सबसे बड़ी तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) परियोजनाओं की मेजबानी करता है: मोजाम्बिक LNG परियोजना (टोटल, पूर्व में अनाडार्को) जिसका मूल्य यूएस $20 बिलियन है, कोरल FLNG प्रोजेक्ट (ENI और एक्सॉनमोबिल) जिसका मूल्य यूएस $4.7 बिलियन है और रोवुमा एलएनजी (LNG) प्रोजेक्ट (एक्सॉनमोबिल, ENI और CNPC) का मूल्य US$30bn है। काबो डेलगाडो महाद्वीप की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट–निर्मित आपदाओं में से एक का स्थल हो सकता है।

नवंबर 2022 में, जस्टिसा एम्बिएंटल ने मापुटो में पूरे मोजाम्बिक से 100 से अधिक सामुदायिक व्यक्तियों के साथ कॉर्पोरेट दण्डमुक्ति पर एक बैठक की मेजबानी की। बैठक के दौरान, समुदाय के एक व्यक्ति ने बड़े ही मार्मिक ढंग से कहा, ''हमारे लिए, बहुराष्ट्रीय निगम विकास नहीं, अपमान लेकर आए हैं।'' ''बहुराष्ट्रीय निगमों'' को ''उपनिवेशवाद'' से प्रतिस्थापित करें और एक पूरी तस्वीर उभर कर सामने आती है। बैठक में एक अन्य प्रतिनिधि ने सोचा कि क्या उनकी भूमि के विनाश को विकास कहा जा सकता है। फिर उन्होंने अलंकारिक रूप से पूछा: ''क्या हम यही विकास चाहते हैं?''

उपनिवेशवाद, चाहे काला, नीला, या हरा हो, कभी भी लोगों से सलाह नहीं लेता। परामर्श की यह कमी लोगों और ग्रह के प्रति सम्मान की अंतर्निहित कमी के कारण पैदा हुई है। औपनिवेशिक खेल खेलते हुए, जिन क्षेत्रों में टोटल, तेल और गैस कंपनी, संचालित होती है, वे सामाजिक असमानताओं और परिणामी विभाजनों के बढ़ने से पीड़ित हैं। उनमें एक ही एकीकरण का कारक है और वह है कि वे सामान्य तौर पर टोटल क्षेत्र के रूप में जाने जाते हैं। ■

सभी पत्राचार नणिम्मो बस्से को <home@homef.org>
Twitter: @NnimmoB पर प्रेषित करें।

> पारिस्थितिक सामाजिक ऊर्जा संक्रमण के लिए दक्षिण–दक्षिण घोषणापत्र*



श्रेयः पैक्टो इकोसोशल ई इंटरकल्चरल डेल सुर

कोविड–19 महामारी के फैलने के दो साल से अधिक समय बाद – और अब यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के विनाशकारी परिणामों के साथ– एक ''न्यू नार्मल'' सामने आया है। यह नई वैश्विक यथास्थिति विभिन्न संकटों: सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, पारिस्थितिक, जैव–चिकित्सा और भू–राजनीतिक की बिगड़ती स्थिति को दर्शाती है ।

पर्यावरण ध्वंस आ रहा है। रोजमर्रा की जिंदगी और अधिक सैन्यीकृत हो गई है। अच्छे भोजन, स्वच्छ पानी और किफायती स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच और भी अधिक प्रतिबंधित हो गई है। अधिक सरकारें निरंकुश हो गई हैं। अमीर और अधिक अमीर हो गए हैं, शक्तिशाली अधिक शक्तिशाली हो गए हैं, और अनियमित प्रौद्योगिकी ने केवल इन प्रवृत्तियों को तेज किया है।

इस अन्यायपूर्ण यथास्थिति के इंजन– पूंजीवाद, पितृसत्ता, उपनिवेशवाद और विभिन्न कट्टरवाद– खराब स्थिति को और खराब कर रहे हैं। इसलिए, हमें तत्काल बहस करनी चाहिए और पारिस्थितिक सामाजिक संक्रमण और परिवर्तन के नए दृष्टिकोण को लागू करना चाहिए जो लिंग–न्यायपूर्ण, पुनर्योजी और लोकप्रिय हों।

>>

> हमारा निदान

मैनिफेस्टो ऑफ पीपुल्स ऑफ द साउथः फॉर एन एक्सोशल एनर्जी ट्रांजीशन में हम मानते हैं कि वैश्विक दक्षिण की समस्याएं वैश्विक उत्तर और चीन जैसी उभरती शक्तियों से भिन्न हैं। इन दोनों क्षेत्रों के बीच शक्ति का असंतुलन न केवल टिकाऊ औपनिवेशिक विरासत के कारण बना हुआ है, बल्कि नव–उपनिवेशवादी ऊर्जा मॉडल के कारण यह और भी गहरा हो गया है। जलवायु परिवर्तन, लगातार बढ़ती ऊर्जा जरूरतों और जैव विविधता के नुकसान के संदर्भ में, पूंजीवादी केंद्रों ने प्राकृतिक संपदा निकालने और परिधि पर देशों से सस्ते श्रम पर भरोसा करने का दबाव बढ़ा दिया है। न केवल प्रसिद्ध निष्कर्षण प्रतिमान अभी भी कायम है, बल्कि उत्तर का दक्षिण पर पारिस्थितिक ऋण भी बढ़ रहा है।

ग्लोबल नॉर्थ के ''स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन'' नए हैं जिन्होंने ग्लोबल साउथ पर हाई–टेक बैटरी के उत्पादन के लिए कोबाल्ट और लिथियम का उत्पादन, पवन टरबाइन के लिए बाल्सा लकड़ी, बड़ी सौर सरणियों के लिए भूमि और हाइड्रोजन मेगाप्रोजेक्ट्स के लिए नए बुनियादी ढांचे तैयार करने के लिए और भी अधिक दबाव डाला है। अमीरों का यह वि–कार्बनीकरण, जो बाजार–आधारित और निर्यात–उन्मुख है, ग्लोबल साउथ के पर्यावरणीय विनाश के एक नए चरण पर निर्भर करता है, जो गैर–मानवीय जीवन के साथ लाखों महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के जीवन को प्रभावित करता है। इस तरह, ग्लोबल साउथ एक बार फिर बलिदान का क्षेत्र, ग्लोबल नॉर्थ के देशों के लिए कथित तौर पर अनंत संसाधनों की एक टोकरी बन गया है।

ग्लोबल नॉर्थ के लिए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना प्राथमिकता है, विशेष रूप से महत्वपूर्ण कच्चे माल की, और चीन जैसे कुछ देशों को पहुंच के एकाधिकार से रोकना है। उदाहरण के लिए, G7 व्यापार मंत्रियों ने हाल ही में महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, नीति और वित्त के माध्यम से एक जिम्मेदार, टिकाऊ और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला की वकालत की, जिसमें विश्व व्यापार संगठन के माध्यम से पर्यावरणीय वस्तुओं और सेवाओं में व्यापार की सुविधा भी शामिल है। ग्लोबल नॉर्थ ने संसाधनों की अपनी आवश्यकता को पूरा करने के लिए ग्लोबल साउथ के साथ अधिक व्यापार और निवेश समझौतों पर जोर दिया है, विशेष रूप से वे जो ''स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण'' के अभिन्न अंग हैं। ये समझौते, जो व्यापार और निवेश में बाधाओं को कम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं, निवेशक–राज्य विवाद निपटान (आईएसडीएस) तंत्र के अनुसार संभावित रूप से राज्यों को कानूनी मुकदमों के अधीन करके कॉर्पोरेट शक्ति और अधिकारों की रक्षा और बढ़ाते हैं। ग्लोबल नॉर्थ इन समझौतों का उपयोग ''स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण'' को नियंत्रित करने और एक नया उपनिवेशवाद बनाने के लिए करता है।

इस बीच, दक्षिण की सरकारें उत्तर को आपूर्ति करने के लिए उद्योगों और बड़े पैमाने पर कृषि के निर्माण के लिए धन उधार ले कर कर्ज के जाल में फंस गई हैं । इन ऋणों को चुकाने के लिए, सरकारों को अधिक संसाधन निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिससे असमानता का एक दुष्चक्र पैदा हो गया है। आज, उत्तर में खपत में उल्लेखनीय कमी किए बिना जीवाश्म ईंधन से आगे बढ़ने की अनिवार्यता ने इन प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का दबाव ही बढ़ा दिया है। इसके अलावा, जैसे–जैसे यह अपने ऊर्जा परिवर्तन के साथ आगे बढ़ रहा है, उत्तर ने दक्षिण के प्रति अपने ऐतिहासिक और बढ़ते पारिस्थितिक ऋण को संबोधित करने की अपनी जिम्मेदारी के प्रति केवल दिखावा किया है।

ऊर्जा मैट्रिक्स में मामूली बदलाव पर्याप्त नहीं हैं। संपूर्ण ऊर्जा प्रणाली को उत्पादन और वितरण से उपभोग और अपशिष्ट तक बदलना होगा। आंतरिक–दहन कारों को इलेक्ट्रिक वाहनों से प्रतिस्थापित करना अपर्याप्त है, क्योंकि ऊर्जा की खपत में कमी और टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देने के साथ पूरे परिवहन मॉडल को बदलने की आवश्यकता है। न केवल केंद्र और परिधीय देशों के मध्य, बल्कि देशों के भीतर, अभिजात वर्ग और जनता के मध्य भी संबंध अधिक न्यायसंगत होने चाहिए। ग्लोबल साउथ में भ्रष्ट अभिजात वर्ग ने भी निष्कर्षण से लाभ उठाकर, मानवाधिकारों और पर्यावरण रक्षा का दमन करके और आर्थिक असमानता को कायम रखकर इस अन्यायपूर्ण प्रणाली में सहयोग किया है। इन परस्पर जुड़े संकटों के समाधान केवल तकनीकी होने के बजाय, सबसे पहले, राजनीतिक हैं।

> ग्लोबल साउथ के लिए एक न्यायोचित परिवर्तन

ग्लोबल साउथ के विभिन्न देशों के कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और संगठनों के रूप में, हम दुनिया के सभी हिस्सों से परिवर्तन एजेंटों को एक कट्टरपंथी, लोकतांत्रिक, लिंग–न्यायपूर्ण, पुनर्योजी और जमीनी स्तर के पारिस्थितिक सामाजिक संक्रमण के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान करते हैं जो ऊर्जा क्षेत्र और औद्योगिक और कृषि क्षेत्र, जो बड़े पैमाने पर ऊर्जा इनपुट पर निर्भर हैं, दोनों को बदल देता है। जलवायु न्याय के लिए विभिन्न आंदोलनों के अनुसार, ''संक्रमण अपरिहार्य है, लेकिन न्याय नहीं है।''

हमारे पास अभी भी एक न्यायपूर्ण और लोकतांत्रिक परिवर्तन शुरू करने का समय है। हम नवउदारवादी आर्थिक व्यवस्था से ऐसी दिशा में बदलाव कर सकते हैं जो जीवन को कायम रखती है; सामाजिक न्याय को पर्यावरणीय न्याय के साथ जोड़ती है; एक लचीली, समग्र सामाजिक नीति के साथ समतावादी और लोकतांत्रिक मूल्यों को एक साथ लाती है; और एक स्वस्थ ग्रह के लिए आवश्यक पारिस्थितिक संतुलन बहाल करती है। लेकिन ऐसा करने के लिए, हमें अधिक राजनीतिक कल्पना और दूसरे समाज, जो सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण हों और हमारे सामान्य घर का सम्मान करता हों, के बारे में अधिक आदर्शवादी दृष्टिकोण की आवश्यकता है ।

ऊर्जा परिवर्तन एक व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा होना चाहिए जो ऊर्जा संसाधनों के वितरण में मौलिक असमानता को संबोधित करता है और ऊर्जा लोकतंत्र को आगे बढ़ाता है। इसे बड़े पैमाने के संस्थानों – कॉर्पोरेट कृषि, विशाल ऊर्जा कंपनियों – और बाजार–आधारित समाधानों पर जोर नहीं देना चाहिए। इसके बजाय, इसे नागरिक समाज और सामाजिक संगठनों के लचीलेपन को मजबूत करना चाहिए।

> हमारे कथन

इसलिए, हम निम्नलिखित आठ बिंदु बताते हैं:

1. हम चेतावनी देते हैं कि ग्लोबल नॉर्थ से कॉरपोरेट मेगाप्रोजेक्ट्स के नेतृत्व में और ग्लोबल साउथ में कई सरकारों द्वारा स्वीकार किए गए ऊर्जा परिवर्तन में पूरे ग्लोबल साउथ में नुकसान के क्षेत्रों का विस्तार, और औपनिवेशिक विरासत, पितृसत्ता और ऋण जाल की अटलता शामिल है। ऊर्जा एक मौलिक और अविभाज्य मानव अधिकार है, और ऊर्जा लोकतंत्र हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

2. हम ग्लोबल साउथ के लोगों से ऊर्जा उपनिवेशवाद के नए रूपों के साथ आने वाले झूठे समाधानों और जो अब ''हरित संक्रमण'' के नाम पर हैं, को अस्वीकार करने का आह्वान करते हैं। हम दक्षिण के लोगों के मध्य राजनीतिक समन्वय जारी

>>

रखने के साथ–साथ उत्तर में महत्वपूर्ण क्षेत्रों के साथ रणनीतिक गठबंधन जारी रखने का विशेष आह्वान करते हैं।

3. जलवायु संकट की विभीषिका को कम करने और एक न्यायसंगत और लोकप्रिय पारिस्थितिक सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए, हम पारिस्थितिक ऋण के पुनर्भुगतान की मांग करते हैं। जलवायु संकट और पर्यावरणीय पतन के लिए ग्लोबल नॉर्थ की असमानुपातिक जिम्मेदारी के सामने, इसका मतलब ग्लोबल साउथ के लिए एक मुआवजा प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करना है। इस प्रणाली में धन और उचित प्रौद्योगिकी का पर्याप्त हस्तांतरण शामिल होना चाहिए और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संप्रभु ऋण रद्दीकरण पर विचार करना चाहिए। हम खनन, बड़े पैमाने पर बांधों और कुत्सित ऊर्जा परियोजनाओं के कारण स्वदेशी लोगों, कमजोर समूहों और स्थानीय समुदायों को होने वाले नुकसान और क्षति की भरपाई का समर्थन करते हैं।

4. हम फ्रैकिंग और अपतटीय परियोजनाओं के माध्यम से अपने देशों में हाइड्रोकार्बन सीमा के विस्तार को अस्वीकार करते हैं– और यूरोपीय संघ के पाखंडी प्रवचन को अस्वीकार करते हैं, जिसने हाल ही में प्राकृतिक गैस और परमाणु ऊर्जा को ''स्वच्छ ऊर्जा'' घोषित किया है। जैसा कि 2007 में इक्वाडोर में यासुनी पहल में पहले ही प्रस्तावित किया गया था और आज कई सामाजिक क्षेत्रों और संगठनों द्वारा समर्थित है, हम जीवाश्म ईंधन को भूमिगत छोड़ने और निष्कर्षणवाद को त्यागने और जीवाश्म–ईंधन के बाद के भविष्य की ओर बढ़ने के लिए आवश्यक सामाजिक और श्रम स्थितियों का निर्माण करने का समर्थन करते हैं।

5. हम इसी तरह सौर और पवन फार्मों के लिए भूमि हड़पने, महत्वपूर्ण खनिजों के अंधाधुंध खनन और नीले, हरे और ग्रे हाइड्रोजन जैसे तकनीकी ''सुधारों'' को बढ़ावा देने के रूप में ''हरित उपनिवेशवाद'' को अस्वीकार करते हैं। घेरना, बहिष्करण, हिंसा, अधिक्रमण और अतिक्रमण उत्तर–दक्षिण ऊर्जा संबंधों के अतीत और वर्तमान की विशेषता है और पारिस्थितिक सामाजिक संक्रमण के युग में ये स्वीकार्य नहीं हैं।

6. हम पर्यावरण और मानवाधिकारों के रक्षकों, विशेष रूप से स्वदेशी लोगों और महिलाओं, जो निष्कर्षणवाद का विरोध करने में सबसे आगे, की सच्ची सुरक्षा की मांग करते हैं।

7. हमारे मौलिक उद्देश्यों में ग्लोबल साउथ के देशों और ग्लोबल नॉर्थ के कुछ हिस्सों में ऊर्जा गरीबी को खत्म करना शामिल होना चाहिए। यह समुदायों द्वारा स्वामित्व और संचालित वैकल्पिक, विकेन्द्रीकृत, समान रूप से वितरित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से किया जा सकता है।

8. हम उन अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों की निंदा करते हैं जो उन देशों को दंडित करते हैं जो जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण पर अंकुश लगाना चाहते हैं। हमें बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा नियंत्रित व्यापार और निवेश समझौतों को समाप्त करना होगा जो अंततः अधिक निष्कर्षण को बढ़ावा देते हैं और नवउपनिवेशवाद को मजबूत करते हैं।

हमारा पारिस्थितिक–सामाजिक विकल्प अनगिनत संघर्षों, रणनीतियों, प्रस्तावों और समुदाय–आधारित पहलों पर आधारित है। हमारा घोषणापत्र पूरे वैश्विक दक्षिण में स्वदेशी लोगों के जीवंत अनुभवों, आलोचनात्मक दृष्टिकोणों और अन्य स्थानीय समुदायों, महिलाओं और युवाओं से जुड़ता है। यह प्रकृति के अधिकारों, ब्यून विविर, विविर सब्रोसो, सुमाक कावसे, उबंटू, स्वराज, कॉमन्स, देखभाल अर्थव्यवस्था, कृषि पारिस्थितिकी, खाद्य संप्रभुता, उत्तर–निष्कर्षणवाद, प्लुरिवर्स, स्वायत्तता और ऊर्जा संप्रभुता पर काम से प्रेरित है। सबसे ऊपर, हम एक क्रांतिकारी, लोकतांत्रिक, लोकप्रिय, लिंग–न्यायपूर्ण, पुनर्योजी और व्यापक पारिस्थितिक सामाजिक परिवर्तन का आह्वान करते हैं।

दक्षिण के इकोसोशल और इंटरकल्चरल पैक्ट के नक्शेकदम पर चलते हुए, यह घोषणापत्र एक गतिशील मंच का प्रस्ताव करता है जो आपको सामूहिक दृष्टिकोण और सामूहिक समाधान बनाने में मदद करके परिवर्तन के लिए हमारे साझा संघर्ष में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। ■

*मैनिफेस्टो ऑफ पीपुल्स ऑफ द साउथ वैश्विक दक्षिण में विभिन्न स्थानों के कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और संगठनों द्वारा लिखा गया एक सामूहिक रचना है और यह लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया की विभिन्न आवाजों के बीच एक वर्ष के संवाद का परिणाम है।

सत्ता (और सत्तावाद) के नवीनीकृत सिद्धांत की आवश्यकता

कैथ्या अरुजो, यूनिवर्सिडैड डी सैंटियागो डी चिली, और समाजशास्त्रीय सिद्धांत पर आईएसए अनुसंधान समिति (आरसी 16) की सदस्य द्वारा



श्रेय: फ्रीपिक

सत्ता– और जिस तरीके से इसका प्रयोग किया जाता है– एक ऐसी समस्या है जो जितनी सामयिक है उतनी ही जरूरी भी है। इस मुद्दे से जुड़ी चिंताओं में सत्तावादी शासन के लिए सामाजिक समर्थन, स्वयं सत्तावाद, स्कूलों में अधिकार का प्रयोग करने में शिक्षकों की कठिनाइयाँ या शहरी स्थानों का प्रबंधन, से लेकर परिवारों के भीतर तनाव तक सम्मिलित हैं। आज हम जो सामाजिक और राजनीतिक घटनाएँ देख रहे हैं, उसमें निहित तात्कालिकता और जोखिम सुझाव देते हैं कि हमें इस मुद्दे को समाजशास्त्र से अधिक सटीकता के साथ संबोधित करना चाहिए, और हमें उचित उपकरणों के साथ ऐसा करने की आवश्यकता है। हालाँकि, सत्ता के प्रयोग पर समाजशास्त्रीय अध्ययन अब तक काफी कम हैं, सबसे बढ़कर, सत्ता की धारणा को सैद्धांतिक दृष्टि से और अधिक नवीनीकृत करने की आवश्यकता है।

सामाजिक सिद्धांत में सत्ता का प्रश्न रुचि का एक बहुत प्रारंभिक केंद्र बिंदु था, और इस प्रघटना के अध्ययन के सबसे प्रभावशाली लेखक मैक्स वेबर थे। वेबर ने इस विचार पर आधारित जो समझ पेश की– कि वैधता में विश्वास सत्ता को बनाए रखता है– सामाजिक सिद्धांत और अनुभवजन्य अध्ययन में सबसे प्रभावशाली बनी हुई है। हालाँकि, जैसा कि मैं यहां चर्चा करती हूँ, दो कारणों से इस अवधारणा के आधिपत्य को बनाए रखना उचित नहीं है। पहला, वैधता के माध्यम से सत्ता की थीसिस हमें आज के समाजों में इस

>>

प्रघटना को आंशिक रूप से समझने की अनुमति देती है दूसरा, यह केवल कुछ सामाजिक वास्तविकताओं के लिए सत्ता के विशिष्ट प्रयोग के लिए जिम्मेदार हो सकता है।

चलिए इन दो कारणों में पहले से प्रारम्भ करते हैं: आज के समाजों के अध्ययन करने ले लिए वैधता के द्वारा सत्ता की थीसिस की विषयवस्तु का कार्यक्षेत्र। जैसा कि हम जानते हैं, वेबर ने यह माना कि सत्ता की गतिशीलता के केंद्र में वैधता में विश्वास है, अर्थात, आदेश की सुदृढ़ता या शक्ति के प्रयोग में विश्वास। वैधता में विश्वास सहमतिपूर्ण प्रयोग की अनुमति देता है, जो इसकी स्थिरता और स्थायित्व को समझने के लिए बुनियादी है। वेबर ने समय के साथ पदानुक्रमों को स्थिर और अपेक्षाकृत टिकाऊ समझते हुए, सत्ता की एक धारणा विकसित की। इसलिए, उनका सिद्धांत सत्ता के उस प्रकार के अभ्यास का वर्णन करता है जिसमें अभी भी संस्थानों, परंपराओं या आम तौर पर साझा मूल्यों के आधार पर थोड़ा आधार और समर्थन है। सत्ता के इस तरह के प्रयोग में निम्नलिखित विशेषताएं हैं: अ) यह स्थिर और स्थायी पदानुक्रम की अवधारणा से जुड़ा हुआ है, ब) कर्त्ता और आदेश के मध्य समस्वरित संबंधों पर आज्ञाकारिता आधारित है, स) यह समूहों के बीच अपेक्षाकृत स्थिर शक्ति वितरण (महिलाओं पर पुरुष, बच्चों पर वयस्क, आदि) की तस्वीर पर आधारित है, ड) इसका प्रयोग मुख्य रूप से एक संबंधपरक अंतर्विषयक तरीके से किया जाता है, और ई) यह समुदाय के सदस्यों, और समुदाय के सदस्यों एवं दुनिया में चीजों के मध्य मध्यस्थता भूमिकाओं द्वारा समर्थित है।

> सत्ता के क्लासिक मश्डल को चुनौती देना

सत्ता के प्रयोग के ऐसे मॉडल को कई परिवर्तनकारी सामाजिक प्रवृत्तियों ने चुनौती दी है। मैं संक्षेप में पांच का उल्लेख करुँगी जिन्होंने कई समाजों को प्रभावित किया है और वे कैसे व्यक्ति पदानुक्रम और सत्ता की कल्पना करते हैं।

पहली प्रवृत्ति नैतिक व्यवस्था, विश्वास और मूल्यों के बहुलीकरण से जुड़ी है। इस प्रवृत्ति ने सत्ता के लिए लाक्षणिक समर्थन को कमजोर करने में योगदान दिया है। लेकिन यह वैध के समर्थन के रूप में आम और साझा मान्यताओं के अस्तित्व की सैद्धांतिक मांग को भी तोड़ देती है।

दूसरी प्रवृत्ति समानता और स्वायत्तता के मानक सिद्धांतों का निरंतर विस्तार और गहनता है। इन प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण परिणाम पदानुक्रम और उनकी स्थिरता और स्थायित्व की स्थिति पर सवाल उठाना है, जिसे वेबेरियन थीसिस अपनी व्याख्यात्मक धारणा के रूप में लेती है।

तीसरे में वैयक्तिकरण की तीव्र प्रक्रियाएँ सम्मिलित हैं जो दूसरे की इच्छा के पराधीन होने के बढ़ते प्रतिरोध से संबंधित हैं। वैयक्तिकता और उसकी विलक्षणता पर जोर देने की मांग और अंतर्विषयक आज्ञाकारिता या अनुपालन की आवश्यकता के बीच एक स्पष्ट तनाव है। इसलिए, वैध थीसिस का केंद्रीय माना जाने वाला कर्त्ता–समस्वरित आयाम तनावपूर्ण हो जाता है।

चौथा, समूहों के बीच शक्ति आवंटन में बदलाव ने पदानुक्रम की संरचना और उनके प्रबंधन के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी है, जैसे, सत्ता का पितृसत्तात्मक मॉडल। उन्होंने पदानुक्रम की स्थिरता के लिए समर्थन को कम करते हुए, अधिक संघर्षपूर्ण और विवादित परिदृश्य भी उत्पन्न किया है।

पांचवीं प्रवृत्ति का संबंध तकनीकी विकास से है। इन्होंने सत्ता के नए तथ्यात्मक सिद्धांतों को पेश करके संबंधपरक सत्ता के महत्व को चुनौती दी है। ऐसा करने में, वे वेबेरियन थीसिस द्वारा ग्रहण किए गए संबंधपरक और दृढ़ता से अंतर्विषयक चरित्र को तनाव में लाते हैं। लेकिन वे डॉक्टर या शिक्षक जैसे सत्ताधारी व्यक्तियों की मध्यस्थता की भूमिका पर भी सवाल उठाते हैं।

संक्षेप में, ये नई प्रवृत्तियों जैसी सत्ता हम जानते थे और कल्पना करते थे, पर सवाल उठाती हैं, लेकिन, ऐसा करने में, वे वैधता के माध्यम से सत्ता की थीसिस द्वारा चित्रित सत्ता की धारणा के संवैधानिक आयामों पर भी सवाल उठाते हैं।

> वैधता के माध्यम से सत्ता पर पुनर्विचार

अभी उल्लेखित प्रवृत्तियों की सामाजिक–ऐतिहासिक चुनौतियों के साथ–साथ वैधता के माध्यम से सत्ता की थीसिस पर दूसरे दृष्टिकोण से भी सवाल उठाया जा सकता है। चिली के मामले पर मेरे शोध से पता चलता है कि सत्ता के प्रयोग करने का केवल एक ही तरीका नहीं रहा है, वैध थीसिस द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण में विभिन्न तौर–तरीके को फिट होने की आवश्यकता है।

मेरे निष्कर्षों से पता चलता है कि चिली में सत्ता का प्रयोग ऐतिहासिक रूप से सहमत आज्ञाकारिता की शर्तों पर कम आधारित रहा है (जैसा कि वेबेरियन मॉडल में है)। चिली के मामले में, सत्ता के प्रयोग में वैधीकरण शामिल नहीं है, यानि कि वैधता में विश्वास को मजबूत करने के प्रयास। इसके बजाय, दूसरे से आज्ञापालन करवाने के प्रति एक कूटनीतिक चिंता है। इस मामले में, सत्ता को जो कायम रखता है वह है सत्ता का प्रयोग करने वाला व्यक्ति कैसे अपनी क्षमता या अपनी बात मनवाने की क्षमता का प्रमाण देता है। सत्ता की परीक्षा उसके होने वाले व्यावहारिक प्रभाव में है।

इस हद तक कि सुलह सहमति प्राप्त करने के लिए थोड़ी चिंता है, आज्ञाकारिता अक्सर कर्त्ताओं–समस्वरित नहीं होती है। बल्कि, यह आमतौर पर व्यावहारिक और कर्त्ताओं की संवादात्मक क्षमता पर आधारित रणनीतिक मूल्यांकन का परिणाम है। यह वेबर के विपरीत है, जिनके लिए हित कभी भी वैधता में विश्वास का आधार नहीं हो सकता और इस प्रकार सत्ता का आधार नहीं हो सकता है ।

चिली में सत्ता के इस ऐतिहासिक प्रकार के प्रयोग से अस्थिर और नाजुक सत्ता संबंध उत्पन्न होते हैं, जो बदले में ''मजबूत सत्ता'' कहे जाने वाले अधिक गंभीर उपयोग की मांग करते हैं। जब सत्ता का प्रयोग किया जाना चाहिए, तो एक दृढ़ विश्वास है कि केवल एक विवेकाधीन और ''बलवान सत्ता'' प्रयोग इसकी प्रभावशीलता की गारंटी देगा। इस प्रकार, वैधता की वेबेरियन थीसिस, जिसका उद्देश्य सटीक रूप से शामिल बल या शक्ति को छिपाना है, के विपरीत अधिकार के इस प्रकार के अभ्यास में इसका प्रयोग करने वाले व्यक्ति की ताकत के संकेत प्रदर्शित करना शामिल है, उदाहरण के लिए, एक भाषण जो ''मजबूत'' हो या ''कटे हुए'' इशारे इत्यादि।

यह कठोर और प्राकृतिक पदानुक्रम वाले एक ऐतिहासिक ऊर्ध्वाधर समाज के लिए सत्ता के उचित अभ्यास का एक ऐतिहासिक तरीका है, जो वर्तमान में सत्ता के एक नए संवाद–लोकतांत्रिक मानक मॉडल के साथ टकराता है (और जो वैधता में विश्वास के मॉडल से भी दूर है)। हालाँकि, यह अभी भी समाज में सत्ता का एक व्यापक मॉडल है क्योंकि इसे आज अपरिहार्य माना जाता है और यह एकमात्र ऐसा मॉडल है जो आज्ञाकारिता की गारंटी देता है।

इस प्रकार, मेरे शोध से पता चलता है कि सामाजिक वास्तविकताओं के अनुसार सत्ता के प्रयोग के विभिन्न तौर–तरीके हैं और वे उन

>>

तरीकों से संबंधित हैं जिनमें प्रत्येक समाज अपने सदस्यों के बीच शक्ति की विषमता के प्रबंधन की समस्या को हल करता है। सत्ता के ये विभिन्न तौर– तरीकों को आदर्श से विचलन नहीं मानना चाहिए, बल्कि उन्हें प्रत्येक समाज की संरचनात्मक विशेषताओं, गतिशीलता और सामाजिक तर्क के भीतर समझे जाने वाले विशेष ऐतिहासिक समाधान के रूप में माना जाना चाहिए।

> सत्ता के प्रयोग के लिए एक संवादात्मक और स्थित दृष्टिकोण की ओर

वैधता के माध्यम से सत्ता के सिद्धांत की सीमाओं के संबंध में बहस के दो मार्ग मैंने विकसित किये हैं एक आवश्यकता में मिलते हैं: हमारे सैद्धांतिक, और इसलिए वैचारिक और पद्धतिगत, दृष्टिकोण को नवीनीकृत करना। इस अर्थ में एक प्रस्ताव संवादात्मक और संबंधपरक दृष्टिकोण में निहित है, जिसे मैंने अनुभवजन्य अध्ययनों के एक सेट में विकसित और परीक्षण किया है ।

पहला, यह उपागम प्रस्तावित करता है कि हम सत्ता को कई सामाजिक तंत्रों (विनम्रता, सभ्यता, सामाजिकता, आदि) में से एक के रूप में सोचते हैं जो शक्ति विषमता से घिरे समाजों में सामाजिक शक्ति विषमता के प्रबंधन के लिए सामाजिक जीवन को आकार देते हैं। यह हमें एकीकरण के सरल तंत्र के रूप में या वर्चस्व के शुद्ध तंत्र के रूप में सामाजिक सिद्धांत की छद्म द्विभाजन से दूर जाने की अनुमति देता है।

दूसरा, यह प्रस्तावित करता है कि हम पदानुक्रम और पदानुक्रमित क्रम की धारणा के बीच घनिष्ठ संबंध को खोल दे और इस तरह, टिकाऊ, स्थायी और कठोर के रूप में पदानुक्रम की अवधारणा को। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस प्रकार की समझ शक्ति वितरण की अधिक अनुप्रस्थ श्रृंखलाओं और प्राधिकरण के स्थानों के कब्जे में अधिक महत्वपूर्ण विकल्प के साथ अधिक गतिशील समाजों में, शक्ति विषमताओं के प्रबंधन की सुबोधता में बाधा डालता है। इसके विपरीत, यह प्रस्ताव देता है कि हम विसरित और क्षणभंगुर सीमाओं के साथ गतिशील पदानुक्रमों की अवधारणा से शुरू करें।

तीसरा, यह सुझाव देता है कि सत्ता की नींव और आज्ञाकारिता के कारण, और इसलिए सत्ता के अध्ययन में विशुद्ध रूप से प्रतिनिधित्वात्मक आयाम, को विश्लेषण की वस्तु के रूप में कम महत्वपूर्ण होना चाहिए। हम ऐसे समय में हैं जब व्याख्याएं बुनियादी घटकों (आधार) और मानक सर्वसम्मति पर आधारित प्रदर्शन (जैसे प्रतिनिधित्व के आधार पर वैधता का सिद्धांत) अपनी सीमाएं दिखा रहे हैं। इसलिए, यह नया दृष्टिकोण सत्ता के अभ्यास पर विश्लेषणात्मक जोर देता है। प्रत्यावर्तन, आकस्मिकता और बहुलता द्वारा चित्रित समाजों में, इस अंतर्क्रिया का विश्लेषण करने से सत्ता को समझने के लिए व्यापक कुंजी प्रदान की जा सकती है।

चौथा, यह अब सत्ता को सघन समरूपता, जो आम तौर पर वैधता के सिद्धांत से प्राप्त होती है, के प्रदर्शन के रूप में नहीं मानता है। ऐसा मुख्य रूप से वेबर द्वारा उपयोग की जाने वाली ''आदर्श प्रकार'' की धारणा के कारण है। सुझाया गया दृष्टिकोण प्रस्ताव देता है कि हम सत्ता को एक विशेष समाधान के रूप में मानते हैं जो विशिष्ट संरचनात्मक और ऐतिहासिक विशेषताओं वाले समाजों जो ऐतिहासिक क्षणों, जिस सामाजिक क्षेत्र की बात कर रहे हैं (परिवार, राजनीति, कार्य, या अन्य) और अधिकृत सामाजिक स्थिति के आधार पर अपने उपयोग के लिए विभिन्न मांगों का सामना करते हैं।

संक्षेप में, हमें सत्ता का अध्ययन करने के लिए अपने उपकरणों को तत्काल नवीनीकृत करने की आवश्यकता है। और, इस अर्थ में, जैसा कि मेरे अनुभवजन्य और सैद्धांतिक शोध के नतीजे बताते हैं, हमें ''वैधता में विश्वास'' पर आधारित दृष्टिकोण से सत्ता के प्रयोग के एक अन्योन्यक्रियात्मक और स्थित दृष्टिकोण की ओर बढ़ने की आवश्यकता है जो यह बता सकता है, कि आज सामाजिक कर्त्ता विभिन्न समाजों में शक्ति विषमता के प्रबंधन की समस्या को कैसे हल करते हैं। ■

सभी पत्राचार कैथ्या अरुजो को <kathya.araujo@usach.cl> / Twitter: @AraujoKathya पर प्रेषित करें।

> भय की राजनीति और सत्तावादी राजनीतिक कल्पना

लारा सार्टोरियो गोंकाल्वेस, आईईएसपी–यूईआरजे, रियो डी जनेरियो राज्य विश्वविद्यालय, ब्राजील द्वारा



लेखक द्वारा बनाई गई छवि यह दर्शाने के लिए बनाई गई है कि भय की राजनीति का स्पष्ट विरोधाभास अस्थायी और स्थानिक मिश्रण में उलझा हुआ है जो इसकी अभिव्यक्ति की दो अन्य मूलभूत परतों की संरचना करता है: राजनीतिक–संस्थागत परत और सामाजिक–सांस्कृतिक–व्यक्तिपरक परत।

पिछले दशक में सबसे प्रमुख शब्दों में से एक ''भय'' रहा है। यहां मैं भय की बहुआयामीता का उल्लेख कर रही हूँ: शहरी हिंसा काय हमारे शरीर का दूषित होनाय राज्य हिंसा काय सामाजिक अन्याय काय भविष्य काय और यहां तक कि अस्तित्वगत भय भी। वैश्विक पतन के आसन्न माहौल में जीवित रहने की वृत्ति के साथ संयुक्त प्रतिक्रियाशीलता ने भय को राजनीतिक व्यवहार और सामाजिक बंधनों के गठन के लिए एक कम्पास बना दिया है। जिसे मैं ''भय की राजनीति'' कहूँगी, उसमें ऐसे पहलू शामिल हैं जो इसके हालिया उद्भव से परे हैं (विशेष रूप से सुदूर दक्षिणपंथ के वैश्विक उदय और भय के साधनीकरण में व्यक्त)। एक व्यापक परिप्रेक्ष्य सुझाव देता है कि हम चरम दक्षिणपंथी राजनीतिक समूहों की एजेंसी देख रहे हैं – जैसा कि ब्राजील में बोल्सोनारिज़्म के मामले में है, जिसका मैंने अध्ययन किया है– लेकिन साथ ही ऐसी सामाजिक प्रवृत्तियाँ भी हैं जो सत्तावादी राजनीतिक कल्पना और भय के सामाजिक–ऐतिहासिक–अस्तित्ववादी आधारों को समायोजित करती हैं।

> दृश्यमान और अदृश्य के मध्य

एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो बहुआयामी तत्वों की गति, तहों और उलझनों को अस्वीकार नहीं करता है, बल्कि न केवल मानसिक स्तर पर, बल्कि मांसपेशियों, रक्त और आवेगों में भी जो दोहराया, अनुभव किया जाता है और संचित किया जाता है, उसकी बहुलता का पता लगाता है, जिसे मैं दावे से दरारों का अभ्यास कहती हूँ। सजीव रूप से, भय की राजनीति तरलता के प्रति लचीली है। पृथक्करण केवल उपदेशात्मक और विश्लेषणात्मक हैं, और तत्वों के बीच छिद्र हैं। यह ध्यान देने योग्य है कि संस्थाएं, व्यक्ति, समूह और कंपनियां भी एकजुट और एकरेखीय कर्तृता नहीं हैं। भय की राजनीति आधुनिक राजनीति का घटक है और, एक व्यापक परिभाषा में, उन तंत्रों के समूह का प्रतीक है जो भय के परिवर्तन में मध्यस्थता करते हैं – चाहे वह सामाजिक एकजुटता के लिए प्रेरणा में उत्पन्न हो या जुटाया गया हो।

भय की व्यापकता एक राजनीतिक प्रभाव है जो सामाजिक बंधनों के गठन में एक गतिशील वेक्टर है, जबकि यह सामाजिक बहिष्कार और शत्रुता को भी वैध बनाता है। भय की राजनीति का स्पष्ट विरोधाभास लौकिक और स्थानिक मिश्रण में उलझा हुआ है। इससे मेरा तात्पर्य अन्य पहलुओं के बीच स्मृतिय सौंदर्यशास्त्रय वास्तुकलाय सैन्यीकृत शहरी नियोजन, बुनियादी ढाँचे, और उनके सामाजिक अभावय डिजिटलीकरण की प्रक्रियाएँ और समय का त्वरणय सीमाओं का अनुभव और भय की भौगोलिक स्थितिय और औपनिवेशिक और शहरी हिंसा, से है ।

भय का अनुभव शक्ति की ज्यामिति के अनुसार भिन्न होता है, जिसमें मुख्य रूप से नस्ल, लिंग और वर्ग शामिल होते हैं (जो भय और सामाजिक दुश्मनों का मैट्रिक्स बनाते हैं)। उदाहरण के लिए, उन क्षेत्रों में जहां हिंसा विशेष रूप से पुलिस के माध्यम से राज्य से निकलती है, जैसे कि ब्राजीलियाई *फेवला* में, वर्दीधारी एजेंटों का डर शहर की तुलना में काफी अधिक है, जहां सेना अक्सर सुरक्षा की भावना पैदा करती है।

भय की राजनीति की दरारों के भीतर, दो धुरी हैं: राजनीतिक–संस्थागत और सामाजिक–सांस्कृतिक–व्यक्तिपरक। पहली व्यवस्था/अराजकता बाइनरी के आधार पर राज्य और सभ्यता के बीच अंतर्निहित औपनिवेशिक संबंध से संबंधित है। यह हिंसा के एकाधिकार और सामाजिक सुरक्षा के लिए राज्य की जिम्मेदारी की धारणा के केंद्र में है; यह प्राधिकार के रूप में स्वीकार्यध्वैध के तर्क को रेखांकित करती है; यह नैतिकता और धर्मनिरपेक्षता की

>>

धारणाओं और राजनीति की उद्यमशीलता का प्रतिबिंब है। निकट रूप से संबंधित और समान स्थानिक और लौकिक प्रवाह के भीतर, सामाजिक–सांस्कृतिक–व्यक्तिपरक आयाम में कुछ तर्कसंगतता की पुष्टि करने के संज्ञानात्मक आधार और राजनीतिक निहितार्थ शामिल हैं: खतरनाक अन्यता का तर्क (जो रक्षा करने वाले राज्य की आवश्यकता पैदा करता है), प्रभावों के साथ शत्रुता की राजनीति और क्रोधित राजनीतिक ध्रुवीकरण से संबंधितय डिजिटलीकरण प्रक्रियाओं में निगरानी प्रौद्योगिकियों का कार्यान्वयन और स्वतंत्रता में कटौती करने की एक निश्चित इच्छाय उच्च मीडिया प्रतिलिपि प्रस्तुत करने योग्यता के साथ भय और हिंसा की छवियों का सौंदर्यपूर्ण उत्पादन।

भय की राजनीति की वैचारिक रूपरेखा एक व्यापक परिप्रेक्ष्य से चरम दक्षिणपंथ के उदय और अधिनायकवाद के लोकप्रिय पालन पर चिंतन की अनुमति देती है। यह दृष्टिकोण समय के साथ चरम दक्षिणपंथ के उद्भव और दृढ़ता, कट्टरवाद या उसके पालन में उतार–चढ़ाव और इस प्रकार दुनिया भर में आश्चर्यजनक चुनावी जीत से परे सामाजिक–राजनीतिक मील के पत्थर के रूप में इसके परिणामों को समझने से संबंधित है। सार्वजनिक जीवन और राजनीतिक अनुभव कैसे प्रभाव पैदा करते हैं और संगठित करते हैं, इस पर चिंतन सामाजिक पालन के लिए समर्थन के रूप में काम करेगा। कैथ्या अरुजो से प्रेरित होकर, मैंने पहले बुनियादी सामाजिक–अस्तित्ववादी स्थिरकों की पहचान की है जो समकालीन समय में चरम दक्षिण पंथी विचारों की अपील को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

> सत्तावादी सामाजिक–अस्तित्ववादी स्थिरक

औपनिवेशिक राज्य संरचनाओं वाले क्षेत्रों की सामूहिक कल्पना में अधिकार और दक्षता की धारणाओं के बीच का संबंध अधिनायकवाद को आत्मसात करने के लिए बुनियादी है। राज्य की नस्लीय संरचना, क्षेत्रीय प्रभुत्व के रूप में बल और हिंसा के उपयोग और उपनिवेशवादियों और उपनिवेशवादियों के बीच अंतर के व्यक्तिपरक मार्करों में अन्यता के अपराधीकरण की एक ऐतिहासिक गतिशीलता दिखाई देती है। जब हम ब्राजील को देखते हैं, तो यह उल्लेखनीय है कि कैसे इसका ऐतिहासिक गठन गुलाम विद्रोहियों के दमन के आधार पर सत्ता की प्रभावशीलता की इस समझ के निर्माण को प्रदर्शित करता है। यह स्वीकार करते हुए कि यह व्यापक भय मूलभूत है और सामाजिक संबंधों को कायम रखता है, हमें लोकतंत्र की आड़ में भी, सत्ता (अधिनायकवाद) के प्रयोग के तरीकों में बदलाव के बारे में सोचने की अनुमति देता है। नवउदारवाद के साथ सत्तावाद की अनुकूलता, इसके अलावा, सत्तावादी प्रथाओं के व्यापक विस्तार को दर्शाती है, जो, सबसे अंतरंग और व्यक्तिगत से लेकर व्यापक सामाजिक संबंधों तक, जीवन के कई क्षेत्रों में प्रकट होती है।

स्वयं और दूसरों की छवियों के निर्माण की प्रक्रिया में, साथ ही शहरी स्थानों के उद्भव में क्षेत्रीयता की गतिशीलता में भय की भूमिका, इस विचार को सही ठहराती है कि भय एक उपनिवेशवादी प्रभाव है जो शहर में विभाजन को अद्यतन करता है, जैसा कि व्लादिमीर सफाटल ने मूल रूप से कहा था। क्षेत्र एक ऐसा दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं जिसके माध्यम से सामाजिक व्यवस्थाओं की पहचान की जा सकती है। भय और स्थानिकता के बीच दोनों दिशाओं में सशक्त निहितार्थ हैं, जिसमें वास्तुकला, शहरी नियोजन और खतरे और हिंसा के ''वाहक'' के रूप में निम्नवर्गीय समूहों का प्रतिनिधित्व (और स्थान) शामिल है। इस स्थानिकता के कुछ परिणाम चारदीवारी वाले शहरों, गेटेड समुदायों या सैन्यीकृत शहरी नियोजन में देखे जा सकते हैं। महानगर का अस्तित्व अपने आप में दिखाई नहीं देता है: अदृश्य और दृश्य के बीच के अंतर को प्रकट करने के लिए कॉलोनी की आवश्यकता होती है। इसी दृष्टिकोण से शहरीकरण की प्रक्रिया को भय के भूगोल और नस्लवाद पर आधारित खतरनाक अन्यता के अपराधीकरण के रूप में समझा जाता है।

दुनिया की परिधि पर स्थित देशों में नगरीय समाजशास्त्र से पता चलता है कि मीडिया और दैनिक बातचीत के माध्यम से लोगों के बीच असुरक्षा की भावना के साथ–साथ अपराध की वास्तविक उपस्थिति भी मौजूद है। सैन्यीकृत शहरी नियोजन के सौंदर्यशास्त्र का अनुसरण करते हुए, बाड़ और दीवारों को मजबूत किया गया है, जिससे शहर को न केवल सुरक्षा और पृथक्करण के कारणों से ही नहीं बल्कि सौंदर्यशास्त्र और स्थिति के कारणों से भी व्यवस्थित किया जा रहा है। यह हमें सामाजिक असमानताओं को बनाए रखने और गहरा करने तथा सामाजिक असमानताओं को दूर करने के लिए शहरी हिंसा की मध्यस्थता के महत्व पर विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

एक और महत्वपूर्ण स्थिरक जो अच्छाई (हम) और बुराई (उन्हें) की मनिचियन आधार को सही ठहराता है, नैतिकता, धार्मिकता और तर्कसंगतता के संबंधों से संबंधित है। इन संलयनों का परिणाम – जिसमें धर्म, राज्य और तर्कसंगतता शामिल है – न केवल मानदंडों और संस्थानों के चरित्र को संदर्भित करते हैंय वे ऐसे तत्व हैं जो सामूहिक अंतर्संबंधों और साझा संवेदनाओं के उत्पादन को गति प्रदान करते हैं। इस ऐतिहासिक क्षण में, जब हम पहले से ही ''सभ्यता'' और ''पालतूकरण'' के सकारात्मक अर्थ से काफी परिचित हैं, हम कह सकते हैं कि महिलाएं और उपनिवेशित और गुलाम आबादी पितृसत्ता के अधिक तात्कालिक लक्ष्य ('विचलित') बनना जारी रखते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चरम दक्षिणपंथ की प्रतिक्रियाशीलता को मर्दाना, श्वेत, विषमलैंगिक पौरुष का दावा करने वाली और सैन्यीकृत हिंसा के रूप में चित्रित किया गया है, जिसमें वे ''लिंग विचारधारा'' के प्रति अपनी घृणा को शामिल करते हैं। यह सच है कि घरेलू स्थान के प्रतिबंध से लेकर सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने तक महिलाओं के विस्थापन ने पुरुषत्व के भीतर अस्तित्व संबंधी भय पैदा कर दिया है।

> सत्तावादी कल्पना और सामाजिक प्रवृत्तियाँ

इसके अलावा, यह तीन समकालीन सामाजिक प्रवृत्तियों, जो सत्तावादी कल्पना के उदय को समायोजित करने वाले सामाजिक–अस्तित्ववादी एंकर का गठन करती हैं, को उजागर करना उचित होगा। यह हैं वैयक्तिकरण, डिजिटलीकरण, और तात्कालिकता की भावना। पहली, अजनबी के आतंक से प्रेरित आधुनिक विषय से संबंधित है। दूसरे के साथ मुठभेड़ स्वयं की व्यवस्था को अस्थिर कर देती है। व्यक्ति एक ऐसी दुनिया में रहता है जो परेशान करने वाली है और इसलिए कलाकृतियों को अन्य, जिसे एक घुसपैठिया, एक घोषित खतरे के रूप में देखा जाता है, से सुरक्षा के रूप में देखती हैं। इस अर्थ में, सामाजिक बंधन भय से संचालित होते हैं – आर्थिक रूप से संरचित – जहां राज्य का अधिकार गारंटी देता है कि समाज में जीवन एक खतरनाक भेद्यता नहीं है। वैयक्तिकरण के चिह्न को, इसकी कट्टरपंथी अभिव्यक्ति में, ''स्वयं की उद्यमिता'' के माध्यम से उदाहरण दिया जा सकता है।

दूसरी प्रवृत्ति, डिजिटलीकरण, छवि प्रवेश की शक्ति से संबंधित है, जो यथार्थ में बढ़ रही है जहां समय का त्वरण एक बुनियादी विशेषता है। डिजिटलीकरण सूचना के उच्च प्रवाह, संचार और संबंधों के लिए निहितार्थ के साथ तकनीकी प्रगति, अल्पावधि में बिखरा हुआ ध्यान, कई संभावनाओं को समायोजित करता है, और इस प्रकार छवि की तात्कालिक शक्ति को बनाए रखता है। छवि में ''प्रतीकात्मक प्रभावकारिता'' है, जिसका अर्थ है कि इसमें पहले से ही सामग्री है और यह तुरंत उन संकेतकों के संबंध में अर्थ उत्पन्न

>>

करती है जो स्वयं की काल्पनिक एकता बनाते हैं। समाज के डिजिटलीकरण के साथ जुड़ी हुई, छवि की केंद्रीयता, जिसका स्वयं भाषा और विचारों के प्रसार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सत्तावादी, नस्लवादी, मर्दाना प्रदर्शनों की सूची तैयार करने वाली छवियों का संयोजन, विभिन्न माध्यमों से, उस काल्पनिकता में एकीकृत किया जाता है जिसका चरम दक्षिणपंथ दावा करता है और बढ़ाता है।

अंत में, समकालीन पूंजीवाद में, हम समय के आनुपातिक त्वरण के साथ तकनीकी विकास के विरोधाभास में रहते हैं जो समय की कमी के कारण निरंतर तात्कालिकता की स्थिति की ओर ले जाता है। परिवहन, संचार और विशेष रूप से उत्पादन की बढ़ती गति को देखते हुए, जो समय की प्रचुर अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करता प्रतीत होता था, वह इसकी समाप्ति में बदल गया है। आधुनिकता के त्वरण का तात्पर्य एक सामाजिक डीसिंक्रनाइजेशन से है, जहां व्यक्ति हमेशा खुद को देर से आने वाला समझते हैं और अवसरों से चूक जाने से डरते हैं। देरी की यह भावना दो रणनीतियों को बढ़ावा देती है जो चरम दक्षिणपंथ के लिए केंद्रीय प्रतीत होती हैं। पहली यह धारणा है कि हर चीज एक ''अल्टीमेटम'' है: ''हमें कार्य करना चाहिए, और हमें अभी कार्य करना चाहिए,'' भविष्य की परियोजना के विस्तार के लिए कोई समय नहीं है। दूसरा संस्थानों और उनके तंत्र के अप्रचलन को इंगित करता है जो बढ़ती जरूरतों के सामने धीमे साबित होते हैं। ये आयाम हेल्मुट रोजा द्वारा प्रतिबिंबित समय त्वरण की गतिशीलता से उत्पन्न होते हैं, जो स्थान–समय की सामूहिक और व्यक्तिगत समझ को प्रभावित करता है। यदि व्यक्तिगत इच्छाओं के बावजूद, सामाजिक संरचनाओं के माध्यम से तात्कालिकता की भावना से काम करना थोपा जाता है, तो हम कह सकते हैं कि इसमें एजेंसी के साधन मौजूद हैं।

> अंतिम नोट्स

भय ने पूरे इतिहास में संवेदनशीलता और शारीरिकता के साथ एक निद्राहीन और गतिशील रिश्ते में विवेकपूर्ण मैट्रिक्स (भाषाओं) को प्रभावित करके व्यक्तिपरकता का उत्पादन और आकार दिया है। डर के संरचनात्मक और ढांचागत तत्व इतिहास में मौजूद हैं, लगातार खुद को नया रूप दे रहे हैं और पारस्परिक संबंधों को पुनर्गठित कर रहे हैं। डर की नीति के उपकरण और एंकर सत्तावादी प्रथाओं के औचित्य के रूप में जुटाए जाते हैं, चाहे पारस्परिक संबंधों में, समूहों में, या समाज और राज्य के बीच। भय का फैलाव और बहुआयामीता आश्चर्यजनक है, जो एक ऐसे सामाजिक पहलू को उजागर कर रही है जिसे अलग करना मुश्किल है; कई दृश्य और अदृश्य परतें हैं, जो पारस्परिक रूप से स्थायी आंदोलन में भय से संबंधित हैं। राजनीतिक प्रभाव के रूप में भय उपकरणों की बहुलता के गहराने से यह एहसास हुआ है कि वे वर्चस्व और सामाजिक नियंत्रण की रणनीतियों के लिए एजेंसी और साधन हैं, जो बातचीत के रूपों और व्यक्तिपरक संविधानों को प्रभावित करते हैं। ■

सभी पत्राचार लारा गोंकाल्वेस सार्टोरियो को <larasartorio@iesp.uerj.br> पर प्रेषित करें।

> नवउदारवादी पूंजीवाद के प्रतिरोध के रूप में जल संघर्ष

मैडेलाइन मूर, बीलेफेल्ड विश्वविद्यालय, जर्मनी द्वारा

वार्रगाम्बा बांध. क्रेडिट: आईस्टॉक, जेटर, 2022

सहस्राब्दी सूखे के दौरान ऑस्ट्रेलिया में बड़े होने पर, जल – या इसकी कमी – सर्वव्यापी थी। अब जबकि मैं पिछले दशक के अधिकांश समय उत्तरी यूरोप में रहा हूँ, घटते भूजल, सूखे और प्रवाहहीन नदियों पर चर्चा की बढ़ती आवश्यकता चिंताजनक रूप से सुपरिचित लगती है। अल्पसंख्यक दुनिया के अधिकांश लोगों के लिए, जल वह है जिसका महत्व हम नहीं समझते हैं। जब जल अनुपस्थित होता है, जब यह बहना बंद कर देता है, या जब उसका प्रवाह इतना प्रदूषित होता है कि यह असुरक्षित होता है, तब हम उन असंख्य तरीकों पर ध्यान देना शुरू करते हैं जिनसे हम जल पर निर्भर होते हैं और जिन तरीकों से यह वैश्विक राजनीतिक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। जल, इसकी उपस्थिति या अनुपस्थिति, न केवल यह निर्धारित करती है कि हम कैसे और कहाँ रह सकते हैं, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि कौन जीवित रहेगा, कहने का तात्पर्य यह है कि हम इसके बिना नहीं रह सकते।

> किसी भी समाधान के केंद्र में आम भलाई होनी चाहिए

जल के प्रति ऐसा विमुख संबंध सार्वभौमिक से बहुत दूर है; कई स्वदेशी समुदाय जल को जीवन के रूप में, हमारे अंश के रूप में और इस प्रकार वह जिसका वस्तुकरण नहीं किया जा सकता है, के रूप में समझते हैं। 2 अरब से अधिक लोग, जो स्वच्छ पेयजल तक पहुंच के बिना रहते हैं, और दुनिया की 25 फीसदी आबादी जो जल–तनावग्रस्त वातावरण में रहती है, के लिए जल स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं है जिसे महत्वहीन माना जाये। दुनिया भर के जल कार्यकर्ता ''जल जीवन है'' के आम आह्वान के तहत एकजुट हुए हैं और मांग कर रहे हैं कि जल को एक आम भलाई के रूप में समझा जाए जो चल रहे पारिस्थितिक संकट की किसी भी सफल प्रतिक्रिया के केंद्र में है।

वैश्विक जल संकट का सामना करने के बावजूद, जल और उससे संबंधित सेवाओं और बुनियादी ढांचे का वस्तुकरण, निजीकरण, व्यावसायीकरण और तेजी से वित्तीयकरण जारी है। इन प्रक्रियाओं को संकट के कारणों के बजाय समाधान के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उदाहरण के लिए, हाल के संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन– 50 से अधिक वर्षों में पानी के लिए समर्पित पहला संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन– के परिणामों में वित्तपोषण अंतर को भरने के लिए निजी क्षेत्र को और अधिक संगठित करने का आह्वान सम्मिलित था। और जबकि अंतरराष्ट्रीय निगमों, जल कंपनियों और वित्त संस्थानों को स्वैच्छिक प्रतिज्ञा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और इस बात पर चर्चा में शामिल किया गया कि जल प्रबंधन को हरित (अब शायद नीला भी?) वित्त और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कैसे एकीकृत किया जा सकता है, कई जल कार्यकर्ता और गैर सरकारी संगठन को आमंत्रित नहीं किया गया।

> जीवन–निर्माण बनाम लाभ–अर्जन: वस्तुकरण का प्रतिरोध

मेरी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक *वाटर स्ट्रगल्स ऐज रेसिस्टेंस टू निओलिबरल कैपिटलिज्मः ए टाइम ऑफ रिप्रोडक्टिव यूनरेस्ट*, मैं वैश्विक जल संकट और उन तरीकों का पता लगाती हूँ जिनसे ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड गणराज्य में समुदायों ने जल वस्तु सीमा के विस्तार का विरोध किया है। मैं एक निगमित तुलना का उपयोग करती हूं जहां पानी पर संघर्ष को एक वाहन के रूप में उपयोग किया जाता है जिसके माध्यम से इस विशिष्ट संयोजन को सुसंगतता प्रदान की जाती है; एक संयोजन जो समवर्ती आर्थिक, पारिस्थितिक और सामाजिक पुरुत्पादन संकटों से चिह्नित था, वैश्विक जल संकट जिसका एक पहलू है।

पुस्तक में दो केंद्रीय फोकस हैं। पहला, पूंजीवादी संचय के लिए स्वामित्वहरण (जल, प्रकृति और सामाजिक पुनरुत्पादन का) की महत्वपूर्ण भूमिका है। दूसरा, इस गतिकी के प्रत्युत्तर में एजेंसी के उभरने वाले रूप। आयरलैंड में जल शुल्क के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया में अपरंपरागत गैस विस्तार के प्रतिरोध को बातचीत में लाते हुए, मैं जीवन–निर्माण और लाभ–अर्जन के बीच तनाव का पता लगाती हूं जो नई जल वस्तु सीमा को परिभाषित करता है ।

मेरा तर्क यह है कि प्रत्येक जल हड़प प्रणाली के एक अलग, चाहे अंतर–संबंधित, पहलू को दर्शाता है जो जीवन–निर्माण की क्षमता को कमजोर करता रहता है। दोनों मामलों में, 2008–2010 के वित्तीय संकट के बाद उभरे मौजूदा संचय संकटों को हल करने के लिए जल संसाधनों या सामाजिक प्रजनन बुनियादी ढांचे के रूप में पानी को संचय स्थलों के रूप में फिर से कल्पना की गई थी। ऑस्ट्रेलिया में, प्रकृति को 'टैप एंड सिंक' के रूप में नियोजित किया गया था, जहां आर्थिक विकास जीवाश्म ईंधन, खनन और कृषि के रूप में इसके निरंतर स्वामित्वहरण पर निर्भर था। इस बीच, आयरलैंड में, बैंक बेलआउट के बाद सार्वजनिक बजट को फिर से संतुलित करने के लिए सार्वजनिक जल सेवाओं को पुनर्गठन के लिए लक्षित किया गया था, और श्रमिक वर्ग के समुदायों को इसके परिणाम भुगतने पड़े।

>>

> अप्रभावी संकट प्रबंधन के रूप में 'गोलाकार निर्धारण'

हालाँकि, पुस्तक का एक प्रमुख तर्क यह है कि इस तरह से कार्य करने से संभावित आर्थिक संकटों का समाधान नहीं हुआ। बल्कि, स्वामित्वहरण और पुनर्कल्पना को उन स्थितियों में स्थानांतरित कर दिया गया जो संचय को संभव बनाती हैं: सामाजिक पुनरुत्पादन, प्रकृति और तेजी से राज्य। डेविड हार्वे की स्थानिक निर्धारण की अवधारणा को लेते हुए और सामाजिक पुनरुत्पादन सिद्धांत के माध्यम से इसे पढ़ते हुए, मैं यह दिखाने के लिए एक गोलाकार निर्धारण की धारणा विकसित करती हूं कि संकट प्रबंधन के एक रूप के रूप में इन क्षेत्रों के बीच संकटों को कैसे स्थानांतरित किया जाता है। आयरलैंड में, आर्थिक संकट का श्रमिक वर्ग समुदायों के लिए सामाजिक पुनरुत्पादन के संकट में परिवर्तित करके ''समाधान'' किया गया था। ऑस्ट्रेलिया में, निर्यात के लिए जीवाश्म ईंधन के तीव्र निष्कर्षण के माध्यम से पारिस्थितिक संकट को बढ़ावा देकर और फिर बाद में उन्हीं जलक्षेत्रों पर निर्भर ग्रामीण समुदायों की सामाजिक पुनरुत्पादन क्षमता को कम करके संभावित आर्थिक संकट को रोका गया था। इस प्रकार एक गोलाकार निर्धारण का यह विचार प्रकृति और सामाजिक रूप से पुनरुत्पादित श्रम के स्वामित्व, यानी वैश्विक जल संकट की प्रमुख गतिशीलता, पर इन संचय व्यवस्थाओं की निर्भरता को भी उजागर करता है।

फिर भी प्रत्येक मामले में, ग्रामीण और श्रमिक वर्ग समुदायों पर अंतरराष्ट्रीय पूंजी के पुनरुत्पादन को प्राथमिकता देकर, पूंजी संचय के लिए आवश्यक राजनीतिक संस्थानों को अस्थिर कर दिया गया। राजनीतिक और आर्थिक हितों के स्पष्ट ओवरलैप के कारण विकल्पों के लिए औपचारिक राजनीतिक अवसरों का बंद होना और मौजूदा यथास्थिति में निपटान योग्य लोगों के बीच असंतोष बढ़ना दोनों देखा गया। आर्थिक संकट अब राजनीतिक संकट का रूप भी लेने लगे थे। संघर्ष की प्रक्रिया में, विध्वंसक तर्कसंगतताएँ उभरीं जो पहले जो हुआ था उससे असंगत थींय संघर्ष के माध्यम से समुदायों का नए सिरे से राजनीतिकरण होने से राजनीतिक भूभाग का पुनर्निर्माण हुआ।

> बढ़ते सामाजिक संघर्ष और वर्ग विरोध के दो उदाहरण

ऑस्ट्रेलिया में, पानी को निजी संपत्ति के बजाय सामूहिक के रूप में पुनर्परिभाषित करके, ग्रामीण समुदाय समाज और प्रकृति की एक अलग समझ का मुकाबला कर रहे थे जो ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट कमोडिटी फ्रंटियर के औपनिवेशिक विस्तार का केंद्र था। पानी और समुदायों को सह–घटक के रूप में समझने से भूमि के स्वामित्व के प्रश्नों को निजी संपत्ति से अलग करना आवश्यक हो गया, जिससे बेदखली के प्रश्न उठे और टेरा नुलियस की समस्या उत्पन्न हुई । इन सामाजिक आंदोलनों में राज्य और बाजार के प्रमुख तर्कों के साथ असंगति उभरी, साथ ही पारिस्थितिक आधार पर वर्ग विरोध भी उभरा। जल को विवादित सामाजिक संबंधों के समूह के रूप में समझा जाने लगाय और लोगों की वर्ग स्थिति समाज में एक स्तरीकृत स्थिति के बजाय, स्वामित्व की इन प्रक्रियाओं के साथ उनके संबंध से निर्धारित होती थी।

आयरलैंड में, सामाजिक पुनरुत्पादन के बुनियादी ढांचे के रूप में पानी पर ध्यान तेजी से राज्य और संबंधित संस्थानों, विशेष रूप से प्रतिनिधित्वात्मक लोकतंत्र की व्यापक आलोचना में विकसित हुआ। सामाजिक पुनरुत्पादन और संबंधित बुनियादी ढाँचे के रूप में पानी को सामान्य, सामूहिक अधिकार के रूप में समझा गया, जिसे पूंजी संचय का लक्ष्य नहीं बनाया जाना चाहिए। हालाँकि, इन दावों के माध्यम से, इस सामूहिक अधिकार के लिए राज्य की सीमित क्षमता और रुचि अधिक ध्यान में आईः राज्य की भौतिक सीमाओं का मतलब था कि भले ही पानी के अधिकार जैसे अधिकारों का कागज पर विस्तार किया गया हो, वे प्राप्त नहीं किये जा सकते थे। आयरिश राज्य और वैश्विक वित्तीय पूंजी के सर्किट में इसकी अंतर्निहितता का मतलब था कि यह श्रमिक वर्ग के हितों की प्राप्ति का विरोधी बना रहेगा।

> विध्वंसक तर्कसंगतताओं के लिए स्थानः पुनरुत्पादन संबंधी बेचैनी

प्रत्येक सामाजिक संघर्ष की प्रक्रिया में अस्थायी गठजोड़ से अधिक उभरेय स्वामित्वहरण के एक सामान्य संबंध ने समुदायों के भीतर और भीतर एकजुटता की अनुमति दी। दोनों आयरिश और ऑस्ट्रेलियाई समुदायों ने नवउदारवादी पूंजीवाद के एक प्रमुख विरोधाभास का उदाहरण दियाः लाभ कमाने और जीवन–निर्माण के लिए आवश्यक स्थितियों की बढ़ती असंगतता। पर्यावरण–समाजवादी और सामाजिक पुनरुत्पादन सिद्धांत के साथ बातचीत के माध्यम से इन संघर्षों का विश्लेषण करने में घर, प्रकृति और पड़ोस को शामिल करने के लिए वर्ग संघर्ष के क्षेत्र को विस्तृत किया गया।

वैश्विक जल संकट के भीतर इन संघर्षों का पता लगाते हुए और विरोधाभास के बिंदुओं से शुरू करते हुए, मैं तर्क देती हूं कि पानी पर संघर्ष पूंजीवादी पुनरुत्पादन की प्रक्रियाओं को बाधित करता है और विध्वंसक तर्कसंगतताओं के लिए जगह खोलता है। ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड में, जो उभर कर आया है वह पुनरुत्पादन संबंधी बेचैनी का समय है। जैसा कि मैंने पूरी किताब में दिखाया है, वैश्विक जल संकट केवल किसी संसाधन तक पहुंच या प्रबंधन के बारे में नहीं है। वे सामाजिक रिश्ते और संस्थाएं, जो पानी को हड़पने और संकट उत्पन्न होने की इजाजत देते हैं, दांव पर हैं। ■

सभी पत्राचार मेडेलाइन मूर को <madelaine.moore@uni-bielefeld.de> पर प्रेषित करें।

ISA PUBLICATIONS



GLOBAL DIALOGUE

ISA International Sociological Association

https://globaldialogue.isa-sociology.org/

@isagdmag

www.isa-sociology.org